धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, बुधवार

18.10.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12 आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 98 khabarmantra.net



**कूष्मांडा**



सुरा सम्पूर्ण कलशं
रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां
कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

उष्मा कूष्मा अर्थात त्रिविध ताप युक्त संसार जिनके उदस में स्थित है। वह देवी भगवती कूष्मांडा कहलाती हैं। यह मां का चौथा स्वरूप है। अपनी मंद, हल्की हंसी से अण्ड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था, तब तो कूष्मांडा ने अपने ईषत् हास्य से ब्रह्मांड की रचना की। इसलिए यही सृष्टि का आदि स्वरूपा, आदि शक्ति हैं। इनके पहले ब्रह्मांड का अस्तित्व ही नहीं था। इन्हें मालपुआ अर्पित कर अपनी बुद्धि और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार किया जा सकता है।

# हजारीबाग के लोटवा डैम में डूबने से छह बच्चों की मौत

- इलाके में मातम, राज्यपाल, सीएम समेत सभी ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में नहाने के दौरान डूबने से छह बच्चों की मौत हो गयी। एक अन्य बच्चे को किसी तरह बचाया गया। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे हजारीबाग के माउंट एगमॉन्ट स्कूल के प्लस टू के छात्र थे। अपने घर से स्कूल जाने के लिए निकले, लेकिन स्कूल नहीं पहुंच कर सभी हजारीबाग से लगभग 15 किलोमीटर दूर नहाने और मस्ती करने के उद्देश्य से डैम पहुंच गये। डैम में नहाने के दौरान यह हादसा हो गया। मृत सभी छह बच्चों के शव बरामद कर लिये गये हैं। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा शोक जताया है। आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपायुक्त निर्देश दिया है कि पीड़ित परिजनों को सहायता पहुंचायें।

**पिकनिक मनाने पहुंचे थे स्कूली बच्चे :** जानकारी के अनुसार नेशनल पार्क के सालपर्णी जंगल से सटे लोटवा डैम में पिकनिक मनाने बच्चे पहुंचे थे। वे सभी माउंट एगमॉन्ट स्कूल के छात्र थे व स्कूल बंक करके तीन बाइक पर सवार होकर वहां पहुंचे थे। पहले एक दूकान से खाने का कुछ सामान खरीदा व डैम के करीब रुके। कुछ देर बाद वे सभी डैम में नहाने उतर गये। नहाने के दौरान ही यह हादसा हो गया। पहले दो छात्र नहाने के लिए पानी में उतरे और गहरायी में चले गये। उनको डूबता देख पांच अन्य उनकी मदद की लिए उतरे और एक को छोड़ चार अन्य भी डूब गये। सोनू कुमार किसी तरह बाहर निकला और चीखने लगा। हो हल्ला और चीख सुनकर स्थानीय पहुंचे और लोगो को घटना की जानकारी हुई। बाद में स्थानीय लोग, प्रशासन व ऐनडीआरएफ की टीम की मदद से छह बच्चों के शवों को पानी से निकाला गया।

## स्कूल न जाकर सात बच्चे पिकनिक मनाने पहुंचे थे डैम

### डूबने वाले बच्चों के नाम

रजनीश पांडेय (पिता राजीव पांडेय, ओकनी हजारीबाग), सुमित कुमार (पिता विजय साव रोमी पेलावल), मयंक कुमार सिंह (पिता अशोक सिंह, मटवारी हजारीबाग), प्रवीण गोप (पिता द्वारिका गोपी, दिपुगढ़ा हजारीबाग), ईशान सिंह (पिता मुकेश सिंह, भूसाई इचाक हजारीबाग), शिवसागर रजक (पिता शंकर रजक, पेटो झुमरा हजारीबाग) शामिल है। वहीं कूद के सोनू कुमार को बचा लिया गया है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।



हादसे की सूचना के बाद डैम पर जुटे लोग।

### राज्यपाल और सीएम दुखी

हादसे पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दुख जताया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद और पीड़ादायक बताया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि छह के डूबने की दुःखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस विकट घड़ी में सहन करने की शक्ति दें। राज्यपाल ने ट्वीट कर कहा कि उनके परिवारजनों के प्रति मैं गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। ईश्वर उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## न्यूज डायरी

### दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट से 11 की मौत

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में मंगलवार को दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से नौ महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गयी। दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### इजराइल को ईरान ने दी मजहबी युद्ध की धमकी

**इजराइल।** हमास में जारी जंग के बीच ईरान ने मजहबी युद्ध वाली धमकी दी है। शीर्ष नेता अयातुल्लाह खामेनेई ने कहा कि गाजा पर हमले जारी रहे तो दुनिया भर के मुसलमान जंग में उतरेंगे।

### अस्पताल के पांचवें तल्ले से कूदी महिला की मौत

**रांची।** सदर अस्पताल के पांचवें तल्ले से मंगलवार को रामगढ़ के शहदेव मंडल की पत्नी सुनीता उर्फ सुमंती देवी अचानक कूद गयी। गंभीर स्थिति में महिला को रिम्स रेफर किया गया, जहां मृत हो गयी

### दो को गिरिडीह आयेंगे बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री

**गिरिडीह।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश धीरेंद्र शास्त्री का दरबार गिरिडीह में दो और तीन नवंबर को सजेगा। यह कार्यक्रम गिरिडीह के दुखिया महादेव (दुखहरणनाथ धाम) में होगा। प्रशासन अभी से ही तैयारी की जानकारी ले रही है।

### छवि रंजन की जमानत पर 20 को सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाले में निलंबित आइएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर मंगलवार को इडी कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष लोक अभियोजक ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने जमानत पर बहस के लिए 20 की तिथि तय की।

### अमर बाउरी को मिला नेता प्रतिपक्ष का दर्जा

**रांची।** भाजपा विधायक अमर बाउरी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा मिल गया है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर की अधिसूचना के अनुसार बाउरी को 16 अक्टूबर की तिथि से ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया गया है।

# मैनहर्ट घोटाले में हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

## 28 नवंबर को फिर होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीइ (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआइआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीइ की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गयी थी।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीइ दर्ज की थी, लेकिन अब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आयी है। इस पर कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके आलोक में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि मामले में अभी जांच चल रही है। एसीबी की ओर से बताया गया कि इस मामले की जांच जारी रखने के संबंध में राज्य सरकार से लीगल ओपिनियन मांगा गया है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया कि लीगल ओपिनियन मांगे जाने का मामला सरकार के पास 1 साल से अधिक समय तक लंबित है।

### सरयू राय ने लगाये थे गंभीर आरोप

उल्लेखनीय है कि सरयू राय ने मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिये जाने में 21 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था। इसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने पर सरयू राय ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी ओर से कहा गया है कि ढाई साल बीतने के बाद भी मैनहर्ट घोटाला मामले में पीइ में क्या आया, यह अब तक पता नहीं चला है।

## वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन में खामी न रहे : सीएम

# भव्य और सफल आयोजन कराना झारखंड सरकार की प्राथमिकता

### समीक्षा बैठक

- 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होगी वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ रांची की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। सीएम ने कहा कि भव्य आयोजन झारखंड सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें कोई खामी नहीं रहनी चाहिए।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए देश-विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ऐसे में मेहमानों की अच्छी खातिरदारी से झारखंड की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने रांची की मेजबानी में आगामी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों की बिंदुवार विस्तृत जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रखी। (शेष पेज 11 पर)

### मिशन मोड में हो प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का भव्य आयोजन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यह आयोजन राज्य सरकार के खेल के विकास के प्रति कार्यों को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस चैंपियनशिप के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। इसका पूरा ध्यान रखें। इस चैंपियनशिप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो। इस निमित्त मेकैनिज्म तैयार कर जल्द प्रचार-प्रसार शुरू करें। हॉकी चैंपियनशिप का प्रचार-प्रसार मिशन मोड में सुनिश्चित करें। प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट एलइडी स्क्रीन्स पर सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम के अंदर एवं बाहर जितनी एलइडी स्क्रीन्स लगी हैं, उनकी गुणवत्ता में सुधार करें। उन्होंने कहा कि वैसे वृक्ष जो स्टेडियम की सुंदरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं उनकी ट्रीमिंग भी की जाये। स्टेडियम के अंदर और बाहर साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें।



**सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी स्टेडियम के आसपास क्षेत्र में जितनी एलइडी लाइट्स खराब हैं, उन्हें जल्द बदलें। चैंपियनशिप के दौरान शहर में 24गुणा 7 बिजली व्यवस्था बहाल रहे। खिलाड़ियों एवं अतिथियों के आवागमन के लिए वाहन की पर्याप्त व्यवस्था करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टेडियम की तैयारी, विभिन्न कनेक्टिविटी, अतिथियों की सुविधा, सुरक्षाए यातायात और भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा करते हुये कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम के साथ-साथ एंबुलेंस की पुख्ता व्यवस्था रखें।

# समलैंगिक शादी को मान्यता देने से इनकार

## सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों को दिये कई निर्देश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत में समलैंगिक शादी को मंजूरी देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर फैसला सुनाया। तीन-दो के आधार पर विभाजित फैसले में अदालत ने कहा कि समलैंगिक जोड़ों के लिए विवाह का कोई अयोग्य अधिकार नहीं है और इसे सिर्फ कानून बना कर ही कानूनी दर्जा प्रदान किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, एस रवींद्र भट्ट, हिमा कोहली और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने इस साल 11 मई को सुरक्षित रखा फैसला सुनाया। हालांकि, अदालत ने कहा कि फैसले से समलैंगिक व्यक्तियों के रिश्ते में प्रवेश करने के अधिकार पर रोक नहीं लगेगी।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कम वर्गीकरण के आधार पर विशेष विवाह अधिनियम (एसएमए) को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है। न्यायमूर्ति रवींद्र भट्ट, नरसिम्हा और हिमा कोहली इस फैसले से सहमत थे जबकि सीजेआई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने अलग-अलग रुख अपनाया। अपने फैसले में सीजेआई ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समुदाय के खिलाफ कोई भेदभाव न हो। सीजेआई का कहना है कि फैसलों में कुछ हद तक सहमति और कुछ हद तक असहमति है। (शेष पेज 11 पर)

**क्या बोले सीजेआइ :** सीजेआई ने कहा कि यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है। अगर विशेष विवाह अधिनियम को खत्म कर दिया गया तो यह देश को आजादी से पहले के युग में ले जायेगा। विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह संसद को तय करना है। सीजेआई ने कहा, इस न्यायालय को विधायी क्षेत्र में प्रवेश न करने के प्रति सावधान रहना चाहिए। समानता का सिद्धांत मांग करता है कि व्यक्तियों के साथ उनके यौन रुझान के आधार पर भेदभाव न किया जाये। ऐसी कोई सामग्री नहीं है जो यह साबित करती हो कि केवल एक विवाहित विषमलैंगिक जोड़ा ही बच्चे को स्थिरता प्रदान कर सकता है। सीजेआई ने कहा कि विषमलैंगिक जोड़ों को भौतिक लाभ/सेवाएं देना और समलैंगिक जोड़ों को इससे वंचित करना उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। उन्होंने सरकार को समलैंगिक अधिकारों के बारे में जनता को जागरूक करने को कहा। सरकार समलैंगिक समुदाय के लिए हॉटलाइन बनायेगी, हिंसा का सामना करने वाले समलैंगिक जोड़ों के लिए सुरक्षित घर 'गरिमा गृह' बनायेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अंतर-लिंग वाले बच्चों को ऑपरेशन के लिए मजबूर न किया जाये।

### हमले में मारा गया हमास का टॉप कमांडर

**तेलअबीब।** हमास की सैन्य शाखा कसाम ब्रिगेड ने कहा कि मध्य गाजा पट्टी में एक इजराइली हवाई हमले में उसका एक शीर्ष कमांडर मारा गया है। अयमन नोफेल अभी तक गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी में मारा गया हमास का सबसे कुख्यात आतंकवादी है। अबू मोहम्मद के नाम से पहचाना जाने वाला नोफेल मंगलवार को इजराइली हमलों में मारा गया

### भारत से हार के बाद कई पाक खिलाड़ी पड़े बीमार

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड कप में भारत के हाथों करारी हार के बाद पाकिस्तान की टीम इस समय बड़ी परेशानी में पड़ गयी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले उसके खिलाड़ी बीमार पड़ गये हैं। 20 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए बेंगलुरु पहुंची पाक टीम के अधिक खिलाड़ी वायरल बुखार से पीड़ित हो गये।

# वहीदा रहमान फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित

- अल्लू अर्जुन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, आलिया भट्ट और कृति सेनन श्रेष्ठ अभिनेत्री

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित किया। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर वहीदा रहमान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जूरी मेंबर्स का शुक्रिया अदा किया। आलिया-कृति को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड वहीं बेस्ट एक्टर के तौर पर अल्लू अर्जुन को सम्मानित किया। 24 अगस्त को फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गयी थी।



**बेस्ट फीचर फिल्म-** सरदार उधम, रॉकेट्री-द नांबी इफेक्ट्स, बेस्ट एक्टर-अल्लू अर्जुन (पुष्पा- द राइज)। बेस्ट एक्ट्रेस-आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी), कृति सेनन (मिमी)। बेस्ट डायरेक्शन-निखिल महाजन मराठी फिल्म गोदावरी। बेस्ट सपोर्टिंग- एक्ट्रेस-पल्लवी जोशी (द कश्मीर फाइल्स)। बेस्ट सपोर्टिंग- एक्टर-पंकज त्रिपाठी (मिमी)। बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन- डीएसपी (पुष्पा और आरआरआर)। नरगिस दत्त अवॉर्ड राष्ट्रीय एकता सर्वश्रेष्ठ फिल्म- द कश्मीर फाइल्स। बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइनर- सरदार उधम सिंह। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन- सरदार उधम सिंह। बेस्ट एडिटिंग- गंगूबाई काठियावाड़ी। बेस्ट कोरियोग्राफी- आर आर आर। बेस्ट सिनेमामोटोग्राफी- सरदार उधम सिंह। बेस्ट मेल सिंगर- काल भैरव। बेस्ट फीमेल सिंगर-श्रेया घोषाल।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# अपने भक्तों को मनोवांछित फल देती हैं मां तारा

## तारापीठ : सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य-आरोग्य और ज्ञान-साधना का केंद्र

**सत्येन्द्र**

**रांची।** शारदीय नवरात्रि का हर दिन मां को समर्पित है। नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों तक घरों, मंदिरों में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भक्त मां भगवती से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नवरात्रि में मां तारा की पूजा और साधना करना बहुत ही पुण्य फलदायी माना जाता है। तारने वाली कहने के कारण माता को तारा कहा जाता है। तारापीठ में आद्या देवी शक्ति की अवतार मां तारा विराजती हैं। इस स्थल की मान्यता एक जाग्रत शक्ति पीठ एवं तंत्रपीठ के रूप में है, जहां आराधकों और साधकों की विनती शीघ्र सुनी जाती है। मां तारा सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य-आरोग्य व ज्ञान-साधना की देवी मानी जाती हैं। हजारों श्रद्धालु यहां तारा मां के दर्शन को आते हैं एवं भक्ति पूर्वक पूजन-अर्चन कर मनोवांछित फल पाते हैं। 51 शक्तिपीठों में से 5 शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित हैं। इनमें तारापीठ प्रमुख है। (शेष पेज 11 पर)



**यह है 51 शक्तिपीठों की कहानी :** धार्मिक कथाओं के अनुसार जब माता सती ने पिता के द्वारा भगवान शिव के अपमान पर यज्ञ कुंड में कूदकर अपनी जान दे दी, तो भगवान शिव प्रचंड गुस्से में आ गये। उन्होंने माता के मृत शरीर को कंधे पर लेकर महातांडव शुरू कर दिया। इससे ब्रह्मांड के विनाश का खतरा पैदा हो गया। ब्रह्मांड को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने माता सती के शव को अपने चक्र से टुकड़ों में काट दिया। जहां-जहां माता सती के शरीर के टुकड़े वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां शक्तिपीठ अस्तित्व में आया हैं। ये शक्तिपीठ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठ बताये गये हैं।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक

# हाइकोर्ट से सीएम को राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की ओर से सरायकेला खरसांवा के आदित्यपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। प्रार्थी ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

सीएम ने दायर याचिका में कहा है कि वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान वह अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गये थे। उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया था। हालांकि उनपर इसका आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसकी सुनवाई पूर्वी सिंहभूम की निचली अदालत में चल रही है। प्रार्थी ने अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने व उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने की मांग की है।

## सीएम ने परिवहन विभाग के 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' पर उच्च स्तरीय बैठक की, कहा

# ग्रामीण कनेक्टिविटी और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन को मजबूत करना प्राथमिकता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन को मजबूत करना प्राथमिकता है। श्री सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट ब्लिडिंग मे परिवहन विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड, अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है, ताकि दूर दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके। उन्होंने इस योजना को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के रूट निर्धारण में सार्वजनिक उपयोगिता वाले स्थलों का विशेष ध्यान रखें। इस योजना के तहत बसों के संचालन के लिए इस तरह रूट निर्धारित करें कि अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, साप्ताहिक हाट और स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन अवस्थित हों। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी और इस योजना की उपयोगिता बनी रहेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को इस योजना के तहत संचालित बसों की जानकारी लगातार मिलती रहे, इसके लिए उन्होंने एक एप तैयार करने का निर्देश दिया।

**सिटीजन मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था हो :** उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की उपयोगिता बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि इस योजना के तहत संचालित बसों के सिटीजन मॉनिटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो। ताकि कोई भी वाहन संचालक इसका नाजायज लाभ नहीं ले सके।

बैठक में परिवहन मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा और संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रदीप कुमार मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और आयुष्मान भारत योजना का लाभ सुनिश्चित करें : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, आयुष्मान भारत योजना, कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं 108 एंबुलेंस सेवा के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और आयुष्मान भारत योजना का लाभ राज्य की जनता को वास्तविक और पूर्ण लाभ दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को नियम के चक्करों में न उलझाएं। योजनाओं का लाभ लेने को लेकर प्रक्रियाओं को सरल और सहज बनायें। बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की संचालित नामकुम, रांची, आदित्यपुर, सरायकेला-खरसावां एवं मैथन स्थित अस्पतालों के अद्यतन कार्य प्रगति की रखी गई। आने वाले समय में बोकारो एवं देवघर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के नए अस्पताल की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### पूरे राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा में करें सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा 15 नवंबर 2023 तक हर हाल में सुधारने का निर्देश दिया। एंबुलेंस सेवा सुचारु रूप से जनता को समय से उपलब्ध होनी चाहिये। कहा कि यदि एंबुलेंस सेवाओं में लापरवाही पाई गई तो संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं होगा। बैठक में पंजीकृत श्रमिक वर्ग के स्वास्थ्य बीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पंजीकृत श्रमिकों को ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

## जमीन की लूट में कांग्रेस भी भागीदार, बंधु तिर्की किससे पूछ रहे सवाल : आदित्य साहू

**सांसद आदित्य साहू ने बंधु तिर्की के बयान पर दी कड़ी प्रतिक्रिया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झारखंड की सत्ता में शामिल है। महागठबंधन का प्रमुख हिस्सा है। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की जल,जंगल, जमीन की लूट पर किस से सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बंधु तिर्की ने हिम्मत तो दिखाई मगर पूरा सच नहीं बोल सके। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन की लूट और भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री और उनका पूरा कुनबा शामिल है। कांग्रेस पार्टी सरकार का हिस्सा होने के कारण अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उन्होंने कहा कि बंधु तिर्की फर्जी दस्तावे, भ्रष्ट अधिकारी, कर्मचारी, दलाल, बिचौलियों की बात कर रहे हैं। आखिर इनपर लगाम लगाने की जिम्मेवारी किसकी है। आखिर उन्हीं की सरकार को तो इन पर लगाम लगानी है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी को भी लगने लगा है कि वह जनता से दूर हो रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की भाषा बोलकर सत्ता की मलाई खाना कांग्रेस को बंद करना चाहिये। यदि हिम्मत है तो पूरे सच को बोलना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हंसना और गाल फुलाना दोनों एक साथ करना चाहती है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-89-90-2023, दिनांक 16.10.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य: (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-89-2023; एडीईएन/रांची के क्षेत्राधिकार के अधीन मुरी-रांची: टीएसआर (पी)-22.424 टीकेएम एवं रांची-लिंक-बी-टीएसआर(पी)-10.759 टीकेएम। कुल-33.183 टीआर किमी; रु. 4,90,18,673.40; रु. 3,95,100; (1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-90-2023; (i) गुन्दा बिहार, तिरुलडीह, पिस्का एवं सुईसा में पीडब्ल्यूआई के लिए 04 अदद टाइप III क्वार्टरों का निर्माण तथा (ii) इटकी, नरकोपी, आकाशी, ईरगाँव, हेन्डलासो भोक्ता बगीचा, सोनडिमरा, बकरकुदी, हसलंग पी.एच., बेगुनकोदर में रेलवे कर्मचारी के लिए हॉल्ट एवं वे साइड स्टेशन में जल आपूर्ति व्यवस्था का प्रावधान; रु. 1,84,84,671.92; रु. 2,42,400; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों क्रमांक के लिए 07.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003. (PR-717)

## झारखंड अगेंस्ट करप्शन ने राज्यपाल से की मांग

# हाई कोर्ट के जजों की समिति बनाकर हो भ्रष्टाचार की जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखण्ड अगेंस्ट करप्शन का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड अगेंस्ट करप्शन राज्य का इकलौता ऐसा संगठन है जो कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करता रहा है। इस कड़ी में संगठन की कार्रवाई के बाद राज्य में कई घोटालों का भी पर्दाफाश हुआ और भ्रष्टाचारी मंत्रियों और तत्कालीन मुख्यमंत्री तक को जेल जाना पड़ा। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, हाईकोर्ट के न्यायधीशों की टीम बनाकर भ्रष्टाचार की जांच करवाने, झारखंड की मौलिक खनिज सम्पदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और विभिन्न विभागों में कार्यरत राज्यकर्मियों के लंबित प्रमोशन मामले में हस्तक्षेप कर आगे बढ़ाने की मांग शामिल है। वहीं पलामू जिले के छत्तरपुर को जिला बना कर उस इलाके के विकास का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की गयी है।

इस मौके पर दुर्गा उरांव मुण्डा ने कहा कि झारखंड का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है और इस राज्य को भ्रष्टाचारियों ने न केवल नोचने का काम किया है बल्कि काफी पीछे ढकेल दिया है। ज्ञापन सौंपनेवाले प्रतिनिधिमंडल में दुर्गा उरांव मुंडा के अलावा अरविन्द प्रताप शामिल थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

**CORRIGENDUM -01**
TENDER REFERENCE NO.: RCD/KHUNTI/858
PR. No. 309195 Road (23-24)_D

NAME OF THE WORK : CONSTRUCTION OF H.L. BRIDGE OVER BARTOLI NALA IN 15TH KM OF KARRA MORE (TORPA) TO KARRA ROAD.

CORRIGENDUM TITLE : Availability of Tender on line (Date and time)

CORRIGENDUM DETAIL:

| AS PUBLISHED | TO BE READ AS |
|---|---|
| Last date / Time for receipt of bids **21.11.2023 up to 12:00 Noon** | Last date / Time for receipt of bids **08.11.2023 up to 12:00 Noon** |

Executive Engineer
RCD, Road Division, Khunti

PR 309376 Road(23-24)#D

## दूसरी पार्टी से आये लोगों को बीजेपी दे रही है बड़ी जिम्मेदारी : सीपीआइ

**रांची।** चंदन कियारी के विधायक अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष और विधायक जेपी भाई पटेल को सचेतक बनाए जाने को लेकर वाम दल के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। नेताओं ने कहा कि जिस तरह से अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है और जेपी पटेल को सचेतक, इससे तो यही प्रतीत हो रहा है कि भाजपा के पास नेताओं की कमी हो गई है। सीपीआई के नेता अजय कुमार सिंह ने कहा है कि भाजपा खुद को बड़ी पार्टी कहती है, लेकिन भाजपा के पास झारखंड में नेता नहीं है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को छोड़कर बीजेपी का बाहर से आए नेताओं को नेतृत्व देना समझ से परे है।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता- 2023"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)" 2.0 अन्तर्गत आगामी " स्वच्छ सर्वेक्षण – 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर " स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढाने का कार्य किया जाना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड एवं पंडालो के इर्द–गिर्द ठोस अपशिश्ट का बढना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में अगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागेदारी सुनिश्चित करने हेतु "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अन्तर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वच्छता का मूल्यांकन दिनांक – 20 से 24 अक्टूबर 2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदण्डो के आधार पर किया जाएगा। मापदण्ड निम्नवत् हैः–

| क्रं० | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल/प्रतिमा निर्माण सामग्री के प्रकृति संरक्षण की झलक। | 10 |
| 02 | पूजा पंडालों में कागज, पत्ता, जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग। | 10 |
| 03 | पूजा पंडाल/परिसर में पेयजल सरबत पीने के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास का उपयोग। | 10 |
| 04 | पूजा पंडालों में प्रवेश व निकासी द्वार अलग–अलग तथा महिला एंव पुरूष हेतु अलग–अलग कतार की व्यवस्था सुनिश्चित करना। | 10 |
| 05 | पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer ID Card के साथ होने चाहिए। | 10 |
| 06 | पूजा पंडाल/परिसर में साफ–सफाई के लिए स्वयं से की गई। | 10 |
| 07 | पूजा पंडाल/परिसर में आस–पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाना | 10 |
| 08 | नशा मुक्ति, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने व स्वच्छता से विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार। | 10 |
| 09 | विज्ञापन के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग या फिर होर्डिंग के लिए LED Screen या स्टैंडी का प्रयोग। | 10 |
| 10 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुको द्वारा उनका प्रयोग। | 10 |
| 11 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचडे का पृथक्करण। | 10 |
| 12 | पूजा पंडाल से निकलने वाले बायोडिग्रेडेबल कचडे का पीट डिस्पोजल। | 10 |
| 13 | पूजा पंडाल से निकलने वाले नॉन बायोडिग्रेडेबल कचडे का निस्तारण के लिए निकाय को सौपना। | 10 |
| 14 | थुकने का स्थान व्यवस्था और नागरिकों द्वारा इसका उपयोग। | 10 |
| 15 | निकाय द्वारा चिन्हित विर्सजन स्थल में पूजा समिति के तत्वाधान में प्रतिमा का विर्सजन। | 10 |
| 16 | पूजा समिति या नागरिकों द्वारा किए गए नवाचार कार्य। | 10 |
| | कुल अंक | 160 |

पर्व त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाया स्तर से "पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन किय जा रहा है, तथा उपरोक्त मापदण्डो के आधार पर रैकिंग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आनेवाले पंडालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु कार्यालय कार्य अवधि में Whatsapp No 9835901896 या नगर निगम हजारीबाग कार्यालय के SBM कोषांग में सम्पर्क कर सकते है।

प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग

PR 309382 Urban Development and Housing(23-24)#D

## भाजपाइयों ने अमर बाउरी को दी बधाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपाईयों ने नव मनोनित विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी को झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान किये जाने पर बधाई दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्री बाउरी को बधाई एवम शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन में राज्य के लोक कल्याणकारी मुद्दों, जनहित के सवालों तथा राज्य सरकार की विफलताओं को और मजबूती के साथ उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के सफल एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, गंगोत्री कुजूर, विनोद शर्मा, सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, शर्मिला रजक, मुनेश्वर साहू, रीता मिश्रा,दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया सहित अन्य ने अमर बाउरी को बधाई शुभकामनायें दी है।

**अमर बाउरी आज आयेंगे रांची**

**रांची।** भाजपा के नव मनोनित नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी अभी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सांगठनिक प्रवास पर हैं। श्री बाउरी नेता विधायक दल की घोषणा के बाद 18 अक्टूबर की शाम 4 बजे सेवा विमान से रांची पहुंचेंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। डॉ वर्मा ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से श्री बाउरी प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे। जहां प्रदेश के नेताओं, कार्यकर्ताओं की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा।

## ओबीसी वर्ग के जेपी पटेल को भी मिली नयी कमान

# भाजपा ने डार्क हॉर्स पर जताया भरोसा या सांगठनिक पैंतरेबाजी!

**उदय चौहान**



**रांची।** झारखंड में भी बड़े जातीय समूह को साधने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और चंदनक्यारी से विधायक अमर बाउरी को नेता विधायक दल बनाया है। भाजपा ने अधिकृत पर्यवेक्षक केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे की रिपोर्ट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अमर कुमार बाउरी के नाम पर मुहर लगायी है। अब, झारखंड विधानसभा ने भी श्री बाउरी के मनोनयन को मान्यता प्रदान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। इस बीच चर्चा गरम है कि अमर बाउरी भाजपा के डार्क हॉर्स है या सांगठनिक पैंतरेबाजी के तहत उन्हें विधायक दल का नेता बनाया गया है। ऐसा इसलिये भी कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पार्टी के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण, सचेतक जेपी सिंह के अलावा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी उत्तरी छोटानागपुर से आते हैं। इसमें कोल्हान, संथालपरगना, पलामू और दक्षिण छोटानागपुर को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। यह भी कहा जा रहा है कि विधायक दल के नेता पद के रेस में सबसे आगे चल रहे जेपी पटेल अब विधानसभा में पार्टी के सचेतक होंगे। गौरतलब है की बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष का मामला स्पीकर के कोर्ट में लंबित रहा। 2019 में हुये विधानसभा चुनाव के बाद कुछ ही महीनों के भीतर बाबूलाल मरांडी ने अपनी पार्टी जेवीएम का विलय भाजपा में कर दिया था। उस समय भाजपा ने उन्हें विधायक दल का नेता चुना। लेकिन, स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने बाबूलाल मरांडी को विपक्ष के नेता का दर्जा ही नहीं दिया।

### बाउरी के रूप में मिला विधायक दल का नेता

जेवीएम (पी) के विभाजन और विलय पर स्पीकर की अदालत में दल&बदल विरोधी कानून के तहत सुनवाई अभी तक चल रही है। हालांकि हाल ही में भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। उनकी जगह नये विधायक दल का नेता ढूंढा जा रहा था। जो अब जाकर अमर बाउरी के रूप में मिला है। बीते जुलाई में केंद्रीय पर्यवेक्षक अश्विनी चौबे सभी विधायकों से रायशुमारी कर तीन-तीन नाम लेकर दिल्ली गये थे। 2019 से अब तक झारखंड विधानसभा का 12 सत्र बिना नेता विरोधी दल के बीत चुका है। 2024 में विधानसभा चुनाव है। अब सिर्फ तीन सत्र ही बचे हैं। 2024 का बजट सत्र और मानसून सत्र के बाद चुनाव होने की उम्मीद है। वैसे 4 साल की लंबी अवधि में सदन को नेता प्रतिपक्ष नहीं मिलने से राज्य को बड़ा नुकसान हुआ है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने कारण सूचना आयोग और लोकायुक्त समेत कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति नहीं हो पाई और जनता की हजारों शिकायतें धरी की धरी रह गई है।

## खबर एक नजर में

### दुर्गा पूजा : सरकारी स्कूलों में 21 से छुट्टी

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में दुर्गा पूजा के दौरान पांच दिनों का अवकाश मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में महासप्तमी यानी शनिवार 21 अक्टूबर से अवकाश रहेगा। सभी स्कूलों में 25 को अवकाश समाप्त हो जाएगा और गुरुवार 26 अक्टूबर से सभी स्कूल अपने निर्धारित समय से चलेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

### सरकारी कर्मियों को 19 से मिलेगा वेतन

**दुर्गा पूजा का तोहफा**

**रांची।** राज्य के सरकारी कर्मचारियों को झारखंड सरकार ने दुर्गा पूजा का तोहफा दिया है। उन्हें अक्टूबर महीने के वेतन का भुगतान 19 अक्टूबर से किया जाएगा। इससे संबंधित आदेश मंगलवार को वित्त विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड सरकार, राज्यपाल सचिवालय, झारखंड उच्च न्यायालय और विधान सभा सचिवालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अक्टूबर का वेतन का भुगतान 19 अक्टूबर से किया जाये।

### 60 अफसरों को मिलेगा एसडीओ रैंक में प्रमोशन

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों को एसडीओ रैंक में प्रमोशन देने की सरकार ने तैयारी की है। सदस्य राजस्व पर्षद एपी सिंह की अध्यक्षता में एक बार बैठक भी हो चुकी है। कार्मिक विभाग के अनुसार करीब 60 अधिकारियों को प्रमोशन देने पर विचार हो रहा है। इनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी स्तर के पदाधिकारी हैं, जो अभी विभिन्न प्रखंड व अंचल में कार्यरत हैं। कार्मिक विभाग ने सभी पदाधिकारियों का निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र तैयार करा लिया है। अधिकारियों ने बताया कि फिर से प्रोन्नति समिति की बैठक होगी।

### आइएएस अनिल कुमार को पोस्टिंग का इंतजार

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिल कुमार निलंबन मुक्त होने के बाद से कार्मिक विभाग में वेटिंग फॉर पोस्टिंग पर हैं। मालूम हो कि पलामू में बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर रहते हुए उन्हें शिक्षक नियुक्ति गड़बड़ी की जांच कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था। जांच के दौरान ही उन पर शिक्षक नियुक्ति मामले में संचिका गायब मामले में संलिप्त होने का आरोप लगा था। बाद में साहिबगंज में पोस्टिंग के दौरान उनकी गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद आठ जुलाई 2023 को सरकार ने उन्हें निलंबित कर दिया था। 23 अगस्त को निलंबन मुक्त होने पर उन्होंने कार्मिक विभाग में योगदान भी दे दिया। कार्मिक विभाग ने एक आदेश निकाला। इसमें कहा गया है कि 23 अगस्त की तिथि से ही उन्हें निलंबन मुक्त किया है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी सोनाहातू के राहे निवासी सुनील कुमार हरिजन को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अदालत ने उस पर 20,000 का जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को 6 महीने की साधारण कारावास काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्त को उक्त आरोप में 10 अक्टूबर को दोषी ठहराया था। पीड़िता के परिजन ने सोनहातू थाना में 23 अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि अभियुक्त 20 अप्रैल 2022 को शाम को घर से बाहर निकली युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

### मानव तस्करों की जमानत पर फैसला कल

**रांची।** मानव तस्करी कर करोड़ों रुपए की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में किंगपिन पन्ना लाल महतो की पत्नी सुनीता कुमारी एवं भाई शिव शंकर गंझू उर्फ शिव शंकर महतो की जमानत पर आदेश 19 अक्तूबर को आएगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दोनों की जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया है। दोनों ने जमानत की गुहार लगाते हुए 6 अक्टूबर को अर्जी दाखिल की है। दोनों जेल में है। इनलोगों पर मानव तस्कर पन्ना लाल व उसके सहयोगियों पर दिल्ली की प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से झारखंड के गरीब, कमजोर व नाबालिग को दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर तस्करी करने का आरोप है।

### कांग्रेस जेबीएम के जिला मुख्य समन्वयक नियुक्त

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, जवाहर बाल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. जीवी हरि के अनुमोदन के उपरांत नेशनल को–ऑर्डिनेटर जसवंत पाल ने जवाहर बाल मंच, झारखंड जिला मुख्य समन्वयकों की नियुक्ति पत्र जारी की है। जवाहर बाल मंच के स्टेट चीफ को–ऑर्डिनेटर, एस तारिक अनवर ने बताया कि राज किशोर सिंह उर्फ राजू सिंह पलामू, कृष्ण देव सिंह चौधरी बोकारो,मो. इम्तयाज अहमद लोहरदगा, अंकित मिश्रा गढ़वा, अशोक कुमार मिश्र सरायकेला–खरसावां, गुलजीत मिश्र खुटी, अजितेश उज्जैन पूर्वी सिंहभूम, अबू रेहान अंसारी गुमला, मिस्बाहुल हसन रांची टाउन, की जिम्मेवारी दी गई है।

### झारखंड में मिले डेंगू के 27 मरीज

**चिकनगुनिया के 17 मरीजों की पुष्टि**

**रांची।** राज्य भर में मंगलवार को डेंगू के 279 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 27 में डेंगू की पुष्टि हुई है। देवघर में 16, पूर्वी सिंहभूम में 7, हजारीबाग में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में डेंगू के 2 मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया के 24 संदिग्ध मरीज मिले हैं। सभी मरीज देवघर जिले के हैं। सभी ने अपनी जांच करायी है। इस दौरान 17 में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

### बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत पर 31 अक्टूबर को सुनवाई

**बीओआइ और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को ₹75 करोड़ का चूना लगाने का मामला**

**रांची।** 75 करोड़ रुपए का बैंक लोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में जेल में बंद बिल्डर ज्ञान प्रकाश सरावगी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 अक्टूबर निर्धारित की है। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल हो चुका है। ईडी के अधिवक्ता की अस्वस्थता की वजह से समय की मांग की गई। ज्ञान प्रकाश सरावगी को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है।

# ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के इइ को कार्य में शिथिलता पर शोकॉज

## अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी की समीक्षा बैठक में डीसी रहे सख्त, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य करने का सभी विभागों को निर्देश

### नगर निकायों में नागरिक सुविधा एवं परिवहन की योजनाओं की समीक्षा की गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो


समीक्षा बैठक करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री व उपस्थित अन्य पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त (डीसी) मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) एवं अनाबद्ध निधि के तहत जिले में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में पथ निर्माण विभाग, स्पेशल डिविजन, पीएचईडी, आरईओ, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, नगर निकाय समेत अन्य विभाग द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारी से लंबित एस्टीमेट, टेंडर प्रक्रिया, एग्रीमेंट प्रक्रिया, कार्य अवधि, एनओसी समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की।

बैठक में अनाबद्ध निधि से 10. 56 करोड़ रूपए के योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई वहीं डीएमएफटी मद में उपलब्ध राशि से योजनाओं के चयन को लेकर प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी विभागीय पदाधिकारी को निर्देशत करते हुए कहा कि अनाबद्ध एवं डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की गुणवत्ता में कोई लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए अन्यथा संबंधित संवेदक के साथ-साथ कार्यपालक अभियंताओं पर भी कार्रवाई की जाएगी। डीएमएफटी अंतर्गत विभिन्न योजनाओं यथा स्कूलों में अतिरिक्त वर्ग कक्षा निर्माण, पेयजल, आंगनबाड़ी केन्द्र मरम्मत तथा निर्माण, अस्पतालों में आधारभूत संरचना निर्माण समेत कई योजनाओं के संचालन की समीक्षा की।

उन्होने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में आम जनता के बीच गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत नहीं रहे। बैठक में स्कूलों में अतिरिक्तवर्ग कक्षा निर्माण, आंगनबाड़ी तथा अस्पतालों में संचालित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने निर्देशित किया कि जो भी योजनायें अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी से स्वीकृत किये जाएं उसपर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को केजीबीवी का निरीक्षण कर किसी तरह की आवश्यकता हो तो प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। सभी कार्यपालक अभियंता को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं में प्रगति के नियमित अनुश्रवण का निदेश दिया गया।

उन्होने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा से जुड़ी योजनाओं का वे खुद भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुणवत्ता की जांच करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्सना सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार व तकनीकी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### बहरागोड़ा से मानकी - मुंडा अधिकार पदयात्रा पहुंची जादूगोड़ा




जादूगोड़ा। बीते 15 अक्टूबर को बहरागोड़ा से चली मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा मंगलवार को सुबह 11 बजे दुर्गा प्रसाद सिंह व मीरा मुंडा की अगुवाई में हजारों की संख्या में जादूगोड़ा बाजार गेट पहुंची जहां स्थानीय लोगो ने जोरदार स्वागत किया। 18 अक्टूबर को मांनकी मुंडा अधिकार यात्रा जमशेदपुर उपायुक्त को सात सूत्री मांग पत्र सौपेगा।

### गबन मामले में चांडिल पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



चांडिल। चांडिल थाना क्षेत्र में आसनबनी स्थित काबरा ट्रान्सपोर्ट के चार अगस्त 2022 को माल गबन करने के मामले में चांडिल पुलिस ने छापेमारी कर लोहरदग्गा के कुड़ू ककरगढ़ निवासी 25 वर्षीय सेलुन अंसारी ट्रक (उपचालक) खलासी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया काबरा ट्रान्सपोर्ट द्वारा चांडिल थाना में माल गबन का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने गबन किया गया ट्रक को बरामद कर लिया है। छापेमारी के दौरान खलासी को गिरफ्तार किया गया है। चालक की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### अभियुक्तों के खिलाफ बर्मामाइंस पुलिस ने किया इश्तिहार तामिला



जमशेदपुर। मंगलवार को बर्मा माइंस थाना कांड संख्या 5/23 के फरार अभियुक्त सहाना पति मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद सद्दाम पिता मोहम्मद अनवर, रानी पति मोहम्मद समद और मोहम्मद समद पिता इनामुल सभी पता मुस्लिम बस्ती गेराज कालोनी थाना बर्मा माइन्स के घर पर न्यायिक दंडाधिकारी पूजा के न्यायालय से निर्गत इश्तिहार का विधिवत तमिला किया गया।

### अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं ने किया फूल और माला का वितरण



**जमशेदपुर।** हिंदू के साथ अल्पसंख्यक समाज के युवा भी ने बढ़ चढ़ कर नवरात्र में अपनी भागीदारी कर रहे हैं। मानगो दाईगुट्टू बड़ा हनुमान मंदिर के समीप अमन डिस्ट्रीब्यूटर की ओर से नवरात्र के पावन दिन पर निशुल्क फूल और माला का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जा रहा है। दर्जनों की संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के युवक भी नि:शुल्क माला और फूलों के वितरण के कार्य में लगे हुए हैं । माला के वितरण के कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता विकास सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच माला वितरण कर किया। मौके में मुख्य रूप से विकास सिंह, प्रिंस सिंह ,समीर खान, रेहान खान, वारिस खान,सूरज सिंह,फैयाज ,आसिफ अली मुख्य रूप से आयोजन में शामिल हुए ।

### मानगो थाना से मात्र 100 मीटर दूरी पर दो दुकानों में हुई चोरी

**जमशेदपुर।** मानगो थाना से मात्र सौ मीटर दूरी पर ज्वाहर नगर रोड नंबर छ के मुहाने में स्तिथ मुकेश मौर्य की गल्ले दुकान एवं उनके बड़े भाई कमलेश मौर्य की इलेक्ट्रनिक के दुकान में बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे से ताला तोड़कर अंदर घुसकर हाथ साफ कर लिया । कमलेश मौर्य अपने इलेक्ट्रनिक की दुकान बंद कर कल अपने पैतृक गांव जौनपुर गए हुए हैं मुकेश मौर्य ने बताया प्रतिदिन की तरह हम दोनों भाई अपनी दुकान रात्रि समय बंद कर अपने घर चले जाते हैं सुबह जब जाकर दुकान खोले तो देखा पीछे का दोनों दरवाजा टूटा हुआ है और सारा समान जहां-तहां बिखरा हुआ है चोर पीछे के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर दुकान में प्रवेश कर गले में रखा नगद लगभग पांच हजार रु लेकर चले गए । खाने-पीने का सामान जितना बन पड़ा वह भी लेकर चोर भाग गए बगल में बड़े भाई कमलेश कुमार की इलेक्ट्रनिक दुकान का भी पीछे का दरवाजा तोड़कर चोर प्रवेश करके कितने का और क्या सामान लेकर गए हैं इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता भाई के गांव से आने के बाद ही क्या चोरी हुई है उसका पता चल पाएगा। दोनों दुकान की स्थिति देखकर घबराए मुकेश मौर्य ने मामले की जानकारी भाजपा नेता विकास सिंह को दिया मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी मानगो थाना में देते हुए चोरों को पकड़ने की मांग रखी।

# बिरला मंदिर में स्थापित होगा भगवान लक्ष्मीनारायण का भव्य विग्रह

प्रदेश का पहला मंदिर होगा, जहां भगवान विष्णु के सभी अवतारों की प्रतिमाएं होंगी

विधायक सरयू राय तमाम धारणाओं को तोड़ मंदिर का जीर्णोद्धार कराने में जुटे

खबर मन्त्र ब्यूरो


मंदिर परिसर में शंखनाद कार्यक्रम के समय उपस्थित विधायक सरयू राय, महंत विद्यानंद सरस्वती व अन्य।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के पहल पर गोलुमरी केबुल टाउन स्थित वर्षों से अधुरे पड़े मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए सामुहिक शंखनाद हुआ। शहर के विभिन्न मठ-मंदिरों से आए पुरोहितों, पूजा समितियों, पुजारियों, श्रद्धालुओं, सनातन धर्म प्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मंदिर में कथित तौर पर रहने वाली बाधक शक्तियों को अनुकूल हो जाने तथा परिसर से विमुक्त जाने के लिए एकसाथ शंखनाद किया। शारदिय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा से एवं मंदिर के निकट स्थित हनुमान जी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी लोगो ने सामुहिक रूप से शंखनाद किया। शंख की पवित्र ध्वनी से मंदिर का पुरा वातावरण गुंज उठा। इस मौके पर विधायक राय ने कहा कि यह मंदिर 25 वर्ष पुराना है। कतिपय कारणों से मंदिर का निर्माण पुरा नहीं हो पाया। इस मंदिर को लेकर तरह-तरह की भ्रांति फैलाई गई। केबुल कंपनी भी दिवालिया घोषित हो गयी और मंदिर का निर्माण अधुरा रहा गया। इन वर्षों में मंदिर के पुरे परिसर में जंगल-झाड़ उग गया। राय ने कहा कि मंदिर के निर्माण को लेकर उनके मन में कई दिनों से जिज्ञासा थी जिसके बाद उन्होनें पुरे देश के कई महान संतो से इस संबंध में विचार किया। सभी मंदिर निर्माण के पक्षधर थे। मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण का विग्रह विराजमान किया जाएगा और भगवान विष्णु के सभी अवतारों को यहां स्थापित किया जाएगा। इस स्थान को एक वैष्णव स्थान बनाया जाएगा और जमशेदपुर के लिए एक भव्य दर्शनीय स्थल होगा। आज शंख की पावन ध्वनी से मंदिर में मौजूद बाधक तत्वों को संदेश पहुंचाया गया है कि वे अनुकूल अथवा शांत हो जाए। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विद्यानंद सरस्वती, जंबू वाले बाबा एवं अभिषेक पाठक जी पूरी टीम के साथ, पंडित बिनोद पाण्डेय, पंडित धनजी पाण्डेय सहित पंडितगण, क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंभु सिंह, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, अमरप्रीत सिंह काले, निर्मल झा, अनिल ठाकुर, विपिन शुक्ला, साकेत कुमार, सतीश सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विधायक जी देर आये, दुरुस्त आये : सूर्य मंदिर समिति

जमशेदपुर। बिरला मन्दिर का जीर्णोद्धार स्थानीय विधायक सरयू राय के द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में सूर्य मन्दिर समिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि विगत एक वर्षों से पूर्वी के विधायक से विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से सूर्य मन्दिर समिति उनसे अनवरत सवाल पुछ रही थी कि अधूरे पड़े विरला मंदिर पर विधायक जी का ध्यान क्यों नहीइं जा रहा? आखिर देर से ही सही विधायक नींद से जगे। प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ यथाशीघ्र बिड़ला मन्दिर का जीर्णोद्धार होना चाहिए। साथ ही इन्होंने यह भी कहा कि अपने कार्यकाल का बचे हुए समय का विधायक जी सदुपयोग करें, जनहित से जुड़े हुए कार्य पर ध्यान दें जिससे पूर्वी की जनता का कल्याण हो सके। आज जमशेदपुर पूर्वी में अनेकों तरह की समस्याएं मुंह फाड़े विधायक जी का का बांट जोह रही है।

## खबर एक नजर में

### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जमशेदपुर चेशायर होम का परिभ्रमण किया



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के कक्षा नवम एवं दशम् के छात्र- छात्राओं ने सुंदर नगर जमशेदपुर में स्थित चेशायर होम का निरीक्षण किया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी इस यात्रा में उनके साथ रहे। छात्रों ने प्रत्यक्ष देखा कि किस प्रकार मंदबुद्धि एवं विछिन्न अंगों के होने पर भी जीवन को किस तरह जीया जाता है। चेशायर होम के बच्चों के साथ नृत्य, संगीत एवं हंसी ठिठोली किया। छात्रों ने देखा कि उनके द्वारा बनाई गई हस्तकला अपने आप में बेमिसाल है साथ ही यह भी सीखा कि जीवन में संघर्ष करने पर सफलता मिलती है न कि भाग्य पर रोने से। विकलांग लोगों के बड़े-बड़े कारनामे किताबों में पढ़ाई जाती है, पर आज बच्चों ने उन्हकी कला को नजदीक से देखा एवं परखा। छात्र-छात्राएं बहुत उत्सुकता के साथ चेशायर होम में समय व्यतीत किया वहीं छात्रों के साथ गई विद्यालय की जूनियर कोऑर्डिनेटर रिंकी महतो ने अपने सहयोगियों के साथ अपने साथ ले गई फल, बिस्किट, मुड़ी आदि का वितरण किया। रिंकी महतो ने कहा कि छात्रों में दया, प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा एवं दीनहीन और लाचार लोगों की सेवा करने की प्रवृत्ति को विकसित करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए हम छात्रों में किताबी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी गढ़ते हैं। नैतिकता का पाठ पढ़ाते ही नहीं बल्कि उसे आचरण करना भी सिखाते हैं छात्र-छात्राओं ने भी अपना-अपना अनुभव एक दूसरे से साझा किया।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गापूजा महोत्सव



जमशेदपुर। शेन इंटरनेशनल स्कूल में दुर्गापूजा महोत्सव बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। सबसे पहले बच्चों ने मंत्रोचरन के माध्यम से मां दुर्गा का आह्वाहन किया तत्पश्चात मां के नवों रूपों का दर्शन कराते हुए उनके महत्व को भी बताया साथ ही डान्डिया, गरबा तथा धुनोची नृत्य करके पूरा परिवेश भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का बेहद योगदान था। विद्यालय की प्रधानाचार्या (एकेडमिक), रमा श्रीनिवास ने बच्चों के कार्यक्रमो की काफी सराहना की। स्कूल के प्राचार्या (एडमिनिस्ट्रेशन), पुष्पा भल्ला ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाते हुए आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ाता है। उप प्राचार्या केया अदक ने बच्चों को दुर्गापूजा की शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपनी परंपरा और संसति की रक्षा करने का आवहन किया प्कार्यक्रम के आयोजन में हेडमिस्ट्रेस सिमरन सग्गू के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने पर गोलमुरी में बंटे लड्डू



जमशेदपुर। चंदनकियारी के विधायक, भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता एवं झारखंड विधानसभा में नेता विधानमंडल दल बनने पर गोलमुरी टिनप्लेट चौक पर भाजपाइयों द्वारा आतिशबाजी कर एवं लड्डू वितरण कर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व गुरदेव सिंह गोलडी ने किया एवं इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा एवं भाजपा जिला के पूर्व उपाध्यक्ष अप्पा राव उपस्थित थे। भव्य आतिशबाजी कर एवं राहगीरों के बीच लड्डू वितरित करते हुए भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया। सभी ने अत्यंत खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जमशेदपुर से अमर बाउरी का पुराना संबंध हैं। बाल अवस्था से ग्रेजुएशन तक कि पढ़ाई अमर ने जमशेदपुर से की हैं, उनके पिता पुलिस लाइन में हवलदार के पद पर थे। यह जमशेदपुर केलिए गर्व की बात हैं कि यहाँ का युवा संघर्ष करता हैं और चंदनकियारी का विधायक बनता है और आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में झारखंड के मुद्दों की आवाज बुलंद करेगा।

### भाजपा एससी मोर्चा ने भालूबासा में बाउरी के मनोनयन पर बांटे लड्डू



**जमशेदपुर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा भालूबासा चौक में चन्दनकियारी के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री आदरणीय अमर कुमार बाउरी जी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाये जाने पर केन्द्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए जनता के बीच लडडू वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से भालूबासा मुखी समाज के अध्यक्ष पोरेश मुखी जी, महामंत्री मुजीम मुखी, राकेश मुखी, अनिल गुप्ता, गोपाल, शैलेश गुप्ता, सौरव चौधरी,बंटी, राहुल मुखी अभिजीत, राजा एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### चांडिल कदमडीह में नवमी को होगी महिषासुर वध नृत्य नाटिका



चांडिल। मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी कदमडीह चांडिल के मंदिर प्रांगण में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में कमेटी के मुख्य संयोजक पप्पू वर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धुमधाम के साथ दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जाएगा। इस वर्ष कमिटी के द्वारा पहली बार डुम पंडाल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा इस वर्ष आकर्षक विद्युत सज्जा कराया गया है। षष्ठी के दिन शाम छह बजे पुजा पंडाल का उद्घाटन के पश्चात डांडिया नाइट का आयोजन किया गया है। सप्तमी के दिन सुबह पांच बजे कलश यात्रा एवं शाम सात बजे भजन संध्या। महाअष्टमी के दिन शाम सात बजे बच्चों के द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन। नवमी के दिन शाम आठ बजे कलकत्ता से आये हुए कलाकारों द्वारा भव्य महिषासुर बध नृत्य नाटिका मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा एवं विजयादशमी के दिन संध्या तीन बजे मंदिर प्रांगण से बामनी नदी तक विसर्जन जुलूस कर मां को विदाई दी जाएगी। इस मौके पर पप्पू वर्मा, अध्यक्ष समिर कुंडु, सचिव चंदन वर्मा, अनन्त आड्डी, तपन मंडल, टिकने दां, बंसी कुंडु, किरिटी गोप, सुबोध महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील में प्लांट कंजर्वेशन बैंक का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में मंगलवार को एक प्लांट कंजर्वेशन बैंक का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन रुचि नरेंद्रन ने प्रोबाल घोष, वाइस प्रेसिडेंट, शेयर्ड सर्विसेज, टाटा स्टील और कंपनी के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस प्लांट कंजर्वेशन बैंक में 1500 से अधिक संख्या में सीडलिंग्स और सैपलिंग्स को संग्रहित करने की क्षमता है। इन्हें कार्य क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में वृक्षारोपण के लिए संग्रहीत किया जाएगा। यह बैंक ड्रिप-सिंचाई और एक मिस्टिंग डिवाइस से सुसज्जित है जो पर्यावरण के तापमान को नियंत्रित करने और भारत के विभिन्न पारिस्थितिक क्षेत्रों से लाए गए सीडलिंग्स और सैपलिंग्स केपोषण में भूमिका निभाता है।

## टाटा स्टील का जोड़ा रन-ए-थन 26 नवंबर को

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जोडा/जमशेदपुर।** टाटा स्टील राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए ओडिशा के जोडा में पहली बार रन-ए-थन आयोजित करेगी, जिससे इसके परिचालन स्थानों में हितधारकों में स्वास्थ्य की भावना पैदा होगी और उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। जोडा इवेंट की थीम 'रन फर ए ग्रीनर टुमारो है और देश भर के धावकों से स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की उम्मीद की जाती है। टाटा स्टील में खेल जीवन जीने का एक तरीका है। इस संबंध में मंगलवार को जोड़ा स्थित वैली क्लब में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतुल भटनागर, जेनरल मैनेजर, ओर माइंस एंड क्वैरीज टाटा स्टील, राजेश कुमार, चीफ जोडा, जीवी सत्यनारायण, चीफ, खोंदबोंद आयरन माइन, शुभ्रांसु पांडा, हेड, कार्पोरेट कम्युनिकेशंस, टाटा स्टील कलिंगनगर (टीएसके) और टाटा स्टील मेरामंडली और टाटा स्टील खेल विभाग के एथलेटिक्स कोच आनंद लुईस मेनेजेस उपस्थित थे। यह आयोजन 26 नवंबर को सेंट्रल प्लेग्राउंड, जोडा में तीन श्रेणियों में आयोजित किया जाएगाय पुरुषों और महिलाओं (15 वर्ष और अधिक) के लिए 10 किमी और 7 किमी की दौड़, 16 वर्ष से कम उम्र के लड़कों और लड़कियों के लिए 5 किमी की दौड़ और 2 किमी की दौड़ दिव्यांग लोगों के लिए।

## मरांडी ने किया काशीडीह दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन



काशीडीह स्थित ठाकुर प्यारा सिंह ठाकुर धुरंधर सिंह दुर्गापूजा कमेटी के पंडाल का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। इस अवसर पर पूजा समिति के संरक्षक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह, अध्यक्ष निर्भय सिंह समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इसके साथ ही पंडाल आम दर्शकों के भ्रमण के लिए खुल गया है।

## रंकिणी मंदिर दुर्गापूजा पंडाल में देखिये पटरी पर दौड़ती बंदे भारत एक्सप्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कदमा स्थित श्री श्री रंकिणी मंदिर दुर्गा पूजा कमिटि द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी सह श्रीलेर्डस, बिष्टुपुर के पार्टनर शेखर डे, सम्मानित अतिथि के रूप में एम के तिवारी, रत्नेश कुमार सिंह एवं गौरव रूंगटा, विशेष अतिथि के रूप में केके अरोड़ा, पेट्रन इन चीफ दिवाकर सिंह के संयुक्त कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उसके साथ ही पूजा पण्डाल आम लोगों के दर्शनार्थ खोल दिया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि शेखर डे ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल एक पूजा के रूप में मनाई जाती है बल्कि यह असत्य पर सत्य की जीत एवं सामाजिक अत्याचार पर जीत का परिचायक यह पूजा वर्तमान समय में समाज के लिए भी एक संदेश है कि हम अपने जीवन में भी इसे चरितार्थ करते हुए समाज एवं देश के हित में कार्य करें। सभी अतिथियों ने एक स्वर से कहा कि रंकिणी मंदिर न केवल कदमा बल्कि जमशेदपुर के प्रतिष्ठित मंदिर के रूप में जाना जाता है। उक्त अवसर पर कमिटि के अध्यक्ष दिलीप दास, महासचिव जर्नादन पाण्डेय, केजी गोविन्द, एआर डे, पी के सिंह, मनोज कुमार, एस रमेश, सतीश वर्मा, नरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, ओमियो कुमार मिश्रा, हरभजन सिंह, सुभाष, एस कार्तिक, श्याम जायसवाल, पी. सुभाष, सहित कमिटि के सभी मेम्बर उपस्थित थे।

## आनंद मार्ग के गदड़ा में लगा होठ कटा, तालू कटा बच्चों के लिए जांच शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो



शिविर में बच्ची की जांच करते चिकित्सक।


शिविर में अपनी मां के साथ आयी एक नन्ही बच्ची।

**जमशेदपुर।** आज मंगलवार को आनन्द मार्ग जागृति में आज प्रिवेंशन अफ क्रेबिलिटी एनिमल्स एंड प्लांट्स, अपरेशन स्माइल, इंगा हेल्थ फाऊंडेशन एवं आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से जन्मजात ओठ कटा तालुकटा रोगी के लिए नि :शुल्क अपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 4 बजे तक जांच शिविर आयोजित किया गया इस शिविर में कुल 15 मरीज आये इसमें 9ओठ एवं तालु कटा, 1 केवल तालु काट पाए गए। 5 कुपोषण युक्त बच्चे मिले जिनको लेक्टोजन एवं औषधि नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया इन मरीजों को दिनांक 21 नवंबर को अपरेशन स्माइल मिशन दुर्गापुर में ऑपरेशन किया जाएगा अपरेशन निशुल्क किया जाएगा।

आगामी 21 नवंबर को दुर्गापुर ले जाने के लिए वाहन की विशेष व्यवस्था की गई है। दुर्गापुर आई क्यू मेडिकल कॉलेज एंड हस्पिटल के पेशेंट कोऑर्डिनेटर अपूर्व मंडल ने कहा कटे होंठ और तालू विकास के दौरान चेहरे के उत्तकों के ठीक से नहीं जुड़ने के कारण होता है। यह एक प्रकार का जन्मगत दोष है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान, बहुत कम उम्र में एवं अधिक उम्र मे माँ बनना, गर्भावस्था के समय में कुपोषण के शिकार इत्यादि कारण है।

कटे हुए वोट एवं तालु का सर्जरी चिकित्सा के द्वारा सफल इलाज संभव है ऐसे रोगी पूरे विश्व में 800 जन्म में से एक या दो मिलते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित महतो अमित देव,झुरी देव सुनील आनंद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**जन्मजात तालू और होठ कटे बच्चों को होती है बहुत परेशानी**

बच्चे जिनका जन्मजात तालू कट और ओठ कटा होता है वह बच्चे मां का दूध नहीं पी सकते हैं कारण दूध पीने में उनको काफी दम की जरूरत पडती है जो की तालु कटे होने के कारण उनको उतना एनर्जी नहीं मिल पाता है।

तालू में छेद होने के कारण एनर्जी नहीं मिल पाता। शिविर के प्रबंधक सुनील आनंद ने बताया कि बच्चों की तकलीफ देख कर हमलोग बेहद भावुक हो गए।

## स्पीड न्यूज

### ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में डांडिया व गरबा नृत्य आयोजित



**मेदिनीनगर।** नवरात्रि महोत्सव पर ज्योति प्रकाश महिला बी एड कॉलेज में डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। मौके पर सभी छात्राओं द्वारा बेहद सुंदर ढंग से गरबा और डांडिया की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अनुपम गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। साथ ही कला का निखार होता है। नवरात्रि के अवसर पर सभी छात्राओं के लिए स्टॉल भी लगाया गया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक और प्राध्यापिका उपस्थित थे।

### कजरी देवी मंडप के समीप रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

**पंडवा पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी देवी मंडप के समीप डाउन पटरी के बगल में अज्ञात शव मिला है। शव कब से पड़ा इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मंगलवार को लाइन मैन को शव की जानकारी मिली। लाइन मैन द्वारा रेलवे के अधिकारियों को शव के बारे में जानकारी दिया गया। हालांकि शाम तक शव को उठाया नही गया था। शव का पहचान नहीं हो सका है। आशंका व्यक्त की जा रही है की रेल से गिरकर युवक की मौत हुई होगी।

### विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता को लेकर निकली प्रभात फेरी



**पड़वा पलामू।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली व झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेस आथिरीटी रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू द्वारा समाज में व्याप्त विभिन्न तरह की कुरीतियों को समाप्त करने के लिए प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मंगलवार को पीएलभी रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में सुरत उच्च विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी स्कूल से शुरू हुई जो बनखेता, पड़वा होते हुए पुनः स्कूल में पहुंच कर समाप्त हुई। पीएलभी रविन्द्र सिंह ने बताया कि समाज में व्याप्त बाल विवाह, बाल मजदूरी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित अन्य कुरुतियों को समाप्त करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्या दिव्या टोप्पो ने कहा कि आज भी समाज में कई ऐसी कुरीतियां व्याप्त है जो विकास में बाधक बन रही है। इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। सिर्फ सरकार के प्रयास से सबकुछ संभव नहीं है। इस मौके पर शिक्षिका श्वेता कुमारी, सुषमा कुमारी, सतीश चन्द्र वर्मा, सतीश अग्रवाल, अनुकूल राय, मनोज कुमार साव, लालबहादुर सहित कई शिक्षक शिक्षिका व विद्यार्थी शामिल थे।

### शारदीय नवरात्र में मां भगवती की अराधना में लीन हुए श्रद्धालु

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल में शारदीय नवरात्र में पंचायत स्तर से लेकर गांव स्तर तक के लोग मां भगवती की आराधना में लगे। भक्तिमय हुआ अनुमंडल क्षेत्र वहीं पूजा आयोजक पंडाल को अंतिम रूप दे रहे हैं। पूजा समिति द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल बनाये जा रहे हैं जो देखने लायक लग रहा है। वहीं दशहरा के पावन अवसर पर कई समितियों द्वारा अयोध्या , वृंदावन, बनारस से कलाकारों को लाकर भक्ति नाटक का मंचन कराया जा रहा है। कहीं यज्ञ का आयोजन तो कहीं कथा प्रवचन का आयोजन किया गया है। मां शक्ति संघ पूजा समिति द्वारा बाजार परिसर में रामलीला का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं युवा विकास मंडल मसीहानी, युवा जनजागृति मंडल ठाकुरबाड़ी, बिरसा मुंडा पूजा समिति मसीहानी, नवयुवक संघ खाटिन, ओम शक्ति संघ बारा समेत विभिन्न पूजा कमिटियों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल बनाये जा रहे हैं।

### नवपदस्थापित बीडीओ सह सीओ से मिले विधायक प्रतिनिधि



**उंटारी रोड पलामू।** विधायक प्रतिनिधि सह पूर्व जिप सदस्य मनोज कुमार सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ने उंटारी रोड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित बीडीओ सह सीओ परितोष प्रियदर्शी से मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात किया। वही पुस्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत सह सम्मानित किया।

### सृष्टि व प्रकृति को बचाने के लिए कन्याओं व वनों की करनी होगी हिफाजत : कौशल



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने शहर के बाई पास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल पर स्थित आकाश बाग और बेडरूम में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ अपने प्रयोजनों की उपस्थिति में पौधारोपण कर पोती आशिविका का जन्म दिन मनाया। जन्मदिन के मौके पर शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं। आशिविका के दादी और छतरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता पर्यावरणविद पिछले 56 वर्षों से समाज और पर्यावरण की सेवा करते आ रहे हैं। जो समाज व परिवार के लिए एक सुखद अनुभूति है। उसी सेवा के बदौलत स्वयं उन्हें दो बार लगातार डाली पंचायत के मुखिया और इसबार छतरपुर से जिला पार्षद बनने व उनकी मां को डाली बाजार की मुखिया बनने का अवसर प्रदान हुआ है। अरुण जायसवाल ने कहा कि पिता के प्रेरणा से ही उनके गांव डाली बाजार से डालटेनगंज तक छोटे बड़े 30 सदस्य हैं जो सभी पौधा लगाने से बचाने तक कार्य करते हैं। मौके पर संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, आशा देवी, शिल्पा जायसवाल, कोमल जायसवाल, सुमित कुमार, आराध्या, आद्रिका, अनुषा, संतोष, रामू समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने जन्मदिन पर बधाई दी।

### मां शक्ति संघ पूजा समिति ने किया रामलीला का भव्य आयोजन



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत के बाजार परिसर में दशहरा पूजा के अवसर पर मां शक्ति संघ पूजा समिति के द्वारा रामलीला का भव्य आयोजन की जा रही है। वहीं अयोध्या राम मंदिर के तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी समिति के अध्यक्ष अरुण सोनी उमेश जायसवाल,केतन सिंह ने दी। कहा कि रामलीला में विभिन्न गांवों के ग्रामीण पूजा स्थल पर आकर लाभ उठा रहे हैं।

# पलामू के सभी लोगों को मिलेगा शुद्ध व स्वच्छ पेयजल : सांसद बीडी राम

जल जीवन मिशन भारत सरकार की है महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी योजना

**मोदी सरकार सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को हैं संकल्पित**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन भारत सरकार की महत्वपूर्ण व महत्वाकांक्षी योजना है। मोदी सरकार सभी लोगों को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने को संकल्पित हैं। पलामू जिले के सभी लोगों को भी शुद्ध व स्वच्छ पेयजल मिलेगा। पलामू के 364301 घरों मे पाइप लाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति किया जाना है। जिसमे अभी 112018 घरों मे पानी की आपूर्ति शुरू हो गयी है। उक्त बातें पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय परिसदन मे पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 15 अगस्त 2019 में की गई थी। यह योजना भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के लिए शुरू की गई थी। इसके तहत पानी की सुविधा बहुत घरों में हो रहा है। इसके तहत केंद्र सरकार के द्वारा 3.60 करोड़ रूपये का बजट निर्धारित किया गया था। सांसद ने कहा कि इस मिशन के तहत लक्ष्य वर्ष 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करनी है। इसके लिए पानी की गुणवत्ता की निगरानी व कृषि को भी बढ़ावा देना है। सांसद ने कहा कि यह मिशन संरक्षित जल के संयुक्त उपयोग पेयजल श्रोत में वृद्धि, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, धूसर जल उपचार और उसके पुनः उपयोग को भी सुनिश्चित करता है। जल समितियां ग्राम जल आपूर्ति प्रणाली की योजना, क्रियान्वयन, प्रबंधन, संचालन व रखरखाव को सुनिश्चित करती है। जल समिति में 10-15 सदस्य होते हें जिनमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य व स्वयं सहायता समूह के अन्य सदस्य, मान्यता प्राप्त सामाजिक व स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी व शिक्षक आदि शामिल होते हैं। जल समितियां सभी उपलब्ध ग्राम संसाधनों को मिलाकर ग्राम काय योजना तैयार करती है। योजना को लागू करने से पहले इसे ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित करना आवश्यक होता है। केंद्र व राज्य के बीच बजट का प्रावधान हिमालय व उतर पूर्वी राज्यों के लिये 90:10 व अन्य राज्य के लिए 50-50 है। जबकि केंद्र शासित प्रदेशों के मामले में शत प्रतिशत योगदान केंद्र द्वारा किया जाता है। वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक केंद्र व राज्य सरकार की भागीदारी के साथ अलग रूप में बजट को निर्धारित किया गया है। जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए 5 वर्ष के अवधि के बजट को प्रदर्शित किया गया है। सांसद ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत दो लाख आठ हजार 652 रूपये की सहभागिता है। पीएचइडी कार्यपालक अभियंता रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि सभी लंकवत योजनाओं को ससमय पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए संवेदक को आवश्यक दिश निर्देश दिया गया है। प्रेस वार्ता मे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, जिला ससंसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिव मिश्र, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, नंदलाल गुप्ता, मनोरंजन दुबे आदि उपस्थित थे।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# श्रीमद्भागवत कथा की आयोजन समिति घोषित





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 21 नवंबर से 28 नवंबर तक हाउसिंग कालोनी,बारालोटा के प्रांगण में आयोजित होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ व परमपूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के सात दिवसीय भागवत कथा की आयोजन समिति सोमवार को गठित कर दी गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी की अध्यक्षता में हाउसिंग कालोनी यज्ञ स्थल पर आयोजित बैठक में श्री मद्भागवत कथा समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी को सर्वसम्मति से यज्ञसमिति का अध्यक्ष घोषित किया तथा कमिटि विस्तार का दायित्व दिया गया। वहीं शैलेश दूबे को महासचिव और राकेश पाण्डेय( कजरिया )को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया जिसका बैठक उपस्थित सभी लोगों ने सहमति जताया। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी ज्ञानचंद पाण्डेय, दीपक कुमार सिंघानिया व आलोक पाठक को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य बनाया गया।बैठक में लिए गए निर्णयानुसार कृष्णकांत चौबे (मुखिया), मनु प्रसाद तिवारी, बलराम पाण्डेय,प्रवीण सिंह,दुर्गा प्रसाद जौहरी, ललन सिन्हा, अविनाश वर्मा,नंद कुमार यादव, सोनु सिंह नामधारी, संतोष शुक्ला, नवीन तिवारी, संजीव उपाध्याय, आशीष भारद्वाज को सर्वसम्मति से संरक्षक घोषित किया गया। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी परिवार के द्वारा सनातन धर्म को लेकर जो धार्मिक कार्य किया जा रहा है यह सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाऐगा। बैठक में शिवनाथ अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजेन्द्र पाण्डेय,जोंटी पाण्डेय, श्वेतांग गर्ग, अजीत तिवारी, रामप्रकाश तिवारी, राजीव रंजन, राजू रॉय, विक्रांत सिंघानिया, चंदन तिवारी, विकास दूबे, अनील दूबे, दिलीप त्रिपाठी, प्रवीण तिवारी, मनीष भिवानियां, गोरख पाठक, आशुतोष पाण्डेय, संजय मिश्रा, भास्कर दूबे, परितोष पाण्डेय,मनीष तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, आनंद प्रकाश दूबे, दिलीप तिवारी, वृक्ष सिंह, रजनीकांत तिवारी, छोटू पाण्डेय, बिटटू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, विशाल पाण्डेय, राज पाण्डेय, रविन्द्र दूबे, वीएम पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, लल्लू पाण्डेय, संजय पाण्डेय व बिक्कू शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद : डीसी, एसपी ने की सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस कप्तान रेशमा रमेशन व उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने दुर्गा पूजा को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना के बाजारों का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने महावीर जी भवन, जपला बाजार सहित कई पूजा पंडालों का भी जायजा लिया। डीसी शशिरंजन ने क्षेत्र वासियों को दुर्गा पूजा शांति व सौंदर्य के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी त्यौहार को मनाने के लिए आपसी सहयोग जरूरी है। उन्होंने हैदर नगर व मोहम्मदगंज बाजार क्षेत्र का भी जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को भी त्योहार को सफल बनाने के लिए असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वैसे आसामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखनी है जो बेवजह लोगों के बीच भ्रामकता फैलाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण को भी पर्व के दौरान नजर रखने को निर्देशित किया। इस मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, बीडीओ रतन कुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। उपायुक्त पलामू के आगमन के पूर्व जगह-जगह पुलिस की तैनाती की गई थी।

# थाना प्रभारी व भाजयुमो नेता ने रासलीला मंच का उदघाटन



**हरिहरगंज पलामू।** दशहरा पूजा समारोह के दूसरे दिन सोमवार की रात हरिहरगंज शहर के आर सी लाल चौक के समीप नवयुवक सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वृंदावन से आए कलाकारों ने कृष्णजन्म लीला का मंचन किया। इससे पहले पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास तथा भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लीला मंच का उद्घाटन किया। उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में भक्ति और संस्कृति का संगम को देख कर मन प्रफुल्लित हो उठा है। वहीं भाजयुमो नेता ने देवी की आराधना के साथ ही समाज में महिलाओं को सम्मान देने की बात कही। इससे पहले समिति द्वारा दोनों मुख्य अतिथियों सहित अन्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बाद में कलाकारों ने मनमोहक रास तथा कृष्णलीला का मंचन किया। इस अवसर पर एएसआई संजय कुमार सिंह, कृष्णा प्रसाद, विजय प्रजापति, शंभू यादव, रामजी यादव, नवयुवक सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, सचिव संजय कुमार, व्यवस्थापक राबर्ट गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद, रामाशंकर जायसवाल, रिंकू शौंडिक, बीनू जायसवाल, रामजी सिंह, बब्लू कुमार, विश्वदीप, पुरुषोत्तम जायसवाल, करण राजवीर, भुनेश्वर गुप्ता, अवध गुप्ता, संतोष प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार सहित समिति के कई सदस्य तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# श्री राम जानकी विवाह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** महावीर चौक मेन बाजार सतबरवा में मंगलवार को नवाहन पारायण यज्ञ के 32 में महाधिवेशन के दौरान नवयुवक संघ के द्वारा श्री राम जानकी विवाह का आयोजन किया गया। विवाह के मौके पर महिलाओं ने मंगलगीत गाई। मुख्य अतिथि सतबरवा मुखिया रीना साहू ने कहा कि भगवान शिव ने मिथिला के राजा जनक को एक दिव्य उपहार धनुष दी थी। राजा जनक ने शर्त रखी थी कि वह अपनी बेटी सीता का विवाह उस व्यक्ति से करेंगे जो भगवान शिव के धनुष पिनाक की प्रत्यंचा चढा सकेगा। श्री राम जी ने शिव जी की धनुष के प्रत्यंचा चढ़ाने लगे और धनुष को तोड़ डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से श्री राम और जानकी जी का विवाह हुआ। भारतीय समाज में राम और सीता को आदर्श दंपति का उदाहरण समझा जाता है। मौके पर वधू पक्ष की ओर से लक्ष्मण प्रसाद सोनी ने तथा वर पक्ष के और से अर्जुन प्रसाद ने समधी मिलन का रस्म अदायगी की। मौके पर जानकी जी के भाई के रूप में संतोष दीवाना, राहुल दीवाना, कुंदन जायसवाल, कमलेश प्रसाद, धीरज सोनी ने निर्वहन की। मौके पर चंदन प्रसाद, मनोज सोनी सीता सोनी, रिया सोनी, सुधीर गुप्ता, निक्की गुप्ता समेत संरक्षक पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, अध्यक्ष संजय प्रसाद गुड्डू, सुरेंद्र मिश्रा के अलावा हजारों नर नारी विवाह के गवाह के रूप में मौजूद थे।

### रामकथा सुनने से खुलते हैं आस्था, आनंद व प्रगति के द्वार : डॉ पुंडरीक शास्त्री



**मेदिनीनगर।** बड़कागांव के महावीर मंदिर परिसर में नवरात्र प्रवचन का आयोजन किया गया है। बड़कागांव दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का यह चौदहवां वर्ष है। ज्ञान व अध्यात्म की धरती वाराणसी से पधारे डॉ पुंडरीक शास्त्री के द्वारा संगीतमय कथा का श्रवण कराया जा रहा है। डॉ शास्त्री ने अपने प्रवचन में कहा कि रामकथा श्रवण करने से मानव जीवन में सुखद परिवर्तन आते हैं। वस्तुत:कथा ज्ञान व प्रगति का आधार है और यह जीवन के लिए अनुभूति, आनंद, आस्था व प्रगति के द्वार खोल देता है। शास्त्री जी की मंडली में उनके शिष्य पं. अविनाश तिवारी, वादक चंदन तिवारी, अरूण सवेरा लवकुश चौबे शामिल हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए संरक्षक दिलीप कुमार तिवारी, अध्यक्ष उमेश नारायण त्रिपाठी, सचिव अंकेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी व राहुल शंकर तिवारी, महामंत्री छ्दु राम, मनोज कुमार झा, आशीष झा, हृदय, प्रिंस, बमशंकर, सतीश, मनीष त्रिपाठी, कमल, निर्मल, विकास, मनीष कुमार, नवनीत, राकेश, अभिषेक, विंस, उदय, प्रशांत, मनीष तिवारी, ज्ञानचंद, अंकित, निलेश, भूपेश, सुभाष चौबे, अनुराग अमन, मधुसूदन, रौशन, आदर्श, आकाश, रूपेश, नीतीश तिवारी व शिवम् सहित समिति अनेक सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### जनोपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा : बीडीओ दीपक मिश्रा



**पाटन पलामू।** पाटन बीडीओ दीपक कुमार मिश्रा ने जनता की समस्याओं को सुना। मौके पर बीडीओ दीपक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने उसी के आलोक में अपने कक्ष में बृधा पेंशन हेतु आये हुए लाभुकों को कागजात जांच कर तुरंत स्वीकृति प्रदान किया। जिससे लाभुकों में खुशी देखा गया। दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा जनोपयोगी योजना को धरातल पर उतारा जायेगा। कर्मी लापरवाही बरतेंगे तो उन पर कार्रवाई किया जायेगा।

### नये अंचलाधिकारी संजय यादव ने दिया योगदान

**नौडीहा बजार पलामू।** नौडीहा बाजार के नये अंचलाधिकारी के रुप में संजय यादव ने योगदान दिया। नौडीह बजार अंचल कार्यालय लगभग दो साल से प्रभार के रूप में चल रहा था। वर्तमान में बीडीओ का भी तबादला हो गया। जिसके बाद ये दोनों पद खाली हो गया था। पदभार ग्रहण करने के बाद नये सीओ संजय यादव ने कहा कि मेरे पहले काम आम जनता से मिलकर उनके हर समस्या दुर किया जायेगा।

### प्रखंड में कार्यरत 210 पारा शिक्षक अवैध घोषित

**नौडीहा बजार पलामू।** प्रखंड में कार्यरत 210 पारा शिक्षक को राज्य परियोजना निदेशक किरण पासी के द्वारा अवैध रूप से घोषित कर दिया गया है। बीइओ जितवाहन सिंह ने बताया कि नौडीहा बजार प्रखंड में सरकार के निर्देश पर 210 पारा शिक्षक को अवैध रूप घोषित किए गए हैं। वहीं 13 अकटूबर तक के कार्यरत 205 पारा शिक्षक के मानदेय भुगतान कर दिया गया है। वहीं सरकार के निर्देश पर जो पारा शिक्षक को अवैध रूप घोषित किया गया है वे स्कूल के कार्य नहीं करेंगे क्योंकि सरकार के निर्देश दिए गए हैं।

# हरिहरगंज : प्रशासन ने सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटाया



**हरिहरगंज पलामू।** दशहरा पूजा समारोह के मद्देनजर हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन ने सड़क किनारे तथा बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया। नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में मेन रोड़ तथा दुर्गा मंदिर के समीप दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पांच सौ जुमार्ना देना होगा। वही दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप ऑटो लगाने पर जुमार्ना वसूल किया जाएगा। पदाधिकारी ने बताया कि शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया जाएगा। वही नियम कानून के उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस के जवान शामिल थें।

# क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी की कार्यशैली से विक्षुब्ध अध्यापकों ने बीआरसी कार्यालय में जड़ा ताला



खबर मन्त्र संवाददाता

**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कक्षा 6 से 8 के सहायक अध्यापकों का प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार से सेवासंपुष्टि व माह जनवरी से वर्धित 4% इंक्रीमेंट अबतक लंबित रहने से नाराज सहायक अध्यापकों ने बीआरसी कार्यालय में मौजूद बीईईओ महेंद्र प्रजापति एवं बीपीओ नरेंद्र सिंह को बाहर कर तालाबंदी कर दी व धरने पर बैठ गए। क्षेत्र दौरे पर आए उपायुक्त को भी सहायक अध्यापकों ने शिक्षा अधिकारियों के कार्यशैली से अवगत कराते हुए सेवा संपुष्टि के लिए गुहार लगायी। उपायुक्त शशिरंजन ने निश्चित कार्रवाई का आश्वाशन दिया। सहायक अध्यापकों ने कहा कि प्रखंड स्तरीय प्राधिकार का गठन किया जा चुका है बावजूद सदस्य सचिव सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम के उदासीन रवैए, व टाल-मटोल के कारण अबतक प्राधिकार का बैठक आहुत नहीं किया जा सका है जिसके कारण सहायक अध्यापक माह जनवरी से अबतक वर्धित इंक्रीमेंट से वंचित हो रहे हैं।

विधायक ने किया कुड़वा से बेदानी मोड़ तक पथ मरम्मती का शिलान्यास

# पथ निर्माण से आवागमन होगा सुलभ : पुष्पा देवी





खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** पाटन विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी और पुर्व सांसद मनोज कुमार ने कुडवा मोड़ से बेदानी मोड़ तक पथ मरमति का शिलान्यास किया।

यह पथ आठ करोड़ 82 लाख 48 हजार रुपए की लागत से मरम्मत करायी जायेगी। इस पथ से पाटन प्रखंड एवं तरहसी प्रखंड के लोगों का आवागमन होता है तथा यह पथ दोनों प्रखंडों को जोड़ता है।

मौके प विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि इस पथ कि मरमति हो जाने से दोनों प्रखंडों के लोगों को आने जाने में सुविधा होगी । विधायक ने कहा कि पथ मरमति का कार्य गुणवत्ता पूर्ण किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पाटन संजय सिंह, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, निरंजन पासवान, रंजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अनंजय सिंह, गुडु सिंह, संवेदक गिरजा तिवारी, अशोक तिवारी, राजु सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, जैनेन्द्र यादव, उमा शंकर सिंह, सतेन्द्र सिंह, अजय मेहता, ओम प्रकाश पाण्डेय, रविनाथ साव, कुश सिंह, बबल प्रसाद, प्रमोद सिंह, शहादत हुसैन, सुजाता सिंह, यमुना प्रसाद, बली सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# बैठक में 5 नवंबर को चतरा में होने वाले यादव महासभा को लेकर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** जिला के मनातू प्रखंड अंतर्गत करमाही के डाक बंगला स्थित अखिल भारतीय यादव महासभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुरारी यादव ने की व संचालन अरविंद यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला के मुख्य सलाहकार जितेंद्र यादव एवं चतरा विधानसभा के प्रभारी सह मुखिया संघ के अध्यक्ष कामेश्वर यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष सूर्यदेव यादव एवं प्रखंड राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विलास यादव ने किया। कार्यक्रम में मनातू प्रखंड के कई लोगो ने मुख्य अतिथि को फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बैठक में श्री कृष्ण भगवन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 5 नवंबर को अखिल भारतीय यादव महासभा के 100 वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष में चतरा जिला के बाबा घाट मे यादव परिवार के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर मनातू प्रखंड से विभिन्न गांव से लोग काफी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रतापपुर कुंदा प्रभारी विष्णुदेव यादव, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, पलामू एवं बिहार के बॉर्डर के प्रभारी लालदेव यादव, मंझौली पंचायत के संरक्षक झरी यादव, सुरेश यादव समेत काफी संख्या मे प्रखंड के यादव परिवार के लोग उपस्थित थे। समाज के उत्थान पर बल दिया गया। मौके पर बैजू यादव, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, उपेंद्र यादव राजू, हरिलाल यादव सहित कई लोग शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## हाइवा के धक्के से युवक की मौत

**बेरमो।** बोकारो जिला के चन्द्रपुरा हीरक रोड में हाइवा के चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चन्द्रपुरा की ओर से आने वाला हाइवा बहुत तेज रफ्तार में था। जिसने एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वही आक्रोशित ग्रामीण चन्द्रपुरा धनबाद मुख्य मार्ग को जाम कर दिया है। मुआवजे को लेकर और करवाई की मांग कर रहे है। वही दुगदा थाना चन्द्रपुरा थाना और चन्द्रपुरा प्रखण्ड के प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौके पर पहुच कर मामले को शांत करवाने में जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि यह सड़क हाइवा की तेज रफ्तारी के कारण बाइक सवारो और छोटे वाहनों के लिए साक्षात यमराज साबित हो रहा है। इस मार्ग पर अक्सर इस तरह की घटना देखने और सुनने को मिलती है।

## शहीद चौक से चिरकुंडा थाना मोड़ तक हटाया गया अतिक्रमण

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा शहीद चौक से चिरकुंडा थाना मोड़ तक अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत मुख्य सड़क किनारे लगाए गए फुटपाथ दुकानदारों को चेतावनी दिया कि अपने दुकान को मुख्य सड़क से हटकर लगाएं नही तो विभागीय कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इसकी जानकारी देते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि सोमवार को चिरकुंडा शहीद चौक से थाना मोड़ तक पुजा सामग्री बेचने वाले,सब्जी व फल बेचने वाले फुटपाथ दुकानदारों को चेतावनी दिया गया कि मंगलवार से मुख्य सड़क से हटकर दुकान को लगाएं नही तो उनके दुकान को विभाग बलपूर्वक हटा दिया जाएगा ताकि लोगों को आवागमन करने भेंट परेशानी न झेलना पड़े।

## डीटी ने किया दहीबाड़ी परियोजना का निरीक्षण

**कुमारधुबी।** बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी परियोजना में दिन मंगलवार को डीटी संजय कुमार निरिक्षण करने पहुंचे। वही मौके पर उन्होंने बताया की परियोजना का उत्पादन, विस्तारीकरण, सुरक्षा दृष्टिकोण को देखा गया। परियोजना में उत्पादन किस प्रकार वृद्धि किया जाए इस पर चर्चा किया गया। उन्होंने मशीन पर परियोजना के उत्पादन, विस्तारीकरण, सुरक्षा दृष्टिकोण को देखा। प्रोजेक्ट में उत्पादन किस प्रकार बढ़ाया जाए इस पर चर्चा की गई।

## पिछरी में ग्रीन कार्ड का वितरण

**बेरमो।** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत ग्रीन राशन कार्ड का वितरण उपायुक्त के आदेश के आलोक में पेटरवार प्रखंड के पिछरी में 150 लाभुक को ग्रीन राशन कार्ड मंगलवार को वितरण प्रखंड प्रमुख शारदा देवी और बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा ने जरूरतमंद महिलाओं को अपने निजी मद से साडी.वितरण किया।

## शहीद मनेंद्रनाथ मंडल का मना शहादत दिवस

**कतरास।** मंगलवार को झामुमो पंचायत समिति के तत्वावधान में झींझी पहाड़ी झामुमो पंचायत के अध्यक्ष साजन महतो की अध्यक्षता में शहीद मणिंद्र नाथ मंडल की शहादत दिवस मनाई गई।इस अवसर पर रामकनाली कोलियरी यूनियन कार्यालय में शहीद मणिंद्र नाथ मंडल को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित साथियों को झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा,झींझी पहाड़ी पंचायत सचिव प्रदीप महतो, निचितपुर पंचायत सचिव संदीप कुमार, दिनेश चंद्र महतो, शक्ति कु. महतो, प्रवीण कुम्हार, हीरा कुम्हार, दिनेश कु. दास, आनंद तुरी, शंकर महतो,रूपेश महतो, किशुन कुमार, मिथुन कुम्हार, अमर बाउरी ने सम्बोधित कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धा-सुमन अर्पित की।

# चार जेवर चोर गिरफ्तार, ढाई किलो चांदी, पिस्तौल और गोली बरामद

पुलिस टीम का गठन कर धनबाद और बोकारो में हुई छापेमारी

● चोरी का जेवर खरीदने वाला दुकानदार भी पकड़ा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने चार जेवर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन चोरों के साथ चोरी का जेवर खरीदने वाले दुकानदार को भी पकड़ा है। मंगलवार को सिटी एसपी अजीत कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 19 सितंबर को केंदुआडीह बाजार के जेवर व्यवसायी विजय वर्मा की दुकान से अज्ञात अपराधियों ने जेवरात की लूट की थी । इस संबंध में केंदुआडीह थाना में शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा कई जगह छापेमारी की गई ।इस दौरान विभिन्न जगहों से चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार अभियुक्तों की निशानदेही पर ही जेवरात की बरामदगी की गई। जेवरात जिस दुकान पर बेची गई थी उनसे भी जेवरात बरामद कर दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चोरों में टिंकू भुईंया दीपक कुमार सूरज यादव गणेश कुमार और राहुल कुमार शामिल है। पुलिस के द्वारा ढाई किलो चांदी एक देशी पिस्तौल जो दो जिंदा कारतूस एक मोटरसाइकिल और चार मोबाइल को बरामद किया गया है।



## बोकारो से चोरी गई ज्वेलरी बिहार के सीवान से बरामद, चार चोर भी हुए गिरफ्तार

**बेरमो।** बोकारो जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में आए दिन हो रहे घरों में चोरी से पुलिस प्रशासन काफी परेशान थी। जिसको लेकर बोकारो पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस बल की एक विशेष टीम गठित कर चोरी के मामलों के उद्वेदन के लिए दिन-रात काम कर रही थी।जिसके परिणाम स्वरूप लाखों रुपए की ज्वेलरी के साथ खरीद और बिक्री करने वाले 4 ज्वेलरी के चोरों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफलता प्राप्त की है। वही इस मामले में एएसपी मुकेश कुमार ने बताया कि चोरों के द्वारा चोरी की गई सोने एवं चांदी की ज्वेलरी को झारखंड से ले जाकर बिहार के सिवान में बेचा एवं खपाया करते थे। पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर चोरी की सामान बरामद करने के लिए झारखंड पुलिस की एक टीम बिहार के सीवान में जाकर ज्वेलरी शॉप में छापेमारी कर अधिकतर चोरी की गई ज्वेलरी को बरामद कर लिया। वही एएसपी ने बताया कि बल्लू राम उर्फ भाटिया एक पेशेवर चोर है जो बोकारो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब 10 केस दर्ज है। हालिया दिनों में चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में भी इसके नाम से केस दर्ज की गई हैं। करीब डेढ़ किलो चांदी तथा सोने के ज्वेलरी बरामद की गई है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, KHUNTI**

CORRIGENDUM -01 01
TENDER REFERENCE NO.: RCD/KHUNTI/859
PR. No. 309194 Road (23-24)#D

NAME OF THE WORK: CONSTRUCTION OF H.L. BRIDGE OVER KARMA NALA IN 14TH KM OF KARRA MORE (TORPA) TO KARRA ROAD

CORRIGENDUM TITLE: Availability of Tender on line (Date and time)
CORRIGENDUM DETAIL:

| AS PUBLISHED | TO BE READ AS |
|---|---|
| Last date / Time for receipt of bids 21.11.2023 up to 12:00 Noon | Last date / Time for receipt of bids 08.11.2023 up to 12:00 Noon |

Executive Engineer
RCD, Road Division,
Khunti

PR 309354 Road(23-24)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,हजारीबाग ।
सर्वसाधारण के लिये सूचना ।



विश्णुगढ़ थाना काण्ड सं0–126/17, दि0–06.08.2017, धारा–364 भा0द0वि0 के आलोक में गुमशुदा– संजय सिंह, पिता–भुनेश्वर सिंह, सा0–चेडरा, टोला–ढंगरटोली, थाना–विश्णुगढ़, जिला–हजारीबाग को कोर्ट परिवाद पत्र सं0–1022/17 के आधार पर प्राथमिकी के नामजद अभियुक्तों के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलिया:– लम्बाई–5 फीट 6 इंच, उम्र–43 वर्ष, रंग–गोरा, चेहरा–गोल, पहनावा–टी शर्ट, काला जीन्स एवं काला पहना हुआ है।

इस संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी विश्णुगढ़/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्र:–
अनु0पु0पदा0 विश्णुगढ़, हजारीबाग :– 7992416426
थाना प्रभारी विश्णुगढ़, हजारीबाग :– 7903937945

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 309365 Police(23-24)D

# रोजगार के लिए लोदना कोलियरी में जमसं ने किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया/जयरामपुर।** कोलियरी स्थित बागडीगी पुल के समीप चल रहे सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना से उत्पादित कोयले को बागडीगी में रखा जा रहा है। उक्त कोयला को रोड सेल के माध्यम से लोडिग पवाइनट बनाकर स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम प्रबंधन करें। उकत मांगों को लेकर जनता श्रमिक सघ के बैनर तले लोदना कोलियरी कार्यालय के समीप धरना व प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जनता श्रमिक संघ के बैनर तले सैकड़ो लोग शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन किया गया एवं लोदना कोलियरी प्रबंधन को मांग पत्र दिया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बागडिगी और जयरामपुर में चल रहे सूशी आउटसोर्सिंग परियोजना से बागडिगी बस्ती के लोग ही ज्यादा प्रभावित हैं। बस्ती के लोगों को धूल और धुआ खाना पड़ रहा है। इसलिए रोजगार पर सबसे पहला अधिकार वागडीगी बस्ती और आसपास के रहने वाले लोगों का है जो परियोजना से प्रभावित हैं।इसलिए सूशी आउटसोर्सिंग परियोजना से जो कोयला उत्पादन हो रहा है और उसे बागड़ीगी में रखने का काम किया जा रहा है उस स्थान पर लोडिंग पॉइंट बनाकर वहां के स्थानीय बेरोजगारों को प्रबंधन रोजगार देने का काम करें। अगर प्रबंधन ऐसा नहीं करती है तो अभी तो केवल धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बाद में कोयले के ट्रांसपोर्टिंग और कोलियरी क्षेत्र का चक्का जाम किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में संजय यादव, शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू सिंह बबलू भगत, रविकांत पासवान, रामाधार सिंह, नागेश्वर पासवान, राजेंद्र निषाद, यदू राम,अमरेंद्र सिंह, ललन साव, निर्मला देवी शिव शंकर महतो, बिरजू चौधरी, चादो पासवान,राजू हाडी , ललन साव, मंजू देवी, चंपा देवी शामिल थे।



## धनबाद : ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** चंद्रपुरा रेलखंड पर सेंद्रा रेलवे पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर पोल संख्या डीके8/30 और डीके8/31 के बीच डाउन लाइन पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटकर एक 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई.सूचना मिलने पर पहुंची कुसुंडा जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के आधार पर मृतका की शिनाख्त करने का प्रयास किया किया जा रहा है। जीआरपी पुलिस के मुताबिक प्रथमदृष्टया मामला एक हादसा लग रहा है। आशंका है कि रेललाइन पार करने के दौरान महिला ट्रेन की चपेट में आने या फिर चलती ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। महिला का सिर फट गया है एवम दाएं हाथ का चार उंगली कटी हुई है और बाएं हाथ में गोदना से किसी संजय साव नामक युवक नाम लिखा है,और पूरे शरीर में जख्म के निशान है। उन्होंने बताया की महिला की शिनाख्त करने के लिए आस पास के ग्रामीणों से पूछताछ की है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। इस संबंध में आगे की करवाई की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## सेक्टर 2 ए हनुमान मंदिर परिसर में लगाया गया रुद्राक्ष का पौधा



**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर 2ए स्थित हनुमान सह दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष का विधिवत पूजन अर्चन कर समाजसेवी देवमुनी प्रसाद द्वारा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल की उपस्थिति में रोपण किया गया । इस अवसर पर मुकुल ने कहा कि रुद्राक्ष वृक्ष की मान्यता भगवान शिव के रूप में है और इसका रोपण बहुत ही शुभ माना गया है जिसके दर्शन मात्र से ही अनेकों पाप मिट जाते हैं। संस्थान द्वारा बोकारो सहित झारखंड के सभी प्रसिद्ध मंदिरों में दिव्य वृक्ष रुद्राक्ष के रोपण का अभियान चलाया गया है। कार्यक्रम में शशि भूषण ओझाश्मुकुल पं शिवनाथ त्रिवेदी देव मुनी प्रसाद लक्ष्मण शर्मा गोविंद प्रसाद अनिल कुमार सिंह एसबी सिंह पिंटू सिंह राम शंकर रंजन सिन्हा विनोद कुमार दिनेश कुमार सिंह सहित कई पर्यावरण संरक्षक उपस्थित रहे।

# मैथिली वेब सीरीज नून रोटी रिलीज

आनंदम ग्रुप ने किया रिलीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मिथिला अकादमी विद्यालय परिसर में मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में पावर्ड बाय आनंदम ग्रुप नून रोटी मैथिली वेब सीरीज के निर्देशक लेखक विकास झा ने बताया कि नून रोटी मैथिली वेब सीरिज बिहार और मिथिला प्रान्त में व्याप्त बेरोजगारी और पलायन की समस्या को अलग दृष्टिकोण से रेखांकित करती है साथ ही मिथिला क्षेत्र में पर्यटन और व्यावसायिक आत्मनिर्भरता के विकल्प पर गम्भीर योजना और समाधान बताने का प्रयास करती है। इसकी शूटिंग मिथिला के विभिन्न जिले और स्थान पर की गयी है। मुख्य कलाकार में दिवाकर झा आदर्श भरद्वाज ऋषभ कश्यप और मणि कौशिक संग निखिल मिश्र प्रज्ञा झा सत्येन्द्र झा सोहेल सुलतान प्रशांत राणा सागर सिंह और सुमित श्री हैं। प्रेस वार्ता में विकास झा रोशनी झा दिवाकर झा रिषभ कश्यप प्रशांत राणा और मणि कौशिक उपस्थित थे। मौके पर परिषद के चेयरमैन हरिमोहन झा शिवेश पाठक अमरेश झा अविनाश झा पीके झा चन्दन विजय झा गंगेश पाठक मिथिला महिला समिति के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## बेरमो : नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बेरमो।** बोकारो जिला के जागेश्वर बिहार थाना अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी अताउल अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैण इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने बताया कि पीड़ित छात्रा के अभिभावकों की लिखित शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसारए 16 अक्टूबर को 13 वर्षीय छात्रा स्कूल गई थीण जब वह देर से घर पहुंचीए तो अभिभावकों ने उससे पूछताछ कीण छात्रा ने डर. डर कर बताया कि उसके साथ अताउल अंसारीए जो उसी गांव का रहने वाला है।

# रेलवे मैदान में दिखेगा कूच बिहार का राजमहल

दुर्गोत्सव-2023

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** रेलवे इंस्टिट्यूट दुर्गा पूजा समिति द्वारा रेलवे मैदान में कूच बिहार का राजमहल ( पैलेस) की तर्ज पर दुगार्पूजा का भव्य पंडाल तैयार हो रहा है। पंडाल को भव्य रूप देने के लिए एक महीना पहले से ही इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। जामताड़ा के तरोनी गाँव के विख्यात कारीगर उत्पल मंडल की देखरेख में यह पंडाल बन रहा है। कमेटी के बिल्लू चटर्जी ने बताया कि पंडाल में मुख्य रूप से बांस, लकड़ी, थमाकोल, कपड़ा आदि साधारण चीजों का उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए 12 मिस्त्री पिछले एक महीना से दिन-रात काम कर रहे हैं। पंडाल निर्माण में लगभग 8 लाख रुपए की कुल लागत आएगी। पंडाल के अंदर का डेकोरेशन दुगार्पुर के कलाकार गौराचन्द्र दे के द्वारा केदारनाथ मन्दिर का आकर्षक दृश्य बनाया जा रहा है। वहीं साज सज्जा, साउंड और लाइटिंग का जिम्मा प्रवीण साउंड को हैं। मूर्ति का निर्माण लकड़का के सुभाष कुंभकार के द्वारा किया जा रहा। संचालक ने बताया कि पूजा में लगभग 10 से 11 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावे भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मौत का कुआं, टोरा टोरा झूला, तारामची मीना बाजार, बच्चों के लिए आकर्षक झूले भी लगाया जा रहा हैं। सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे भी सभी जगह लगाए जाएंगे। दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी का गठन कर दिया गया। जिसमें संरक्षक राजेश प्रसाद पासवान,अध्यक्ष पीएस चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष आलोक नाथ गुप्ता , जायनाथ महतो व मोहम्मद हैदर अली खान,सचिव विजय महाजन, कार्यकारिणी सचिव बिल्लू चटर्जी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सहायक सचिव अनिल कुमार सोनी व संतोष कुमार राय के अलावे श्याम किशोर कल्लू, संतोष राजभर, संतोष प्रभाकर, सत्येंद्र यादव, सहित 50 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य है।



**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**
**Expression of Interest (EoI)**

15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध मद) से कोडरमा जिलान्तर्गत लखीबागी स्थित कर्दम ऋशि पार्क में BEAUTIFICATION AND UP-GRADATION IN SERVICES OF KARDAM RISHI PARK IN KODERMA का कार्य किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तों के साथ मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक कम्पनी/फर्म **दिनांक 04.11.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक** संलग्न शर्तों के अनुरुप मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) जिला परिशद कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त EoI को दिनांक **04.11.2023 के अपराह्न 03:00** बजे इस हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

EoI की शर्तें, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिशद कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद् कोडरमा

PR 309359 Panchayati Raj(23-24)#D

**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी आवश्यक सूचना
–: दावा–आपत्ति हेतु आम सूचना :–

निदेशानुसार जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा द्वारा मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन आम सूचना संख्या 01/2023, PR No. 305358/ Date. 23-08-2023 द्वारा प्रकाशित कर विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in से अभ्यर्थियों का प्राप्त आवेदनों को डाउनलोड कर आवेदन में संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर औपबंधिक प्रारंभिक सूची जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि औपबंधिक प्रारंभिक सूची में जाति, जन्म तिथि, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता के आधार पर दिये गये अंक यथा अन्य योग्यताएँ/प्रमाण पत्र, शपथ पत्र में कोई अंतर अथवा त्रुटि हैं, तो दावा–आपत्ति के तहत सुधार एवं निराकरण हेतु कार्यालय दिवस में दिनांक 26/10/2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित (स्व अभिप्रमाणित कॉपी) निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट या स्वयं उपस्थित होकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से आवेदन समर्पित कर सकते हैं।

उक्त निर्धारित तिथि के समय–सीमा के पश्चात किसी प्रकार के दावा–आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही सभी अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि अभ्युक्ति कॉलम ¼Remarks column) में अंकित किये गये टिप्पणी पर अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे एवं आपके द्वारा संलग्न किये गये शैक्षणिक प्रमाण पत्र यथा अन्य प्रमाण पत्र सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से निर्गत हैं, का साक्ष्य समर्पित करेंगे।

नोटः– उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी को जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
कोडरमा

PR.NO.309348 Rural Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
1st Call

निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-16/2023-24 दिनांक–17.10.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 28/10/2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 07/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य Online Submit करने की तिथि एवं समय :– 07/11/2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन के माध्यम से।
6. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 08/11/2023 को 05:00 बजे अपराह्न।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
8. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0. :– 9973003856
10. ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन न0. :– 0651–2490920

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtrs (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump on turnkey basic in different location in Garhwa district for the year 2023-24. | GAR/GPT/ 60 mtr-01 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-02 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-03 | 40 Nos | 58,91,206.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-04 | 26 Nos | 38,29,284.00 | 77,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | | GAR/GPT/ 60 mtr-05 | 14 Nos. | 20,61,922.00 | 42,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

नोट –(1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट न0- http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(3) झारखण्ड सरकार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची–4 का आदेश ज्ञापांक 120, राँची दिनांक 03.10.2023 द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,गढ़वा

PR 309395 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# न्याय-अन्याय

देश के न्यायलयों से जो परिणाम निकलते हैं उनमें कुछ सामान्य जनों के लिये निराशाजनक होते हैं। अपराध और हिंसा से अधिकांशत कमजोर तबका ही प्रभावित होता है। निठारी कांड के आरोपी जिन्हें निचली अदालत ने मृत्यु दंड दिया था उसे इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया है। यह मामला देश के अपराधिक इतिहास का एक ऐसा मामला था जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। दर्जनों बच्चों के साथ पाशविक कृत्य और उसके बाद उनकी हत्याका मामला खूब चर्चा में रहा था। लेकिन इस मामले के लिये जिस प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने चाहिए थे निश्चित तौर पर वैसे साक्ष्य प्रस्तुत करने में जांच एजेंसिया विफल रही है। पहली बात तो न्याय में इतना देर होता है कि सजा के प्रभाव पर बहस ही निरर्थक हो जाता है। विशेषकर ऐसे अपराधिक मामलों में जिनमें आरोपी संपन्न समाज से आता हो और सामने निर्धन और सामान्य लोग हो तो वहां न्याय का पलड़ा न्याय से अधिक अन्याय कर देता है जैसा इस निठारी कांड के नाम से चर्चित मामले में हुआ है। सवाल उठता है कि दर्जनों बच्चों के गायव होने और आरोपी के घर से इनके साक्ष्य बरामद होने के बाद भी कौन सी कमी बची रह गयी या जान बूझकर छोड़ दी गयी जिससे आरोपी बरी हो गया। समाज में न्याय के लिये लड़ने वालों का ऐसे मामलों से साहस टूट जाता है। देश में 4 करोड़से अधिक मामले लंबित है। देश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अगर अपराधियों को सजा मिलने का प्रतिशत कम से कम होता गया तो इसके परिणाम भयावह होंगे। न्याय की अपनी सीमा है और वह साक्ष्य पर आधारित है। साक्ष्य का सीधा संबंध पुलिस और जांच एजेंसियों से है जिन्हें पूरी तरह से प्रभावी परिणाम मूलक कार्य के लिये जाना ही नहीं जाता। इससे न्याय-अन्याय को विश्लेषण कठिन हो जाता है।

# तेज वृद्धि

भाश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध की भी बड़ी भूमिका है, जिसके चलते पेट्रो उत्पादों के दाम कुलांचे भरते रहे हैं। जहां यह क्षेत्र देश में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करता है वहीं रोजगार का भी बड़ा जरिया भी है। ग्रामीण रोजगार में वृद्धि के आकड़ें यही संकेत दे रहें हैं। देश का केंद्रीय बैंक भी भरोसा जता रहा है कि चौथी तिमाही तक देश की अर्थव्यवस्था अपनी पुरानी लय में लौट आएगी। सरकार को महंगाई के स्तर पर नियंत्रण के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के बावजूद भारतीयों की खपत बढ़ने से घरेलू बाजार में मांग बढ़ी है। इससे विदेशी निवेश में भी सुधार देखा जा रहा है। इससे एक ओर जहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार को भी मजबूती मिलेगी। बहरहाल, जब दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यस्थाएं सुस्ती की चपेट में हैं, हमारी विकास दर भरोसा जगाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। विकास दर 6 प्रतिशत के उपर रहने की भविष्यवाणी तो विश्व बैंक भी कर रहा है। धान की कुल रोपाई में वृद्धि भी एक बेहतर संकेत दे रहा है। लेकिन अन्य खाद्यान्न को लेकर भी संतुलन बनाना होगा। खाद्य सुरक्षा देश की सबसे बड़ी आवश्यकताओं में है जिसकी नीतियां बेहतर और चुनावी रेवड़ियों से हटकर होनी चाहिए अन्यथा देश में एक बड़ी समस्या खड़ी हो जायेगी।

# व्यावहारिक योग

**विचार-प्रवाह**

**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**बीसवीं** शताब्दी में योग को कुछ व्यक्तिगत रूप से देखा गया था जो कोई स्वास्थ्य और आनंद प्राप्त करने के लिए कर सकता था। लगभग पचास साल पहले योग के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण उभरने लगा था। योग विषय पर कई लोगों ने लिखा था, लेकिन यह सिद्धांत ही था। श्री अरबिंदो ने योग पर बात की, लेकिन जोर व्यावहारिक पहलुओं पर नहीं था। स्वामी विवेकानंद ने योग पर भी बात की, लेकिन बिना शारीरिक प्रयोग के। उन दिनों में लोग योग के व्यावहारिक दृष्टिकोण को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए संतों और संतों ने योग की दार्शनिक अवधारणाएं और परिभाषाएं प्रदान की थीं।
1950 के दशक में कुछ योगियों ने योग के व्यावहारिक पहलुओं को सिखाना शुरू किया, लेकिन अभ्यास केवल आध्यात्मिक ज्ञान के लिए माना जाता था। बाद में, जैसा कि लोगों ने शारीरिक स्वास्थ्य और कल्याण का अनुभव किया, अवधारणा बदल गई और योग को शारीरिक फिटनेस और जीवन शक्ति प्राप्त करने की एक विधि के रूप में देखा गया। तब ध्यान के माध्यम से शारीरिक से मानसिक रूप से कूद पड़ा। ध्यान को एक प्रकार के चमत्कार के रूप में देखा गया जिससे तत्काल ज्ञान हो सकता है। जैसा कि लोगों ने ध्यान किया, उन्होंने पाया कि मन की लंपटता को नियंत्रित करना संभव है, साथ ही साथ अपने मानसिक और आध्यात्मिक स्वभाव के साथ खुद को आकर्षित करना संभव है।इस बीच, कुछ विचारकों और पेशेवरों ने योग के मानव व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव की जांच शुरू की।

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

## जीवन की शिक्षा

**माता-पिता** और अध्यापकों के रूप में हम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। सरकारें अच्छी शिक्षा के दावे और नौकरियां देने के वादे करते नहीं थकतीं। लेकिन मौजूदा स्थिति बच्चों को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने के बजाय अंधेरी सुरंग में धकेल रही है। साझे प्रयासों द्वारा ही युवाओं को मौजूदा शिक्षा के नकारात्मक प्रभाव से बचाया जाए। **-शोभना, रांची**

## खोखला विकास

देश दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था के दावों के बीच कुपोषण, भुखमरी, कई बीमारियों का पदार्फाश करने वाला था। एक तरफ देश में अनाज के भंडार भरे हैं तो दूसरी तरफ लगभग 18.7 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। देश में कितने भी विदेशी मुद्रा के भंडार हों, शेयर बाजार में तेजी हो, लेकिन यदि बच्चे कुपोषित हों, बीमारियों से पीड़ित हों।

**– रविकांत सिंह, रांची**

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ हो



**प्रधानमंत्री** ने कहा था कि लोकसभा एवं राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विषय पर चर्चा शुरू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार अलग-अलग समय पर चुनाव होने से देश में हमेशा मतदान जैसा माहौल बना रहता है, जिससे प्रशासनिक असुविधाओं के साथ ही आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में भी बाधा पहुंचती है।

बात यहां तक तो ठीक है, लेकिन एक ठोस सवाल यह है कि लगभग दो अरब लोग साथ-साथ मतदान करेंगे तो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था कैसे हो पाएगी। यह भी मान लें एक निश्चित अवधि में, मसलन 12 हफ्तों के दौरान, मतदान की प्रक्रिया चलती है तो भी क्या इसका प्रबंधन करना आसान होगा? क्या इसमें प्रशासनिक एवं मतों की गिनती आदि में आने वाली दिक्कतों का अंदाजा लगाया जा सकता है? चुनाव आयोग इन विषयों पर विस्तार से सब कुछ बतानें की स्थिति में होगा। दूसरी तरफ एक विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ से बढ? पर होने वाले कुछ नुकसान से जुड़ा पहलू भी उठाया जा सकता है। आर्थिक सुधार तेज गति से नहीं होने से अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान पहुंचता है? अर्थशास्त्री इस पर विस्तार से बता पाने की स्थिति में होंगे।

## निष्क्रियता का बहाना

तो क्या यह व्यावहारिक क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों बनाम उत्पादन नुकसान से जुड़ा विषय है, जो बाद में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का कारण बनता है? क्या यह स्थिति ठीक है? अगर ऐसा नहीं है तो स्पष्ट नजर आने वाली एक मुश्किल परिस्थिति का दूसरा विकल्प क्या है?

पिछले दो दशकों से मैं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ कराने की वकालत करता रहा है। मेरे कई सुझाव प्रशासनिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक आधारों पर खारिज किए जा चुके हैं। मैं इन आपत्तियों की समीक्षा करना चाहूंगा।

पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।



**-मनोज शर्मा**

> पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।

राजनीतिक दलों का मानना है कि मतदाता सत्तासीन दलों के प्रति पूर्वग्रह से ग्रसित होंगे, खासकर तब जब उनमें कोई केंद्र में सत्तारूढ़ होगा। हालांकि पहली आपत्ति के संबंध में साक्ष्य पूरी तरह निष्कर्ष पर पहुंचाने वाले नहीं हैं। इसके बजाय यह दूसरी चिंताओं की तरफ इशारा करता है।

मतदाता को नासमझ नहीं माना जा सकता। वे निवर्तमान सरकारों को सबक सिखाने के साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बीच अंतर और महत्त्व को भली-भांति समझते हैं। तीसरी आपत्ति सांविधानिक है, जो अधिक गंभीर है। इनके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी, जो कतई आसान काम नहीं होता है। अंत में मामला इस प्रश्न पर आकर टिकेगा कि साथ-साथ चुनाव कराने से संविधान के मूलभूत ढांचे में बदलाव आएगा या नहीं? मुझे ऐसा नहीं लगता, लेकिन कई दूसरे लोगों को ऐसा लगता है। केवल उच्चतम न्यायालय ही इसका निर्णय ले सकता है।

## अलग हो सोच

तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद हमें एक अच्छा एवं अनोखा समाधान चाहिए नहीं तो अनुच्छेद 370 की तरह ही हम इस विषय पर भी बहस करते रह जाएंगे। अगर ऐसा कोई समाधान निकलता है तो इसके तीन हिस्से हो सकते हैं। सबसे पहले चुनाव आयोग के पास ऐसी तकनीक उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे वह एक साथ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कार्य संपन्न कर सके। इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल मौजूदा 60 महीनों से बढ़ाकर 66 महीने किया जाना चाहिए। यह अतिरिक्त छह महीने चुनावों-दो महीने लोकसभा और चार महीने विधानसभा- के लिए होना चाहिए।

## कुछ बेहतर प्रयोग

तीसरे उपाय के रूप में एक क्षेत्रीय संसद की व्यवस्था होनी चाहिए, जो लोकसभा के सदस्यों का चुनाव कर सके। मैं इसके लिए भी पिछले दो दशकों से जोर देता रहा हूं। क्षेत्रीय संसद का चुनाव राज्य विधानसभाओं का एक समूह करेगा। इस क्षेत्रीय संसद में शुद्ध स्थानीय हितों को जगह मिलेगी क्योंकि लोकसभा सांसद अपनी भूमिका बिल्कुल अलग रूप में देखेंगे। ऐसी व्यवस्था तैयार करने के लिए यूरोपीय संसद से सीख ली जा सकती है।

अंत में, गहरे राजनीतिक सुधार को परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना उपयुक्त नहीं माना जा सकता है और कम से कम इसे परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना तो और गलत बात होगी। 19वीं शताब्दी में इटली के अर्थशास्त्री विलफ्रेडो परेटो ने कहा था कि एक जगह विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ बढ़ता है। तभी सही माना जा सकता है जब इस प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।

सवाल यह भी है कि सरकारों पर अंकुश लगाने में इन बीच के चुनावों का बड़ा रोल होता है। आज पेट्रोलियम के बढ़ें मूल्य से आम लोग परेशान है महंगाई का एक बड़ा कारण है हिमाचल की हार का यह एक बड़ा कारण है। पांच साल तक अंकुशपूर्ण शासन की प्रकिया लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये आवश्यक है। आर्थिक पहलू परविमर्श आवश्यक है और चुनाव सुधार से आर्थिक कठिनाई कम हो जायेगी अगर चुनाव फिनलैंड की तर्ज पर ऑनलाइन करा दिया जाए।

एक छोटी आबादी को छोड़कर दूसरे समूहों के लिए इस सिद्धांत का लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव है। दुर्भाग्य से सभी गैर-सुधारवादी इसी मानदंड का पालने करने की तरफ झुकाव रखते हैं। यह निष्क्रियता एवं पूर्ण बरबादी के लिए तैयार नुस्खे जैसा ही है। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि)

**खास बात**

## कानून की अवधारणा

**सोमसुंदरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

**या** देवी सर्व भूतेषु, शक्तिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥
माँ आदिशक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय #नवरात्रि पर सभी को अनंत शुभकामनाएं।
**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

**आपके ट्वीट**

**प्रतिस्पर्धा** का समय है, उसमें राज्य के बच्चों को समय की मांग के अनुरूप शिक्षा देने की आवश्यकता है, जो वर्तमान वक्त की मांग है। उसको लेकर जे-गुरु लर्निंग एप लॉन्च किया है।
**– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**





**अन्नदाता** सड़कों-मैदानों में धरना दे रहे हैं,
और
झूठ टीवी पर भाषण!
किसान की मेहनत का हम सब पर कर्ज.है।
**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

# कॉरपोरेट घरानों को बैंक का लाइसेंस देने का वक्त

**तमाल बंद्योपाध्याय**

**इस** बारे में अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। यह प्रतिक्रिया एक वरिष्ठ बैंकर ने उस समय दी जब उनसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंतरिक कार्य समूह की उस रिपोर्ट के बारे में पूछा गया जो निजी क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व मानकों और कॉर्पोरेट ढांचे से संबंधित है। समूह ने अन्य बातों के साथ यह अनुशंसा की है कि बड़े कारोबारी घरानों को चुनिंदा शर्तों के साथ बैंकिंग कारोबार में प्रवेश करने दिया जाए। बैंकर का मानना है कि पश्चिम भारत के चुनिंदा बड़े कारोबारी घराने जल्दी ही बैंकिंग कारोबार में नजर आ सकते हैं।

वह ऐसा क्यों कह रहे हैं? क्या उन्हें कुछ ऐसा पता है जो बाकी लोगों को नहीं पता? सपाट चेहरे के साथ वह कहते हैं कि जब समूह के अधिकांश सदस्य खिलाफ थे तो यह अनुशंसा रिपोर्ट में कैसे आई? दरअसल पांच में से चार सदस्य कारोबारी घरानों को बैंकिंग कारोबार में प्रवेश देने के खिलाफ थे। यह एक अतिरंजित नजरिया है। दूसरा नजरिया कहता है यह आरबीआई की रिपोर्ट नहीं है। क्या इसे गंभीरता से लेना चाहिए? संभव है कि इस अनुशंसा को आरबीआई की इजाजत न मिले। हो सकता है अंतिम निर्णय लेने के लिए एक बाहरी समिति का गठन हो। यदि बड़े औद्योगिक घरानों को बैंक खोलने की इजाजत मिल गई तो क्या होगा? सन 2013 के लाइसेंस मानकों में भी उनके प्रवेश का विरोध नहीं किया गया था। उस वक्त करीब दो दर्जन कॉर्पोरेट घराने बैंक खोलना चाहते थे

**आर्थिक**

लेकिन आरबीआई ने किसी को इसके काबिल नहीं पाया। उनमें से दो ने तो चयन के पहले ही अपने आवेदन वापस ले लिए थे। एक शर्त यह थी कि बैंक का संचालन एक नॉन ऑपरेटिव फाइनैंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से किया जाए।

बाद में जब बैंकिंग नियामक ने स्मॉल फाइनैंस बैंकों के लिए आवेदन मंगाए तो बड़े कारोबारी घरानों को इसकी इजाजत नहीं दी गई। कार्य समूह इसे उलटकर बैंकिंग क्षेत्र को उनके लिए खोलना चाहता है। क्या जरूरी है कि इस बार आरबीआई इन घरानों को बैंकिंग कारोबार के लायक पाएगा? लोग कॉर्पोरेट के बैंकिंग कारोबार में प्रवेश के खिलाफ क्यों हैं? दुनिया भर में इस विषय पर सहमति नहीं है। जापान में इलेक्ट्रॉनिक वस्तु निमार्ता बैंक चलाते हैं। ब्रिटेन में खुदरा शृंखला मालिकों के बैंक हैं लेकिन अमेरिका में इसकी मनाही है। भारत को बैंकों की जरूरत है और बड़े कारोबारी घरानों के पास इस कारोबार के लिए पूंजी है लेकिन अधिकांश लोग उन्हें बैंकिंग में नहीं देखना चाहते क्योंकि संचालन को लेकर सवाल उठ सकते हैं। कई बड़ी कंपनियों पर लोगों का यकीन नहीं है कि वहां संचालन बेहतर होगा। कुछ ऐसे भी हैं जो बैंकिंग तंत्र का दुरुपयोग कर चुके हैं। कार्य समूह ने बैंकिंग में कॉर्पोरेट के प्रवेश को लेकर दो अहम शर्तें रखी हैं। उनमें से एक है बैंकिंग नियमन अधिनियम में संशोधन करना ताकि संबद्ध ऋण और बैंकों तथा समूह की अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय कंपनियों के बीच के खुलासे से निपटा जा सके। फिलहाल अधिनियम की धारा 20 बैंकों को निदेशकों को कोई ऋण या अग्रिम देने से रोकती है। संशोधन के जरिए तथाकथित संबद्ध ऋण को रोका जा सकता है। एनओएफएचसी ढांचा भी मददगार होगा।

दूसरी शर्त है बड़ी कंपनियों के लिए आरबीआई की निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाना। इसमें यह सुझाव भी है कि बैंकिंग नियामक खुद को मजबूत बनाने के लिए कानूनी प्रावधानों का भी परीक्षण करे। परंतु आरबीआई ऐसा कर रहा है यह कैसे पता चलेगा?

(यह लेखक का निजी विचार है।)

# कंपनसेशन क्या है? आखिर क्यों होता है विवाद



**अजयदीप बाधवा**

जीएसटी कंपनसेशन सेस क्या है जब भारत में सरकार ने वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लाने की बात आरंभ की थी तो कुछ राज्यों और राजनीतिज्ञों द्वारा उसका विरोध किया गया। कुछ राज्यों के विरोध के पीछे उनका अपनी आमदनी कम होने का भय था। ऐसा भारत के विकसित राज्य, जैसे महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात आदि ज्यादा सोच रहे थे। इस सोच के पीछे कारण भी गलत न था। वस्तुतः भारत में दो प्रकार के राज्य थे, (या आज भी हैं) एक वो जिनके यहां बहुत उद्योग धंधे थे और हैं वा विकसित हैं, और दूसरे ओर वैसे राज्य, जहां औद्योगिक विकास काफी कम था, पर जनसंख्या बहुत ज्यादा थी, जैसे बिहार, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि। पहले प्रकार के राज्यों को भय था कि जीएसटी आने के बाद ना सिर्फ विक्रय कर (सेल्स टैक्स / वैट) और एक्साइज ड्यूटी बंद हो जाएगी जो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा थी, साथ ही जीएसटी की कमाई भी कम होगी क्योंकि जीएसटी एक डेस्टिनेशन आधारित कर प्रणाली है जिसका इसका मतलब था उत्पादों को बनाने वाले राज्यों के स्थान पर उन राज्यों को अधिक जीएसटी आय मिलेगी जहां ये उत्पाद बिकेंगे। उनका मानना था

**आर्थिक**




कि वैसे राज्य जो स्वयं ज्यादा उत्पादन नहीं करते, बल्कि दूसरे राज्यों के उत्पादों का उपभोग करते है, की आमदनी बढ़ जाएगी क्योंकि उनकी जनसंख्या ज्यादा है।दूसरे शब्दों में कहें तो यह माना जा रहा था जो राज्य मेहनत कर औद्योगिक विकास बढ़ा रहे है उनकी आमदनी घट जायेगी और निकम्मे राज्यों की बढ़ जाएगी। चुकि यह बात कुछ हद तक सही भी थी तो भारत सरकार ने इसके लिए जीएसटी कंपनसेशन (क्षतिपूर्ति) सेस का रास्ता निकाला । भारत सरकार ने यह निर्णय लिया कि वह कुछ वैसे उत्पादों और सेवाओं पर सामान्य जीएसटी के अलावा जीएसटी सेस लगाएगी जिनका प्रयोग आम व्यक्ति नहीं करता है और उस से होने वाली आमदनी से वैसे राज्यों को भरपाई करेगी जिनकी आमदनी जीएसटी आने के बाद कम हो जाएगी। जीएसटी आने के बाद भारत सरकार ने ऐसा ही किया और कई उत्पादों पर जीएसटी कंपनसेशन सेस भी लगा दिया और उस से होने वाली आमदनी राज्यों के बीच उनको होने वाली हानि के हिसाब से वितरित करनी आरंभ कर दी। आरंभ में यह सेस 1 जुलाई 2017 से पांच वर्ष के लिया लगाया गया था पर इस वर्ष 1 जुलाई 2022 से इसे और आगे पांच साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### देवी के जयकारों से गूंजा भुरकुंडा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीणें क्षेत्रों के मंडप, मंदिर व घरों में नवरात्रि महापर्व के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालु भक्तों ने पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा की नव शक्तियों का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटाकी पूजा-अर्चना किए। साथ ही अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना किए। संध्या में माता की आरती की गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। नवरात्र को ले कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चौक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा, शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है। इधर सयाल मोड भुरकुंडा स्थित मां शीतला मंदिर में पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### वित्तीय साक्षरता की दी गयी जानकारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आरबीआई के निर्देशानुसार अग्रगति संस्था द्वारा प्रखंड कार्यालय पतरातू में मंगलवार को वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर में आरबीआई प्रोजेक्ट की सेंटर को-ऑडिनेटर पम्मी कुमारी ने वित्तीय साक्षरता व बैंक से जुड़े विभिन्न योजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी । इसके तहत जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, केसीसी लोन,मुद्रा लोन, पेंशन योजना और साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी पम्मी कुमारी ने दी। इस दौरान ब्लॉक के कर्मचारियों को भी इस लाभ से जोड़ा गया। मौके पर अग्रगति संस्था के जिला को-ऑडिनेटर बिलाल अंसारी, सीएफएन विकास पटेल, सभी पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य एवं बैंक बीसी मौजूद थे।

### अग्रसेन डीएवी में बच्चों ने किया नाटक



**कुजू।** अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर में नवरात्रि के अवसर पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने 'मां दुर्गा' पर आधारित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कक्षा एलकेजी के बच्चों ने नवदुर्गा के विभिन्न रूपों को लघुनाटिका के माध्यम से प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं कक्षा यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने बंगाली नृत्य प्रस्तुत कर सबको झूमने पर विवश कर दिया। प्रथम कक्षा के बच्चों ने जहां विजयालक्ष्मी नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं द्वितीय कक्षा के बच्चों ने गरबा नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे (पीआरसी) मौजूद थे। वहीं एन के अयंगर और विजयालक्ष्मी अयंगर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर ने बच्चों को प्रेरित और उत्साहित करते हुए कहा कि दशहरा का पर्व बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। मां दुर्गा की आराधना कर हम बुराइयों पर विजय प्राप्त करने की कामना करते हैं जिससे मानव मात्र का कल्याण हो सके। मुख्य अतिथि कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उन्हें अच्छाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। एन के अयंगर ने नवरात्रि की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के द्वारा सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया एवं विजयलक्ष्मी आयंगर ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शिल्पा ने किया. जबकि कल्पना ने दुर्गा पाठ किया तथा शिक्षिका रूबी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक नीरज पाठक एवं सुमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### फेसबुक पर किया आपत्तिजनक पोस्ट

भुरकुंडा (रामगढ़)। फेसबुक पेज पर हिन्दू समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में भुरकुंडा पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी के फेसबुक से आपत्तिजनक पोस्ट डिलीट कराकर आगे से पोस्ट नही करने की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा जवाहरनगर निवासी सह सीसीएल में वरीय ओवरमैन के पद पर कार्यरत श्याम सुन्दर प्रसाद ने अपने फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट डाला था। जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पोस्ट डीलिट करवाया। भविष्य में इस तरह का पोस्ट नहीं करने का चेतावनी देकर छोड़ दिया। ज्ञात हो कि काफी लंबे समय से श्याम सुन्दर प्रसाद फेसबुक पोस्ट के माध्यम से समाज में जहर घोलने का काम कर रहे थे। झारखंड का आदिवासी समाज और हिन्दू समाज के बीच आपसी मतभेद कराकर दोनों को लड़ाने का प्रयास किया जा रहा था। इन्होंने स्टालिन के सनातन धर्म को समाप्त करने की बात का भी समर्थन किया था। जिसे लेकर हिन्दू संगठनों द्वारा रामगढ पुलिस अधीक्षक को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई थी।

# दिव्य व अलौकिक है मां छिन्नमस्तिका मंदिर

- कामाख्या मंदिर के बाद दुनिया के सबसे विख्यात शक्तिपीठ के रूप में लोकप्रिय हैं मंदिर
- थाईलैंड से लाये गये राजहंस फूलों से मंदिर को सजाया गया
- कई मायनों में अद्भूत है रजरप्पा का मंदिर: लोकेश और छोटू पंडा

कृष्णा करमाली

**रजरप्पा ।** भैरवी और दामोदर नदी के संगम पर स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर असम के कामाख्या मंदिर के बाद दुनिया के सबसे विख्यात शक्तिपीठ के रूप में लोकप्रिय हैं। रजरप्पा का यह सिद्धपीठ केवल एक मंदिर के लिए ही विख्यात नहीं है, बल्कि इस मंदिर के अलावा यहां महाकाली मंदिर, सूर्य मंदिर, दश महाविद्या मंदिर, बाबा धाम मंदिर, शंकर मंदिर और विराट रूप मंदिर के नाम से कुल सात मंदिर हैं। मंदिर के सामने बलि का स्थान है। इस स्थान पर रोज 100-200 बकरों की बलि दी जाती हैं। कहते हैं कि एक बार भूख से तड़पती मां छिन्नमस्तिका ने अपना ही सिर काट लिया था। इसलिए इन्हें छिन्नमस्तिका कहा जाता हैं। माता का यह स्वरूप अत्यंत ही रौद्र है। मंदिर के निर्माण काल के बारे में पुरातात्विक विशेषज्ञों में मतभेद है। कई विशेषज्ञ का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण 6 हजार साल पहले हुआ था और कई इसे महाभारतकालीन का मंदिर बताते है। मान्यता की उस समय यह मंदिर स्वयं अस्तित्व में आया था. हालांकि हाल के वर्षों में इसमें कई निर्माण किए गये है। लोगों का मानना है कि यहां पर मांगी गई मुराद जरूर पूरी होती है। लोगों की मुराद जब पूरी हो जाती है तो बकरे की बलि भी लोग देते है। पंडित लोकेश पंडा एवं छोटू पंडा के अनुसार मां भगवती का दरबार हजारो वर्ष पुराना है। इसकी उत्पति को लेकर कई कहानियाँ है। पर ये सत्य है की यहां सभी की मनोकामना पूरी होती है।

रांची से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके का मंदिर अवस्थित है। सुबह से शाम तक मंदिर पहुंचने के लिए बस, टैक्सिया एवं ट्रैकर उपलब्ध है। वही कोलकाता के कलाकारों ने मां छिन्नमस्तिके दरबार को कोलकाता के सुप्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर की प्रारूप में बड़ी सुंदर आकृति दी है।



थाईलैंड से मंगाए गए एन्थुरियम (बहुत ही खूबसूरत पौधा है जिसे हिंदी में राजहंस के नाम से जाना जाता है) फूलों से इस मंदिर को सजाया गया है। मंगलवार को सजे हुए मंदिर को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे। शारदीय नवरात्र के मौके पर अगले 6 दिनों तक यह मंदिर प्रांगण फूलों की खुशबू से महकता रहेगा। यहां कई प्रदेशों के श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे।

# हेल्थ वेयरहाउस का डीपीआर एक हफ्ते में बनायें : उपायुक्त

### डीएमएफटी के कार्यो की डीसी ने की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। डीएमएफटी एवं पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले के और भी लोगों को स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना का लाभ देने के उद्देश्य से डीएमएफटी टीम को एक और वाहन शुरू करने हेतु एक सप्ताह के अंदर योजना तैयार करते हुए आगे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से तैयार किये गए रोस्टर व रूट चार्ट के अनुसार वाहन संचलित करने का निर्देश दिया।

सदर अस्पताल, रामगढ़ के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जमीन का सत्यापन कराते हुए एक सप्ताह के अंदर डीपीआर निर्माण का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एक समिति गठित करते हुए सदर अस्पताल के प्रत्येक प्रभागों अंतर्गत सर्जरी हेतु आवश्यक उपकरणों एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को दुर्गा पूजा के पहेले प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रूटनी समाप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के उद्देश्यों की परिपूर्ति हेतु लाभुकों के बीच जल्द से जल्द बकरियों का वितरण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### हजारीबाग नगर आयुक्त ने पंडालों का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** दुर्गा पूजा, दीपावली तथा छठ महापर्व को देखते हुए, नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान शुरू कर दी है। नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने शहर के मटवारी, कोर्रा चौक, देवांगना चौक ,हुरहुरू तथा बस स्टैंड स्थित पूजा पांडालों का निरक्षण किया। प्रशासक ने वहां के कमिटी को निर्देश दिया कि कूड़ा रखने के लिए उन्हें डस्टबिन खुद लगाना होगा, गंदगी फैलाने पर नगर निगम इसकी सफाई करवाएगी। प्रशासक ने सफाई करवाने के लिए एसबीएम के नोडल पदाधिकारी सह नगर प्रबंधक राजीव रंजन तथा हेड जमादार दीपक गोस्वामी को, स्ट्रीट लाइट के लिए कनीय अभियंता राजकुमार रजवार तथा स्टोन डस्ट के लिए कनीय अभियंता संजय सिंह तथा रामचन्द्र प्रसाद को निर्देश दिया। कोर्रा चौक के पास दुकानदारों ने बाहर अतिक्रमण कर दुकानों को बढ़ा लिया है उसको भी हटवाने का निदेश अतिक्रमण कोषांग को दिया गया। पंडालों के प्रतिनिधि को प्रशासक ने निर्देश दिया कि मूर्ति विषर्जन इस बार तालाबों में प्रतिबंधित है, उन्हें इसके लिए कृत्रिम तालाब बनाना होगा।

## कुजू में बिजली कार्यालय से एक लाख से अधिक की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** हथियार के बल पर रांची रोड स्थित बीआरएल विद्युत प्रशाखा कार्यालय में सोमवार की मध्य रात्रि नकाबपोश सशस्त्र अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बना कर करीब नगद 1 लाख 16 हजार 3 सौ 90 रुपए लूटकर फरार हो गये। मामले को लेकर सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कुजू वीरेंद्र उरांव ने ओपी में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रात करीब 1 बजे 10-12 की संख्या में पहुंचे नकाबपोश अपराधियों ने डयूटी में तैनात तकनीकी सहायक चामू मुंडा व मानव बल बाबी कुमार महतो को हथियार के बल पर कब्जे में लिया। साथ ही उनके हाथ-पैर बांध कर चेहरो को कपड़ा से ढंक दिया। बाद में अपराधियों ने प्रशाखा कार्यालय का ताला तोड़कर व एटीपी मशीन को क्षतिग्रस्त कर 1 लाख 16 हजार 3 सौ 90 रुपए लूट लिए। इसके बाद सुबह विद्युतकर्मी चंद्रमोहन महतो द्वारा घटना की सूचना मोबाइल के माध्यम से वरीय अधिकारियों को दी गई। घटना से कार्यालय में कार्यरत अन्य कर्मियों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है।

## पतरातू में बीडीओ ने बाल विवाह मुक्त भारत का दिलाया शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कृष्णा करमाली** भुरकुंडा (रामगढ़)। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत चल रही अग्रगति संस्था द्वारा मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पतरातू में बाल विवाह मुक्त भारत, यौण शोषण और बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है। उन्होंने बाल विवाह जैसे कुप्रथा के बारे में बताया जानकारी देते हुए इस प्रथा से होने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा भी की।बीडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कुप्रथा व कुरितियों को दूर करने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। बीडीओ ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ भी दिलाया। वहीं संस्था के गुड्डू साव ने चाइल्ड हेल्फलाइन नंबर 1098 के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की अपील भी की। मौके पर संस्था के बिलाल अंसारी, गुड्डू साव, जितेंद्र गोप, प्रीति कुमारी, पम्मी कुमारी, विकास पटेल,पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य एवं बैंक बीसी, ब्लॉक के तमाम स्टाफ आदि मौजूद थे।

# शहीद परिवार को दें सम्मान : उमाशंकर अकेला

**श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित**

एजेंसी



**बरही।** प्रखंड के देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं जिला प्रशासन हजारीबाग के सहयोग से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहले अमृत कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें लोगों ने गांव की मिट्टी कलश में देकर अमृत कलश को और भी पवित्र बना दिया। कलश यात्रा के बाद स्कूल परिसर में कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत किया गया। विधायक उमाशंकर अकेला, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव एवं विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने स्वामी विवेकानंद एवं चंद्रशेखर आजाद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर विधिवत शुरूआत किया। विधायक ने वीर शहीदों को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर आज के युवाओं को चलने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बच्चों के साथ वीर शहीदों के बारे में अपने विचार साझा किया। विधायक श्री अकेला ने कहा कि शहीद परिवार हमारी धरोहर हैं और उनके मान-सम्मान के लिए हम सदैव तैयार हैं। कार्यक्रम में श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोडाहार के शिक्षक विक्रम कुमार, बाल विकास विभाग से सुनीता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के स्वयंसेवक एवं विभिन्न पंचायत से आए मुखिया जनप्रतिनिधि व विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शहीदों को श्रंद्धाजलि देते विधायक व अन्यकार्यक्रम में हमारे देश के वीर शहीदों को नमन कर शहीदों के परिवार वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र संगठन के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश कुमार ने किया। मंच संचालन अमरजीत कुमार ने किया। आकाश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के जरिए हर गांव की मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में रखकर दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां उस मिट्टी का प्रयोग अमृत वाटिका बनाने के लिए किया जाएगा जो हमारे देश के वीरों के सम्मान के लिए होगा।

## एक नजर में

### बड़कागांव में चूड़ी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**बड़कागांव।** ग्रामीणों के समावेशी विकास के लिए कौशल विकास प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। इसी क्रम पकरी बरवाडीह ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ₹लाह-चूड़ी बनाने का प्रशिक्षण₹ प्रदान करने के लिए एक नई पहल की है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में लाह-चूड़ी निर्माण का एक माह का प्रशिक्षण प्रारंभ 'लाह हस्त शिल्प स्वाबलंबी सहकारी समिति' लिमिटेड, रांची की देखरेख में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में परियोजना से सटे कई गांव के महिलाएं भाग ले रही है जिनमें सिकरी, सिंदवारी, डाडीकलां, पकरी बरवाडीह, जुगरा और री-सेटलमेंट कॉलोनी गांवों की लगभग 36 ग्रामीण महिलाएं हैं। लाह-चूड़ी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन ज्योति जलोटा अध्यक्षा जागृति महिला संघ ने किया। मौके पर प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और प्रशिक्षण के महत्व और प्रशिक्षण के पूरा होने तक भाग लेने की आवश्यकता को ग्रामीण महिलाओं को समझाया। श्रीमती जलोटा ने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके वैकल्पिक आय के स्रोत खोजने में अहम भूमिका निभाएगी।

### कटकमसांडी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम




**कटकमसांडी ।** प्रखंड मुख्यालय कटकमसांडी परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के शहीदों को दीप जलाकर उनकी शहादत को नमन किया गया। कटकमसांडी बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कहा कि शहीदों ने अपने अप्रतिम त्याग और बलिदान देकर राष्ट्र की रक्षा की है। उनके इस शहादत का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। कटकमसांडी अंचला अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि आज हम जिस उन्मुक्त हवा में सांस ले पा रहे हैं यह उन महान वीरों का त्याग और बलिदान है। उनके बलिदान को हम सभी नमन करते हैं। समारोह में गांव की मिट्टी को कलश में रख कर अमृत कलश यात्रा की गई और पंचप्राण का शपथ लिया साथ ही सभी लोगों ने शहीदों की याद में एक एक दीपक जलाया। मौके , बीपीओ जयनारायण , जेईई सुमन कुमार,साहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संभू यादव,कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा,कार्तिक कुमार ,मोना खान,मनोज यादव, कुलदीप कुमार, स्वय सेवक कार्तिक राम, नेहा प्रवीण , विकाश, रंजीत कुमार लेखराज ,भोला राणा ,जीवन पप्पु ,एंव,पंचायत के पंचायत सचिव लोग मौजूद थे।

### देवीदयाल कुशवाहा की पांचवीं पुण्यतिथि मनी



**दारू ।** झुमरा में पूर्व कृषि मंत्री देवदयाल कुशवाहा की पांचवीं पुण्यतिथि उनके आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया। मंत्री के पुत्र जयप्रकाश दयाल,कार्यकर्ता एवम सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पुष्प श्रद्धांजलि दी। पूर्व किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष केपी शर्मा ने कहा कि मंत्री हमेशा कार्यकर्त्ता को परिवार की तरह समझते थे और जब कृषि मंत्री थे तो किसानों की उन्नति और तरक्की पर हमेशा ध्यान रखा। पुत्र जय प्रकाश दयाल ने अपने संबोधन में कहा की मेरे पिताजी हमेशा पार्टी को संगठित करने का कार्य किया है जो हमेशा जारी रहना चाहिए। मौके पर लोकनाथ महतो, प्रोफेसर केपी शर्मा, केपी ओझा, अजय साव,विजय वर्मा, रामचन्द्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि, अजय साव, बलदेव बाबू,विजय प्रसाद, प्रदेश प्रभारी रामजी कुशवाहा, अपेश्वर प्रसाद,दिनेश प्रसाद, अशोक कुशवाह, सूरज कुशवाह, आशीष गुप्ता, बिनोद कुशवाहा, विजय शंकर,संजय प्रसाद, ठाकुर महतो, जगदीश महतो, सत्यनारायण कुशवाह, सुदामा महतो , नागेश्वर महतो, विजय वर्मा, रामानंद प्रसाद इत्यादि कई लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव में बीमा मित्र सेवा केंद खुला



**बड़कागांव।** बड़कागांव- टंडवा रोड स्थित बेल चौक के समीप भारतीय जीवन बीमा निगम का बीमा मित्र सेवा केंद्र का उद्घाटन हजारीबाग के मुख्य प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। हजारीबाग शाखा के माध्यम से पांच सैटेलाइट कार्यालय संचालित हो रही है और इसी उद्देश्य से अभिकर्ता रवि टोप्पो के नेतृत्व में बड़कागांव औद्योगिक क्षेत्र में भी ग्राहकों को सेवा देने के लिए यह ग्राहक सेवा केंद्र खोला गया है। दिलीप पांडा ने कहा कि निगम भारत की अग्रणी कंपनी है। आपातकाल में देश को संभालने का काम करती है। सभी उम्र के लिए बीमा उपलब्ध कराती है। कार्यक्रम का संचालन अभिकर्ता रवि टोप्पो ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अनीता देवी, मोहन महतो, सूर्यकुमार सिंह, संजय कुमार, नरेश कुमार, सदानंद शर्मा, कृष्ण सिंह, बलदेव गंझू, राकेश मिश्रा, प्रभा देवी, बुद्धिनाथ महतो, जुगेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरही : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में फ्रूट सलाद सज्जा प्रतियोगिता आयोजित



**बरही।** बरही में संचालित भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के कक्षा षष्ठम की बहनों ने फ्रूट सलाद सज्जा (पाक सज्जा) प्रतियोगिता का आयोजन किया।प्रतियोगिता जूली कुमारी व नेहा मिश्रा के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि खान पान प्रतियोगिता से बहनों में आत्मविस्वास का सृजन होता है और भविष्य में किसी भी कार्य को करने में शारीरिक और बौद्धिक बुद्धि के संयोजन से कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता आती है। कहा कि ताजे फल और सब्जिया विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्वों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्त्रोत है। ज्यादातर लोग अपनी डाइट में सलाद लेना पसंद करते हैं। उनके अनुसार ये काफी फायदेमंद होता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को अपने अपने घरों में फ्रूट सलाद का उपयोग करने की बात कही। कहा कि फ्रूट सलाद हर मौसम में शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। कहा कि फ्रूट सलाद स्वाद और सेहत दोनों का ख्याल रखता है। प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी बहनों का उत्साह वर्द्धन किया गया। सभी आचार्य व आचार्या ने बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्पीड न्यूज

### डाकघर में 16 से 21 तक खुलेगा खाता

**चैनपुर।** डाक घर में 16 से 21 अक्टूबर तक सुकन्या समृद्धि खाता खोला जायेगा। जानकारी देते हुए उप डाकपाल मंगल भगत ने बताया कि 16 से 21 तारीख तक स्पेशल ड्राइव डाकघर में चलाकर सुकन्या समृद्धि खाता खुलेगा। शून्य से 10 वर्ष की बच्चियों का यह खाता खुलेगा। जिसमें बच्चियों को गार्जियन के साथ आकर खाता खुलवाना है। उन्होंने बताया कि यह खाता 250 की न्यूनतम राशि के साथ खोला जा सकता है। सुकन्या समृद्धि खाता में एक वर्ष में न्यूनतम 250 और अधिकतम डेढ़ लाख जमा किया जा सकता है।

### शहर में तीन दिनों से जलापूर्ति ठप

**गुमला।** शहर में पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ गयी है। विशेषकर पर्व के दिनों में शहर की जलापूर्ति व्यवस्था हमेशा चरमरा जाती है। अभी नवरात्र का पवित्र दिन चल रहा है। ऐसे में पानी की जरूरत पूजा समितियों के साथ सभी लोगों को होती है। जलापूर्ति नहीं होने से पूजा में व्यवधान पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर जलापूर्ति ठप होने से शहर की जनता परेशान है।

### वन नेशन वन स्टूडेंट आइडी बनाने के लिए की गयी अभिभावक शिक्षक-गोष्ठी



**भंडरा।** वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी (एपीएआर) के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिटपी में शिक्षक अभीभावक की बैठक हुई। जिसमें प्राचार्य अजय तिर्की ने छात्रों का एपीएआर आईडी बनाने के संबंध में बताया। इसके तहत छात्रों के एपीएआर से सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके पश्चात अभिभावकों ने छात्रों का आईडी बनाने हेतु अपनी सहमति दी। बैठक में 200 अभिभावक मौजूद थे। बैठक में विद्यालय के शिक्षक आनंद ठाकुर, रामप्रवेश गुप्ता, बिना साहू, एडिट कुजूर, चंचल कुमारी एवं अन्य शिक्षक थे।

### एसपी के नाम बनाया फेसबुक अकाउंट

**लोहरदगा।** जिले में इन दिनों साइबर अपराधियों का हौसला सातवें आसमान में है। आम से खास लोगों के साथ अब साइबर अपराधी जिले के आलाधिकारी को भी निशाना बना रहे है। पहले लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे का फर्जी वाट्सअप अकाउंट बनाकर फजीर्वाड़ा करने की कोशिश हुई और अब जिले के रढ हारिश बिन जमां का फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बना कर लोगो को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा है। हालांकि इस मामले की जानकारी होते ही जिले की पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाने वाले की तलाश में टेक्निकल टीम जुट गयी है।

### घर पर हमला करने वाला गिरफ्तार



**गुमला।** डायन बिसाही के शक में गुमला थाना क्षेत्र के खोरा चैरअंबा निवासी जीरा देवी के घर पर हमला करने के आरोपी विजय उरांव को गिरफ्तार कर गुमला पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। मंगलवार को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि 16 अक्टूबर 2023 को जीरा देवी पति जगु गोप के बयान पर गुमला थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। जिसमें जीरा देवी ने पुलिस को बताया था कि अभियुक्त विजय उरांव के पिता करमा उरांव की मृत्यु बीमारी के कारण हो गया था। जबकि विजय उरांव यह कहकर उसके घर पर हमला किया था कि उसका पति जगु गोप बिसाहा है। पूजा पाठ करता है और जादू टोना करके उसने मेरे पिता को मार डाला था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद विजय उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छापामारी दल में थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुअनि गुलाम मुस्तफा, पुअनि मो. मोजम्मील व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बीएलओ और पर्यवेक्षक की बैठक संपन्न



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार घाघरा में मंगलवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 2024 को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में बीएलओ एप का ट्रेनिंग दिया गया। जिसमें प्रपत्र 6, 7 ,8, 6 बी के बारे में एंट्री करने की विधि बतायी गयी। एएमएफ से संबंधित सभी बीएलओ को बीएलओ एप के माध्यम से ऑनलाइन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बीपीआरओ ने सभी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाले युवा मतदाता का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक कार्य करें। ब्लैक एंड व्हाइट एवं पुवर फोटो को रंगीन फोटो में बदलने का कार्य के लिए बीएलओ को एसएसआर 2024 कार्य को पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। साथ ही दिव्यांग मतदाता का सत्यापन करें। इसके अलावा पुनरीक्षण अवधि के दरम्यिान सभी प्रकार के त्रुटियां समाधान मतदाता सूची में व्याप्त को निराकरण करने का भी निर्देश दिया ताकि आने वाले चुनाव 2024 के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण हो सके। मौके पर निर्वाचन विभाग ऑपरेटर ज्योति लाल, शंकर खेरवार, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, नोरबेता टोप्पो, पार्वती देवी, चंद्रमुनि देवी, सहित कई बीएलओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना कठिन

**सिसई।** प्रखंड में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना लाभुकों के लिए जंजाल बन गया है। पहले जन्म प्रमाणपत्र के लिए लाभुकों को फॉर्म भरने के साथ साथ बच्चों का आंगनबाड़ी से जुड़े स्वास्थ्य कार्ड, मां-बाप का आधार कार्ड व शपथ-पत्र का फोटो कॉपी संलग्न कर फोर्म में वार्ड सदस्य, मुखिया, ग्राम प्रधान व पंचायत सेवक से हस्ताक्षर कर जमा कराया जाता था। उसके बाद प्रमाणपत्र बन जाता था। जिसके बाद फिर से एक नये फरमान के तहत अहर्ता पूर्ण के साथ-साथ भरे गये फोर्म में पांच गवाहों का हस्ताक्षर कराने के बाद जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया जाने लगा।

# कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें कार्यकर्ता : बंधु तिर्की

## केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की विफलताओं को जनता के समक्ष करें उजागर : सुखदेव भगत

- कांग्रेस के अग्रणी मोर्चा के साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और लोकसभा प्रभारी ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल बंधु तिर्की, सुखदेव भगत व अन्य कांग्रेसी।

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में मंगलवार को परिसदन भवन सभागार में अग्रणी मोर्चा संगठन की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें गुमला जिला के ओबीसी कांग्रेस, एससी आदिवासी कांग्रेस, अल्पसंख्यक मोर्चा, एनएसयूआई की अलग अलग बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत शामिल हुए।

बैठक में गठित कमेटी का सत्यापन किया गया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प आप सभी कार्यकर्ता लें। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर लोगों का अटूट भरोसा है। सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी समुचित मान सम्मान देती रही है। गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के समर्थकों का गढ़ रहा है। वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यहां के आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा, दलित बेरोजगार युवकों को अपने झूठ झांसे में लेकर आज केंद्र में काबिज है। नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इस देश को नयी दिशा देने के लिए हम सभी को संघर्ष करते हुए पार्टी को मजबूत करना है।

### ...और क्या बोले लोकसभा प्रभारी

लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि गुमला जिला के सम्मानित सभी कार्यकर्तागण बहुत ऊर्जावान एवं मेहनती हैं। आप सभी लोगों के बीच में केंद्र सरकार एवं नरेंद्र मोदी के विफलताओं को उजागर करें। साथ ही यूपीए गठबंधन में पीएम मनमोहन सिंह के द्वारा इस देश को दिए गए कई कानूनी अधिकारों के बारे में लोगों को बतायें। वर्तमान में झारखंड में गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को एवं कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी के साथ करने की आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी किसी के साथ भेदभाव नहीं करती ऐसे में आप सब मजबूती के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्य को लोगों को बताने का काम करें। बैठक में विधानसभा प्रभारी सीमा सीता एक्का, एलडीएम पवन गौतम, समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहु, आशिक अंसारी, दीपनरायण उरांव, अकिल रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, एस सी अध्यक्ष भुवनेश्वर राम, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोहरा उरांव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद साहब, ओबीसी अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, खालिद शाह, फिरोज आलम, तरुण गोप, राजीव रंजन महतो, हंदु भगत एवं सभी कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे।

## समाहरणालय सभागार में मना साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

# समस्याओं के निवारण को लेकर उपायुक्त ने दिये कई दिशा-निर्देश

- 35 से अधिक आवेदकों ने समर्पित किया अपना आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन मंगलवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। जन शिकायत निवारण दिवस में 35 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त को अपना आवेदन समर्पित किया। जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला निवासी मंजू कुमारी ने अपना आवेदन समर्पित कर सुकन्या योजना की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सहायता करने का निर्देश दिया। पालकोट निवासी लालचन्द चकी बड़ाइक ने आवेदन समर्पित करते हुए अपने जमीन विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत करवाया एवं जमीन की जांच करते हुए जमीन के कागजातों की पुष्टि कराने की मांग की। इस दौरान डुमरी प्रखंड निवासी गबरिया तिग्गा द्वारा उनके क्षेत्र के प्रज्ञा केंद्र द्वारा ऑनलाइन राशन कार्ड निर्माण करने हेतु अवैध रूप से पैसे लेकर राशन कार्ड बनाने की शिकायत की। जिसके पश्चात डीपीओ यूआईडी के द्वारा जांच किया गया। जांच उपरांत शिकायत करता के शिकायत सही पाई गई। प्राप्त अनुपालन को देखते हुए उपायुक्त ने एडीएम गुमला को उक्त प्रज्ञा केंद्र के प्रति आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान टोटो निवासी वासी देवी ने अपने क्षतिग्रस्त घर के बदले नये घर की मांग की। उपायुक्त ने स्थान का संबंधित अधिकारियों को निरीक्षण करने को कहा है।

# डीलर की मनमर्जी के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

- डीसी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विरोध करने डीसी ऑफिस पहुंचे ग्रामीण।

**लोहरदगा।** जनवितरण संचालक द्वारा मनमर्जी और अनियमितताओं के खिलाफ मंगलवार को कैरो प्रखंड के गितिलगढ़ के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों जिसमे महिलाएं भी शामिल थी डीसी ऑफिस पहुंचकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। डीसी ऑफिस पहुंचे ग्रामीणों के चेहरे में आक्रोश व सरिता महिला स्वयं सहायता समूह के खिलाफ नाराजगी दिखी।

मौके पर ग्रामीणों का कहना है कि सरिता महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा दो महीने का ठेपा लगवाकर एक महीने का खाद्यान वितरण करने, डिजिटल तौल मसीन के जगह इंटा पत्थल से खाद्यान्न तौलने, कम राशन का वितरण, पिछले 2022 अक्टूबर माह का रासन बहुत कार्डधारकों को नही देने सहित कई गंभीर मामला का शिकायत को लेकर पिछले महीने 23 सितंबर को प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन जमा करने के बाद भी अबतक किसी तरह की जानकारी ग्रामीणों को नही दिए जाने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी थी। और इसी को लेकर मंगलवार को डीसी कार्यालय पहुंचकर ग्रामीणों ने डीसी से अनिमितता की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की।

## सड़क सुरक्षा टीम ने बसिया प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में चलाया जन जागरूकता अभियान

- वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करने के लिए छात्र करें अभिभावक को प्रेरित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा मंगलवार को बसिया प्रखंड के संत जोसेफ इंटर कॉलेज, कोनबीर नोवाटोली एवम विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। स्कूल में अभियान के दौरान लगभग 1300 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और कई व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को प्रेरित करें।

## कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें: मोहन दुबे

- कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड कांग्रेस कार्यालय भंड रा में प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे एवं सह प्रभारी संयारों उरांव उपस्थित हुए। प्रखंड कांग्रेस कमेटी मंडल कमेटी पंचायत कमेटी पंचायत अध्यक्षों की उपस्थिति में एवं विभिन्न कमेटी का बिंदुवार भौतिक सत्यापन किया गया एवं प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने कई दिशा निर्देश दिये। साथ ही उनके द्वारा पूर्ण एवं अपूर्ण कमेटी का शीघ्र ही गठन कर लेने की बात कही गई एवं अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। क्योंकि आप सभी जानते हैं आज देश का माहौल क्या है पूरा देश में अराजकता फैला हुआ है।

### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में गीता चौबे, विशेष कार्य पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/ वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड, रांची भी उपस्थित रहीं। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम समेत निर्वाचन कार्यालय, लोहरदगा के कर्मी भी उपस्थित थे।

### कृषक मित्रों के साथ की बैठक

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय स्थित आत्मा कार्यालय में मंगलवार को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ परिचय बैठक की गयी। जिसमें सभी पंचायत के कृषक मित्रों से परिचय उपरांत सरकार के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कामों में ततपरता व एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ने और कार्यों के निष्पादन को लेकर एक सूची तैयार कर काम करने की बात कही। कहा कि अभी का समय मे किसानों को केसीसी, ऋण माफी, बीज वितरण के अलावे भी अन्य योजनाओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। मौके पर बीटीएम ज्ञान साहू, एटीएम सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, कुश कुमार सिंह, राजनारायण सिंह, प्रतिमा देवी, कुंवर मुंडा, मृत्युंजय तिवारी, शमीम असारी, फुलमनी उरांव इत्यादि कृषक मित्र मौजूद थे।

### महिला विकास मंडल घाघरा में वार्षिक आम सभा



**घाघरा।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला विकास मंडल की वार्षिक आम सभा मंगलवार जग बगीचा घाघरा में की गयी। कार्यक्रम का प्रखंड प्रमुख सविता देवी, जिप सदस्य मानती उरांव, बैंक आफ इंडिया के मैनेजर विकास तिगा, पुनीत कुमार, प्रदान से जितेंद्र यादव, थाना के एसआई विवेक श्रीवास्तव ने शुभारंभ किया। वार्षिक आमसभा में प्रखंड स्तरीय डीएलएफ घाघरा एवं प्रखंड के अंतर्गत तीन सीएलएफ वार्षिक प्रगति रिपोर्ट एवं वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट की प्रस्तुति दी। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य का 3 वर्ष पूरा हो गया है उन सभी मेंबर की वार्षिक आमसभा में विदाई देते हुए नये मेंबर का सर्वसम्मति से चुना। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि महिला विकास मंडल की दीदिया आज पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है और आगे बढ़ रही हैं। निश्चित तौर पर विकास की ओर बढ़ रही हैं। जिप मानती उरांव ने कहा महिलाओं को एकजुट होकर स्वावलंबन की ओर बढ़ने की बात कही।

## डुमरी में भाजपा का अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ

- अमृत वाटिका निर्माण के लिए शहीद के घर से भाजपाइयों ने ली मिट्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डुमरी।** भारतीय जनता पार्टी डुमरी मंडल अध्यक्ष विजय प्रसाद केशरी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान शहीद हुए बिहार रेजीमेंट के जवान जोसेफ तिग्गा के डुमरी मंडल क्षेत्र के कपासगुटरा स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। उसके उपरांत उनके छोटे भाई लॉन्जेनियुस तिग्गा एवं क्लीमेंट तिग्गा ने कलश में मिट्टी भरकर प्रदान किया। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने बताया कि यह अभियान 31 अक्टूबर तक देशभर में चलेगा। देश भर में मिट्टी इकट्ठा करने के बाद ऐसे करीब एक लाख कलश राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचेंगे।

### लेवी मांगने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**गुमला।** दो लाख रुपये लेवी की मांग करने वाले चैनपुर थाना क्षेत्र के मडईकोना निवासी 25 वर्षीय चार्लस मिंज को गिरफ्तार कर गुमला पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि गुमला के मेन रोड के एक कारोबारी से मोबाईल से फोन कर दो लाख रूपये लेवी की मांग की गयी थी। इस संबंध में गुमला थाना में कांड 101/ 23 दर्ज किया गया था। उक्त मामले में पूर्व में एक अभियुक्त अंकित नायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** विशेष कार्य पदाधिकारी-सह-नोडल पदाधिकारी, ईवीएम/वीवीपैट, मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखण्ड गीता चौबे की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला के सभी एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ मतदाता मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में नोडल पदाधिकारी द्वारा एसएसआर-2024 कार्यक्रम में सभी महत्वपूर्ण प्रपत्रों को भरे जाने का तरीका, आवश्यक दस्तावेज के जरिये सत्यापन, मौका सत्यापन, मतदाता और उसके पता का सत्यापन, मतदाता सूची का जीरो एरर के साथ सत्यापन कार्य, बीएलओ/ बीएलओ सुपर वाईजर/ एईआरओ/ ईआर के कार्य की जानकारी दी गयी।

## आउटरिच अभियान : राजकीयकृत बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

# पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता व प्रदर्शनी के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



छात्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते डालसा सचिव।

**गुमला।** सौ दिवसीय आउटरिच अभियान के तहत प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री संजय कुमार चांधरियावी के मागदर्शन पर डालसा के द्वारा मंगलवार को राज्यकृत बालिका उच्च विद्यालय गुमला में महिला सशक्तिकरण, बाल विवाह, बाल उत्पीड़न, बुजुर्ग लोगों के भरण पोषण के अधिकार, साइबर फ्रॉड, डायन उत्पीड़न एवं विभिन्न सरकारी योजनाओ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही वर्ग 8 के छात्राओं के बीच पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमे छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा डालसा के टीम के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि कुमारी द्वितीय ए. प्रवीन तथा तृतीय एस. अंजुम को पुरस्कृत किया गया। वहीं स्कूली छात्राओं ने बाल विवाह विषय में निबंध लेख में भी भाग लिया। जिसमे सिफा नाज, नाजनीन फरहद तथा मोनिका कुमारी के द्वारा लिखित्त निबंधों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार दिया गया। छात्राओं को डालसा के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को डालसा के कार्यकलाप की जानकारी देने के उद्देश्य एवं विधिक सेवा प्राधिकार के उपलब्धियो की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

# डांडिया में झूमती नजर आयी महिलाएं

- अग्रसेन भवन में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नाइट का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डांडिया खेलती महिलाएं।

**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन भवन में डांडिया नाइट का आयोजन हुआ। वही डांडिया नाइट में एक के बाद एक हिंदी फिल्मी गाने, गुजराती और पंजाबी भक्ति गीतों के धुन पर महिलाएं खूब झूमती नजर आये। इससे पूर्व लोहरदगा महिला थाना प्रभारी किरण पंडित समेत आए आगाज अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माली अर्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अग्रवाल समाज की महिलाओं के द्वारा अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। वही बता दें कि कोरोना काल के लगभग 2 वर्ष बाद लोहरदगा जिले में शारदीय नवरात्रि को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिल रही है जिले में जगह जगह पर डांडिया नाइट और भक्ति जागरण का आयोजन कर लोगों को भक्तिमय माहौल का अहसास दिलाया जा रहा है पूरा शहर मां दुर्गा के भक्ति मय माहौल में ढलने लगी है। वही अब कोरोना काल के बाद महिलाएं और पुरुष शारदीय नवरात्रि पर कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते है। मौके पर सैकड़ो अग्रवाल समाज की महिलाएं उपस्थित थी। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला थाना की पुलिस तैनात थी।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत किया गया सरसों बीज किट का वितरण



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत ग्राम सलगा में एवं बारीसाखी पंचायत के अंतर्गत ग्राम डढुआ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना 2023/24 के अंतर्गत ग्राम सभा से बीज वितरण का कार्यक्रम मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम बीटीएम अमरेन्द्र पांडेय एवं एटीएम दीनदयाल कुमार के द्वारा करवाया गया। जिसके तहत सरसों बीज किट का वितरण किया गया। सलगा में 24 महिला किसान दिदी के बीच एवं डढुआ में 41 किसान के बीच सरसों बीज वितरण किया गया। मौके में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती प्रसादी पासवान विनय ठाकुर बद्री यादव जितेंद्र कुमार भारती लालमणि यादव सुनील कुमार भारती प्रमिला कुमारी किसान महिला दीदी उषा देवी मनोरमा देवी कुंती देवी नीतू कुमारी बेवी कुमारी रेखा देवी चांदनी देवी एवं दर्जनों महिला किसान उपस्थित थी।

### दहेज प्रथा के खिलाफ स्कूली बच्चियों ने निकाली प्रभात फेरी




**सिमरिया।** नालसा नई दिल्ली ,झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्य कर्ता सुबोध कुमार शर्मा ,उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।इसके तहत सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकालकर लोगों को खासकर महिला बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई । प्रधानाचार्य उपेंद्र रजक ने बच्चों को डायन भूत एक अंधविश्वास एवं शराब से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। प्रभात फेरी में बच्चे बाल श्रम बंद करो , बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम ,नशा छोड़ो जिंदगी से नाता जोड़ो सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र रजक,जय प्रकाश सिंह सहित अन्य शिक्षको का अहम योगदान रहा।

### श्रम मंत्री ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

**चतरा।** राज्य के श्रम प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा में दुष्कर्म के बाद 13 वर्षीया नाबालिग बच्ची की हत्या कर दिए जाने के मामले में पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही उन्हें यह भरोसा भी दिलाया कि निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं, इस नीति के तहत सरकार कार्रवाई करेगी। पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द होगी और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी हो। मंत्री ने कहा कि इस तरह की घटना निंदनीय है। शर्मसार कर देने वाली घटना है।

### जिला की बैठक में हंटरगंज के प्रमुख ने उठाये ज्वलंत मुद्दे

**हंटरगंज ।** प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना को लेकर जिला में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जोरी हाई स्कूल का जमीन का विवाद को लेकर जल्द सुलझाने एवं विद्यालय भवन निर्माण को लेकर बैठक में रखा। इसके अलावा हंटरगंज पशु चिकित्सालय जर्जर को लेकर नया भवन की मांग की। इसके अलावा जोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की व्यवस्था नही रहने पर खेद व्यक्त किया ।साथ ही जल्द व्यवस्था करने की मांग की है।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है



**इटखोरी।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला में 1993 में दुर्गा पूजा हजारीबाग हिंदू हाई स्कूल के सेवा निवृत प्राचार्य बद्री प्रसाद के अध्यक्षता में प्रारंभ की गई थी। पूजा का प्रारंभ तिरपाल डालकर किया गया था ।आज उसी जगह में समिति के द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कर एवं आकर्षक पंडाल के साथ पूजा किया जाता है। समिति के पूर्व अध्यक्ष बसंत नारायण सिंह पूर्व सचिव बिनय कुमार सिन्हा का अहम योगदान रहा है। इस पूजा में 16 गांव परोका कला, परोका खुर्द, रोमी, कल्याणपुर, सेरद,कनौदी,बिशन पुर,सीरिया , महौदा, बढ़ीचक, हुड़िया, बानाजांग, थवई, लोरम, पकरिया,के सहयोग से ही लगातार पूजा पाठ किया जा रहा है ।इस समिति में बसंत नारायण सिंह,दिलीप सिंह ,गौतम सिंह,प्रत्युष राणा, अभिमन्यु राणा अध्यक्ष बनकर समिति को विकसित करने में अहम योगदान दिए है। समिति का खास फोकस पूजा के साथ साथ मंदिर पंडाल पर भी रहता है ।समिति का पंडाल पूरे प्रखंड से अलग हटकर बनाया जाता है।

# आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा झारखंड, अब मिलेगा अबुआ आवास : मिथिलेश

## मंत्री ने विभिन्न गांवों में पूजा पंडालों का किया भ्रमण, दी सहयोग राशि, पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा से की गढ़वा के सुख समृद्धि की कामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मौके पर संबोधित करके मंत्री

**गढ़वा।** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव व टोला में स्थापित पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री ने पूजा पंडाल में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से गढ़वा की सुख-समृद्धि, अमन-चैन एवं बेहतर विकास की कामना की। उन्होंने गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण प्रदेश वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने सभी पूजा पंडालों में सहयोग राशि भी प्रदान किया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीला कार्यक्रम का मंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान रामलीला के कलाकारों को मंत्री ने सम्मानित भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर असुरी शक्तियों का विनाश किया। कहा जाता है कि जब मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, तब वह समय आश्विन माह का था, इसलिए हर साल आश्विन माह की प्रतिपदा से लेकर पूरे नौ दिनों कर नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है, जिसे शारदीय नवरात्रि कहते हैं। शारदीय नवरात्रि सांसारिक इच्छाओं को पूरा करने वाली मानी जाती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में पहली बार जनता की चुनी हुई झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य की जनता ने झारखंड में देश का एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। सत्ता के लोभियों को यह बात हजम नहीं हो रही है। केंद्र झारखंड के विकास को अवरूद्ध करना चाहती है। यही कारण है कि राज्य से आठ लाख गरीबों के आवास स्वीकृत कर के केंद्र को भेजा गया है। परंतु केंद्र सरकार पैसा नहीं दे रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड अब आवास के लिए केंद्र के भरोसे नहीं रहेगा। झारखंड में अब अबुआ आवास राज्यवासियों को दिया जाएगा। वह भी पूरे तीन कमरा, लैट्रिन, बाथरूम एवं रसोई के साथ दिया जाएगा। उम्मीद है कि कल के कैबिनेट में यह पास भी हो जाएगा। राज्य सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य के सभी गरीब जनता को पक्का छत मिलेगा। दो साल के अंदर राज्य का कोई भी गरीब पक्का छत विहीन नहीं रहेगा। इसे ही जनता के प्रति जिम्मेवारी एवं संवेदन शीलता कहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ऐसी सोच है कि आने वाले समय में हम राज्य एवं राज्यवासियों को इतना समृद्ध बना देंगे कि राज्य की जनता खुद ही राशन कार्ड फाड़कर फेंक देगी व बाजार से खरीदकर अनाज खायेगी। मंत्री ने कहा कि वे जितनी तत्परता से क्षेत्र के विकास के लिए लगे रहते हैं आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने सोचा भी नहीं है। यही कारण है कि गढ़वा में आज चारो तरफ विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। मौके पर मुख्य रूप से चंद्रचूड़ सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अरविंद यादव, संजय सिंह छोटू, शरीफ अंसारी, दीपमाला, फुजैल अहमद, अशर्फी राम, चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डीसी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी, आईपीडी व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, ओपीडी रजिस्ट्रेशन का पोर्टल पर डाटा संधारण समेत कई बिंदुओं पर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी ली। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से प्राप्त राशि और उससे व्यय की राशि पर जानकारी ली। अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सकों द्वारा मरीजों का किस किस बीमारी का ईलाज किया जाता है, इसकी भी जानकारी ली और अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता पर भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सदर अस्पताल में जेनरल सर्जरी व ज्ञनिक हेतु चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया, साथ ही सभी प्रकार के कार्यों का बेहतर तरीके से डाटा संधारण करने को कहा। वहीं आयुष्मान भारत के तहत कार्यरत चिकित्सकों व कर्मियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। उन्होंने चिकित्सकों द्वारा की जा रही ओपीडी व आईपीडी की जानकारी ली और कहा कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेंगे। वहीं सदर अस्पताल में ओपीडी एरिया, लेबर रूम और नर्सिंग एरिया को मॉडलीकरण करने को कहा गया। उपायुक्त ने चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों को ड्यूटी देने का निर्देश उपाधीक्षक को दिया और कहा की ड्यूटी के दौरान चिकित्सक अपने अपने आवंटित ओपीडी में ही रहे, इसका ख्याल रखेंगे।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने क्वालिटी सटिफिकेट, आयुष्मान किट, आयुष्मान कार्ड, लैब व मेडिसिन की उपलब्धता, जिला स्तरीय पोर्टल पर डाटा का संधारण समेत कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, सीएस डॉ. अनिल कुमार, एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीएस डॉ. मनोज कुमार, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी आयुष्मान भारत सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### उत्पाद विभाग ने घर में छापामारी अभियान चलाकर 30 पेटी शराब किया जप्त

**चतरा।** हंटरगंज के केदली गांव में उत्पाद विभाग के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में छापामारी अभियान चलाकर 30 पेटी शराब जप्त किया गया है। केदली गांव के धीरू साव के घर में उत्पाद विभाग के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान घर के विभिन्न जगहों पर छुपा कर रखें 30 पेटी शराब जप्त किया गया। जप्त सभी शराब इंपीरियल ब्लू ब्रांड का है। मालूम होगी दशहरा पर्व को लेकर तस्करी के लिए शराब को घर में छुपा कर रखा गया था। सभी जप्त शराब पंजाब राज्य उत्पादन विभाग का है। शराब जप्त करने के बाद घर से शराब तस्कर और घर मालिक धीरू साव को भी उत्पाद विभाग के पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। छापामारी अभियान उत्पाद विभाग के एसआई आशीष पांडे के नेतृत्व में किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया है।

### जंगल में काट कर जमा किये गये लकड़ी को वन विभाग ने किया जप्त

**चतरा।** हंटरगंज में वन विभाग के द्वारा सोमवार को बिंदियाही के सागासोत जंगल में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जंगल में हरी लड़कियां काटकर जमा किए गए भारी मात्रा में लकड़ी जप्त किया गया। लोगो के द्वारा कई जगहों पर करीब दो ट्रैक्टर लकड़ी काट कर छोड़ दिया गया था। लकड़ी को ढोने की तैयारी किया जा रहा था। लेकिन इसकी सूचना वन विभाग को मिल गया। जिसके बाद छापामारी दल गठित कर गांव में छापामारी अभियान चलाकर सभी लकड़ी को जप्त कर लिया गया। जप्त लकड़ी को वन विभाग परिसर ले आया गया है। ग्रामीणों से रेंजर सूर्य भूषण गुप्त सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग जंगल में हरे लकड़ी को काटकर जलावन के लिए ले जा रहे हैं। जिसके बाद रेंजर सूर्य भूषण कुमार के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया। काटे गए सभी लकड़ी चकौंधी का है। लकड़ी को काटने वाले लोगो को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित लोगो के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज किया जाएगा। छापामारी अभियान में वनपाल पवन कुमार अमित रंजन के अलावा होमगार्ड के जवान शामिल थे।

### एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत



संबोधित करते

**गढ़वा।** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के सेमिनार हॉल में दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत एलीट ग्रुप के सचिव डॉ आशा सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दो दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत नए छात्रों को कॉलेज के वातावरण और संसाधनों से परिचित कराकर इसके माध्यम से नए सत्र का शुरूआत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापको ने छात्रों को कॉलेज के इतिहास, उसके लक्ष्य, पाठ्यक्रम कॉलेज के संसाधनों, कॉलेज के नियम, परीक्षा प्रणाली पाठ्यसहगामी क्रिया, स्कूल इंटर्नशिप, कॉलेज के अनुशासन तथा अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय के साथ एलिट बीएड कॉलेज को चुनने का आधार बताया कि एलिट पब्लिक बीएड कालेज लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने इस महाविद्यालय का चयन किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवप्रवेशित छात्रों को अपने लक्ष्य और बेहतर शिक्षक तथा सफल इंसान बनने के लिए सफल होने के गुण बताएं। मौके पर प्रो. संजीव पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**सतगावां (कोडरमा)।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर बीडीओ बैद्यनाथ उरांव व थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च प्रखंड मुख्यालय चौक से निकल कर चांदडीह, नौवाचक, रामडीह, बासोडीह बाजार, बरियारडीह होते हुए कलीडीह तक गयी। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा ध्वनि यंत्र के माध्यम से लोगों से दुर्गा पूजा त्योहार शांतिपूर्ण, भाईचारगी तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से शोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की बात कही गयी। फ्लैग मार्च में ढाब थाना प्रभारी बिनय कुमार, एसआई अशोक कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, निशाद अहमद के आलावे पुलिस बल व जैप जवान मौजूद थे।

### दहन किया गया रावण का पुतला

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में दशहरे के पावन अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों ने रावण के 15 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया। यह आयोजन छात्रों को भारतीय संस्कृति के महत्व के साथ परिपक्व नागरिक बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। छात्रों ने विद्यालय के फुटबॉल मैदान में आर्ट एवं क्राफ्ट के शिक्षक दीपक पांडेय एवं उनके क्लब के छात्रों के द्वारा बनाये गए 15 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया और कार्यक्रम का आनंद लिया। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए छात्रों को दुर्गा पूजा एवं नवरात्री की शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमें मयार्दा पुरषोत्तम भगवान राम के जीवन तथा रामायण से सीख मिलती है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलकर हमें अपने परिवार को एकता के सूत्र में बांधना चाहिए और रावण रूपी मन की बुराईयों का दहन करना चाहिए, जो हमें नष्ट कर डालती हैं।

### बर्णवाल वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया स्वागत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मोदी सेवा सदन रजगाडिया रोड में अहिवरण वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी की अध्यक्षता में मोदी बर्णवाल समाज का बैठक संपन्न हुआ। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बर्णवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में रामेश्वर मोदी, अंबिका प्रसाद, परमेश्वर मोदी, सुबोध बर्णवाल, इन्द्रजीत लाल, बलदेव मोदी, डॉ. बीएनपी बर्णवाल, सुषमा सुमन थे। जिसमें झारखंड बर्णवाल वैश्य महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष लखन लाल बर्णवाल व सभी अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर किया गया। वहीं लखन लाल बर्णवाल ने कहा कि संगठन ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है इसे मैं आप सभी के सहयोग से जरूर पूरा करूंगा।

# मां चंचालिनी धाम में पूजा व दर्शन का खास महत्व

**मुकेश बर्णवाल**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय से महज 20 किमी दूर पंचायत डगरनवा के ग्राम बंदरचौकवा स्थित घने जंगलों के बीच वादियों में स्थित मां चंचालिनी धाम लोगों के आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्रकृति की मनोरम वादियों व घने जंगलों में चंचला पहाड़ी के ऊपर मां दुर्गा का विख्यात मंदिर है। वैसे तो सालोंभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन नवरात्र के समय में यहां पूजा व दर्शन का खास महत्व माना जाता है। स्थानीय लोगों की ख्याति मां वैष्णोदेवी की तरह है। यहां कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह व नवादा समेत कई जिलों से लोग नवरात्र के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। कोडरमा गिरिडीह रोड पर चंचाल गेट से करीब सात किलोमीटर दूर चंचाल पहाड़ी की चोटी पर माता का मंदिर है। चंचला पहाड़ी लगभग 40 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग 200 वर्षों से यहां पूजा हो रही है। पुजारी देवीपुर निवासी पप्पू पंडित व नवलशाही निवासी बासुदेव पांडेय ने बताया कि यहां दूर-दराज से आनेवाले श्रद्धालु अपने कष्ट व थकान को भूलकर मां चंचालिनी के दर्शन से धन्य होते हैं, साथ ही प्रकृति की मनोरम वादियों को घंटों निहारते हैं। वहीं बताया जाता है की देवीपुर के राजा को मां चंचालिनी ने स्वप्न में आकर उक्त पहाड़ में वास कराने की बात कही थी। इसके बाद राजघराने के द्वारा माता की पूजा-अर्चना शुरू की गई। तब से यहां राजा के परिवार व स्थानीय लोगों द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है। वर्तमान में यहां श्रद्धालुओं के द्वारा दुर्गा मंडप, यज्ञ मंडप, विवाह मंडप सहित कई भवनों का निर्माण के साथ-साथ पहाड़ पर चढ़ने के लिए सीढ़ी का भी निर्माण कराया गया है। लोगों की मान्यता है कि देवी के दर्शन व पूजा से उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं मनोकामना पूर्ण होने के बाद लोगों में बकरे की बलि देने की प्रथा सदियों से चली आ रही है।

### भालू के हमले से एक घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत इंदरवा ग्राम चितरपुर के करहरिया तालाब के समीप दोपहर करीब 2:30 बजे भालू के हमले में चितरपुर निवासी 50 वर्षीय जमुना सिंह पिता भातु सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति शौच के लिए गांव के करहरिया तालाब के पास गया हुआ था, जहां अचानक भालू ने हमला बोल दिया। व्यक्ति के शोर मचाने के भालू जंगल की ओर भाग गया। वहीं भालू के हमले की सूचना पाकर इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी ग्रामीणों के सहयोग से घायल को सदर अस्पताल लेकर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### थाना प्रभारी ने दी सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने मंगलवार को बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साईबर क्राइम व डायन भूत कुप्रथा से संबंधित जानकारी दी। मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है। इसको क्षण भर के लापरवाही से आज लोग अपनी जान गंवा दे रहे है। कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहे। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऐं, कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधें, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करना चाहिए।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए टास्क फोर्स की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गई। रंका एसडीओ रामनारायण सिह, श्री बंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार समेत अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। इस दौरान डीसी ने जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण से संबंधित शिकायत प्राप्ति पर त्वरित मामले की गहन जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। डीसी ने स्टॉक यार्ड की जानकारी देते हुए बताया कि एनजीटी द्वारा 10 जून से लगाए गए बालू के खनन संबंधित रोक 15 अक्टूबर से हटा लिया गया है। चिन्हित बालू घाटों से अब बालू का उठाव किया जा सकता है। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया।

# कुलपति ने की विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते कुलपति व अन्य

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के प्रथम कुलपति प्रो. डॉ एमके सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कुलपति ने वनांचल एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के अधीन संचालित डेंटल कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वनांचल स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस एवं वनांचल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के सभी विभागाध्यक्ष के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने संबंधित विभागों के अध्यक्षों से पाठ्यक्रम के संबंध में वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। सभी विभागाध्यक्षों से संवाद के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित परिचर्चा में कुलपति ने नए पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, सभी विषयों के एपेक्स बॉडी द्वारा निर्देशित पाठ्यक्रम में संशोधन, नवाचार छात्रों के साथ पठन-पाठन में नई तकनीक का प्रयोग, शोध पत्रिकाओं का प्रकाशन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद एनएएसी के दिशा निदेर्शों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा करने के लिए अविलंब सुचारू रूप से क्रियाकलापों एवं संबंधित अभिलेखों को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्रों के अंदर पाठ्यक्रम के अलावा उनके संपूर्ण विकास एवं चारित्रिक विकास के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागाअध्यक्षों को अपने विभागों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर कुलपति को समर्पित करने का निर्देश दिया। कुलपति ने प्रशासनिक कार्यों में कार्यरत सभी शिक्षकेतर के कर्मियों के साथ भी बैठक कर उनके द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा किया। मौके पर ओएसडी डॉ आरएस जायसवाल, होम्योपैथी कॉलेज के निदेशक डॉ एनके प्रसाद, अस्पताल अधीक्षक डॉ अजीत कुमार सिन्हा, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्य डॉ सुनीता गुप्ता, डेंटल कॉलेज की उप प्राचार्या डॉ सुकन्या राजन, वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य दिव्या तिरु, विकास प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह के ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजना की खुलने लगी है पोल

# संवेदक ने घरों में लगा दिया नल, पानी को तरस रहे हैं ग्रामीण

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नल जल योजना की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इस योजना में आए दिन घोटाले और भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं। इसी बीच अब लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत चुंगरू पंचायत में उद्घाटन से पहले ही इस योजना की गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। मंगलवार को भाजयुमो के जिला मंत्री अजय प्रसाद ने ग्रामीणों की शिकायत पर चुंगरू पंचायत के कोड़वा मड़ई पहुंच नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने खबर मंत्र को बताया कि ठिकेदार द्वारा योजना में सिर्फ घोटाला किया गया है। इससे आने वाले दिनों में इस योजना के लाभ से ग्रामीण पूरी तरह वंचित रह जाएंगे। वहीं ठिकेदार तो अपना बिल लेकर फरार हो जाएगा। बताया कि योजना के तहत घरों में नल तो लगा दिया गया हैं, लेकिन नल से पानी नहीं गिर रहा है। इसका मुख्य कारण है कि बिछाए गए पाइप लाइन के हर ज्वाइंट पर पानी का रिसाव अधिक मात्रा में हो रहा है। जिससे लोगों के घरों तक पहुंचने से पहले ही पानी सड़क पर बह जा रहा है। जबकि ठिकेदार यहां से काम फाइनल करके निकल गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि कार्य की गुणवत्ता को लेकर कई बार संबधित अधिकारियों से शिकायत की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी मामले में किसी प्रकार की जांच और कारवाई नहीं की गई। जिसके कारण ठिकेदार मनमाने तरीके से कार्य संपन्न कर दूसरे इलाके में चले गए है। स्थानीय ग्रामीण जिले के वरीय अधिकारियों से उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहें है।


अत्याधिक रिसाव के कारण सड़को पर बह रहा है पानी।

**➲ पाइपलाइन के हर ज्वाइंट से हो रहा है पानी का रिसावः अजय प्रसाद**

### भुगतान पर लगेगी रोक : एई

मामले के संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पाण्डेय ने दूरभाष पर बताया कि शिकायत मिली है, जांच के लिए कर्मियों को भेजा गया हैं। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महोदय का निर्देश है कि जब तक संबधित पंचायत के मुखिया खुद इस योजना से संतुष्ट नहीं होंगे तब तक ठिकेदार के बिल का भुगतान नहीं होगा।

### क्या कहते है बीडीओ

वहीं खबर मंत्र के द्वारा मामले के संबंध में बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा मामले की जानकारी मिली है। निश्चित रूप से मामले की जांच करवाते हुए दोषी संवेदक पर कारवाई के लिए वरीय अधिकारियों से अनुशंसा की जाएगी।

### प्लस 2 व बालिका उच्च विद्यालय मे ईको क्लब गठन के लिए किया गया उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**➲ पर्यावरण, जल, ऊर्जा के संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं ने लिया शपथ**

**चंदवा।** झारखंड शिक्षा परियोजना एवं यूनिसेफ द्वारा स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ बच्चे कार्यक्रम के तहत जिले के चंदवा प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षको, छात्र-छात्राओ के साथ इको क्लब गठन को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बतौर प्रशिक्षक संजीत कुमार ने कहा कि इको क्लब का मुख्य उद्देश्य मानव के द्वारा प्रकृति दोहन से उत्पन्न जल संकट, प्रदूषण, भूमंडल के ताप में वृद्धि की विकेट समस्याओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना है। इन्होंने बताया कि एको क्लब के सदस्यों के द्वारा विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में लगाए गए पेड़-पौधों का संरक्षण विद्यालय एवं समुदाय स्तर पर पर्यावरण जल संरक्षण के लिए निरंतर काम करने की जरूरत है। इको क्लब समिति में विद्यालय के प्रभारी संरक्षक, विद्यालय के विज्ञान शिक्षक को अध्यक्ष तथा बाल संसद के पर्यावरण मंत्री को सचिव बनाया जाना है। इस मौके पर प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रभारी विजय कुमार, सुजीत कुमार, बालिका उच्च विद्यालय की प्रभारी दौरोंथिया खलखो, विज्ञान शिक्षिका शक्ति कुमारी, प्रखंड साधन सेवी अशोक कुमार, कनीय अभियंता कृष्णा कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## चंदवा में नवरात्र के तीसरे दिन विधि-विधान के साथ की गयी मां चंद्रघंटा की आराधना

### पूजा पंडालों के प्रारूप को अंतिम रूप देने में जुटे हैं कारीगर

**➲ लोगो को खूब पसंद आ रहा है दुबे जी का गोला में बन रहा चंद्रयान का प्रारूप**

**खबर मंत्र संवाददाता**

चंदवा। चंदवा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्र को लेकर वातावरण भक्तिमय हो गया है। पूजा पंडालों से आ रही वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि एवं दिन भर ध्वनि विस्तार यंत्र से बज रहे मां के भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। चंदवा के सभी पूजा मंडलों में संध्या आरती में भक्तों की भिंड भी आनी शुरू हो गयी। नवरात्र के तीसरे दिन चंदवा के सभी 22 पूजा पंडालों में मां के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि-विधान के साथ आराधना की गयी। वहीं शिव मंदिर बुध बाजार, दुबेजी का गोला, हरैया कामता, शिव मंदिर थाना टोली, पंचमुखी मंदिर, महुआमिलान स्टेशन, रक्सी, शिव मंदिर आन समेत अन्य स्थानों पर पंडालों को अंतिम रूप देने में कारीगर पूरी तन्मयता से जुटे हैं, पूजा समिति के लोग भी पंडाल के साजो-सज्जा के साथ भव्यता प्रदान करने को लेकर जोर सोर से जुटे हैं। इस वर्ष दुबे जी का गोला परिसर में बन रहा चंद्रयान प्रारूप का पंडाल लोगो के बीच आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। चंद्रयान प्रारूप में पंडाल को देखने को लेकर अभी से हीं बच्चो, युवाओं व माता-बहनों की भिंड देखी जा रही है।



#### मां उग्रतारा नगर मंदिर में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु

इधर सिद्धपीठ के रूप में विख्यात चंदवा के नगर ग्राम स्थित प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर के दरबार मे भी शारदीय नवरात्र शुरू होते हीं भक्तों की भिंड उमड़नी शुरू हो गयी है। बता दें कि मां उग्रतारा नगर मंदिर में 16 दिवसीय शारदीय पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मंदिर के सेवायत सह मुंतजिमकार पंडित गोविंद वल्लभ मिश्र ने बताया कि इसकी शुरूआत अश्विन कृष्णपक्ष नवमी तिथि को अष्टादशभुजा कलश स्थापना के शुरू होती है। जिसके बाद लगातार 16 दिनों तक विशेष विधि से यहां मां की आराधना की जाती है।

## नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार की बैठक हुई संपन्न

**खबर मंत्र संवाददाता**


मौके पर मौजूद पदाधिकारी।

**लातेहार।** निदेशक पर्यटन अंजली यादव की अध्यक्षता में पर्यटक सूचना केंद्र नेतरहाट में नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त सचिव पर्यटन विभाग मोईनुद्दीन खान ने नेतरहाट पर्यटन विकास प्राधिकार के संरचना, कार्य, अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा की इस प्राधिकार का उद्देश्य नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन स्थलों का विकास, संरक्षण, साफ-सफाई एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। बैठक में प्राधिकार के वित्तीय प्रबंधन, बजट, लेखा, अंकेक्षण इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में नेतरहाट के पर्यटनों स्थलों की साफ-सफाई एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई के कार्य के लिए 20 सफाई कर्मी एवं 2 गाड़ियों की व्यवस्था की गयी है। कचरा जमा करने के लिए भूमि चिन्हित कर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को उपलब्ध करा दी गयी है। सभी पर्यटन स्थलों में डस्टबिन रखा जाएगा। नेतरहाट में प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगा जाएगा। नेतरहाट में दोना-पत्तल, थैला इत्यादि के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके पश्चात निदेशक पर्यटन ने नेतरहाट महोत्सव के आयोजन के मद्देनजर कोयल व्यू पॉइंट एवं लेक व्यू पॉइंट का निरीक्षण किया। बैठक में उप निदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी कुमार आशीष, वन प्रमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविन्द कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़ अमरेन डांग, अंचल अधिकारी महुआडांड़ संतोष बैठा, नोडल पदाधिकारी पर्यटन लातेहार संतोष भगत उपस्थित थे।

## दुर्गापूजा में दिखेगी भक्ति के साथ देशभक्ति की झलक


पंचमुखी मंदिर के प्रांगण में मां दुर्गा की प्रतिमा का हो रहा है निर्माण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**➲ प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे है पश्चिम बंगाल के कारीगर**

**➲ पंचमुखी मंदिर में देखने को मिलती है दुर्गापूजा की असली रौनक**

**बरवाडीह।** शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो गई है। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ दिन अलग-अलग स्वरूपों को समर्पित है। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के प्रांगण में इस बार अनोखे और आकर्षक पंडाल के साथ प्रतिमा व साज-सज्जा का काम तेजी चल रहा है। यहां मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की भव्य प्रतिमाओं का निर्माण पश्चिम बंगाल से आए मूर्तिकारों द्वारा किया जा रहा है। बता दें कि पंचमुखी मंदिर की प्रतिमा हर वर्ष सबसे अद्भुत और भव्यता के लिए पूरे पलामू प्रमंडल में चर्चा का विषय रहती है। इस बार भी पूजा पंडाल में भक्ति के साथ देशभक्ति के भाव से भरी हुई प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। पूजा समिति की माने तो इस वर्ष लगभग डेढ़ लाख की लागत से प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है, जो अभी से ही श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कारीगर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। यहां पर अष्टमी, नवमी और दशमी के दिन हजारों की संख्या में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए आते है। समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा और उपाध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि मां के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन में कोई दिक्कत न हो, इसको लेकर महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग पंक्ति निर्धारित की जाएगी। श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए एक दर्जन से अधिक स्वयंसेवकों की तैनाती की जाएगी। वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूजा पंडाल के अलावा अन्य मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया हैं। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने पूजा के सफल आयोजन के लिए आम लोगों से बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की है।

### दस रुपये प्रति टन रंगदारी मांगने का आरोप, थाना में दिया आवेदन

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में 10 रुपये प्रति टन रंगदारी मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जितेंद्र तुरी पिता शिबू तुरी ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि मैं अपने जीविकोपार्जन के लिए तेतरियाखांड कोलियरी में लिफ्टिंग का कार्य करता हूं। वर्तमान में एसआर पॉवर का 1000 टन कोयला जिसका वैलिडिटी आगामी 19 अक्टूबर को है। अपनी गाड़ी को लेकर तेतरियाखांड कोलियरी में प्रवेश करने के लिए गया था। जहां बैरियर में पहले से मौजूद प्रदीप यादव एवं दीपक यादव दोनों पिता वकील यादव ग्राम नगड़ा थाना बालूमाथ निवासी द्वारा मेरे गाड़ियों को प्रवेश होने से रोक दिया गया। कहा की सब डीओ से हम लोग कमीशन के रूप में 10 प्रति टन कमीशन लेते हैं। बगैर हम लोगों को मैनेज किये गाड़ी नहीं घुसने देंगे। और धमकी भी दिया की गाड़ी लेकर भाग जाओ नहीं तो हम जान से मार देंगे। वहीं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया। कहा कि तुम हरिजन जात का है तुम यहां कैसे काम कर लेगा। जितेंद्र तुरी ने थाना में न्याय की गुहार लगाई है। सीसीएल द्वारा संचालित कोलियरी में आये दिन अवैध वसूली, ट्रकों के प्रवेश का विवाद सामने आते रहता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इस अवैध उगाही में किन-किन लोगो का हाँथ और यह पैसा कहाँ-कहाँ जाता है। वहीं इस संबंध में प्रदीप यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा की जितेंद्र तुरी के साथ मेरा कोई बातचीत नहीं है। मुझे झूठा मुकदमा में फसाने का प्रयास किया जा रहा है। जितेंद्र तुरी संजय यादव का लिफ्टर है और संजय यादव के पिता गिरधारी यादव के साथ मेरा पुराना विवाद चल रहा है। इसीलिए मुझे फंसाया जा रहा है।

### परिवहन विभाग की टीम ने देर रात चलाया वाहन जांच अभियान


जांच करते अधिकारी।

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन के निदेर्शानुसार सोमवार की देर रात्रि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार की अगुवाई में जिला सड़क सुरक्षा व चंदवा पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा सोमवार की देर रात्रि चंदवा शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 3 दर्जन वाहनों से कागजात, इंश्योरेंस, चालको के लाइसेंस समेत अन्य दस्तावेजों की जांच के साथ ब्रेथ अल्कोहल जांच भी की गई। जांच के 16 वाहनों को नियमों का उलंघन करने पकड़ा गया, जिनसे लगभग डेढ़ लाख रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। अभियान के क्रम में सड़क सुरक्षा की टीम के द्वारा लोगो को जागरूक भी किया गया। टीम ने बताया कि जांच का उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लाना व लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करना है। अभियान में सड़क सुरक्षा टीम के मो. तनवीर, राजेश कुमार समेत चंदवा पुलिस के जवान शामिल थे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के हिसरी ग्राम निवासी बिपिन कुमार सिंह (23) पिता अजय सिंह ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। बिपिन को तीन दिन पूर्व डाढ़ा गांव मे शादी करवाया गया था। शादी के महज तीन दिन के अंदर मुक्की स्थित महुआ पेंड़ मे आत्म हत्या कर अपना जीवन का लीला समाप्त कर लिया। मृतक का पहचान हिसरी ग्राम निवासी अजय कुमार सिंह के छोटा पुत्र बिपिन कुमार सिंह उम्र 24 के रुप में किया गया। घटना की सुचना मिलते ही बारियातू थाना के एसआई बिन्देश्वर महतो सदलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मृतक के पिता अजय कुमार सिंह ने थाना में आवेदन के माध्यम से बताया कि विपीन सोमवार रात्रि अपने कमरे में सोया हुआ था। मंगलवार के अहले सुबह पांच बजे मैं किसी काम को लेकर उठाने गया तो विपीन की नव बिवाहिता पत्नी ने बताया कि तीन बजे के आसपास पानी पीने कि बात कहकर रुम से बाहर गए तब से रुम में वापस नहीं लौटे। मै जब मैं विपिन को काफी खोजबीन करने लगे तब इसी बीच ग्रामीण के द्वारा जानकारी मिली की मुकी आहरा के समिप महुआ के पेड़ में फांसी पर लटका एक शव है। तब हम सभी परिवार ग्रामीणों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे तो देखा कि शव मेरा पुत्र का ही है। आगे बताया कि 14 अक्टूबर को डाढा के ग्रामीणों ने मेरे पुत्र बीपीन को बारियातू हाई स्कूल के पास बुलाकर बंधक बनाकर डाढा गांव लेते गए। कुछ ही देर बाद डाढ़ा निवासी द्वारा हिसरी निवासी सुनील सिंह के मोबाइल पर फोन कर कहा गया कि विपीन की शादी करानी है आप लोग डाढा गांव आईए। तह हम कुछ ग्रामीणों के साथ डाढा गांव पहुंचे। तब मामले कि जानकारी प्राप्त किए। तब मैं डाढा के ग्रामीणों से शादी के लिए एक माह का समय मांगा पर मेरी बात को एक भी नहीं सुनी गई। 15 अक्टूबर को मेरे पुत्र बीपीन कि शादी शिम्पी कुमारी के साथ कराकर मेरे घर हिसरी पहुंचा दिया गया। तब से मेरा पुत्र बीपीन मानसिक रूप से काफी तनाव में रह रहा था। मृतक के पिता ने डाढा, बालूमाथ, झाबर चतरा जिले के बगरा गांव के कुछ लोगों का नाम देकर थाना से निष्पक्ष जांच करने की मांग किया है। वहीं घटना के संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। एफआईआर दर्ज कर लिया गया है तत्वरित कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो की बिपिन ने फेसबुक हिस्ट्री मे वॉइस रिकॉर्ड कर बताया की चार से छः लोगों के कारण मै मर रहा हूँ। मेरा जबरन शादी करवाया गया मै पूरा होशो हवाश मे इस बात को कह रहा हूँ। हालांकि अखबार इस बात को पुष्टि नहीं करता है।अचानक इस तरह के घटना होने से परिजन सहित आसपास मे मातम पसर गया है।


फांसी पे लटका युवक।

### एक नजर में

#### उपायुक्त की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन, सुनी फरियाद


ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त।

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस दौरान बरियातु ग्राम निवासी महेश प्रसाद ने अपने पुश्तैनी जमीन जो उनके पिता ने अन्य हिस्सेदारों की सहमति के बिना अवैध तरीके से बिक्री कर दी है। उस संबंध में उपायुक्त को आवेदन देकर उक्त भूमि का म्यूटेशन रोकने की मांग किया। जनता दरबार में विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य रूप से राशन कार्ड, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

#### विद्या मंदिर के छात्रों ने बाजी मारी


छात्र-छात्राओं कों सम्मानित करते आचार्य।

**लातेहार।** विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वाधान में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2023 का आयोजन 15 व 16 अक्टूबर को 3 सी बोकारो इस्पात नगरी में संपन्न हुआ। जिसमें झारखंड प्रांत के सभी विद्यालय से सफल हुए छात्र-छात्राओ इस स्टेट लेवल प्रतियोगिता के अन्य विषयों जैसे वैदिक गणित, कंप्यूटर, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, संस्कृत बोध, पत्र वाचन में भाग लिया। सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के 31 छात्र-छात्राओं विभिन्न विषयों में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में केवल शामिल ही नहीं हुए बल्कि प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय में इन सभी छात्र-छात्राओं को वंदना स्थल पर सहभागिता पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने बताया की प्रतियोगिताएं हमें अनुशासन, धैर्य, संयम व आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। जो हमें सफलता की मार्ग को प्रशस्त करती है।

#### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया गया आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** नेहरू युवा केंद्र संगठन लातेहार के तत्वाधान मे बरियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत आदर्श मध्य विद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अनीता देवी विशिष्ट अतिथि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, सहायक अध्यापिका मालती कुमारी, आईसीटी शिक्षक सानू कुमार, एनवाईकेएस के एमटीएस मनीष गौतम, प्रखंड युवा स्वयंसेवक बबीता कुमारी, जय बजरंग युवा क्लब के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने बताया की यह कार्यक्रम का शुरूआत 9 अगस्त 2023 को भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहीदों को सम्मान देना और श्रद्धांजलि अर्पित करना है। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने अमृत कलश में बारी-बारी से मिट्टी डालकर वीरों को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन युवा जागृति क्लब गाड़ी के अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलवाकर कार्यक्रम का समापन किया।

#### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च


फ्लैग मार्च निकालती पुलिस।

**बालूमाथ।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बालूमाथ में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से प्रारंभ होकर बालूमाथ बस स्टैंड, छठ तालाब पांकी मोड होते हुए शहीद चौक पहुंचा और फिर वापस बालूमाथ थाना परिसर पहुंच कर समाप्त हुआ। मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव, धीरज कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने कहा की बालूमाथ पुलिस-प्रशासन दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए कटीबद्ध है। किसी भी अप्रिय घटना निपटने के लिए पुलिस प्रशासन तैयार है पर्व को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है किसी भी प्रकार के भ्रामक पोस्ट डालने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। त्यौहार में खलल डालने वाले पर भी पुलिस की विशेष नजर है। वही अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा अगर अराजक तत्व बालूमाथ का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें फ्लैग मार्च से संदेश दिया जाता है कि वह बालूमाथ के अमन और भाईचारगी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश ना करें उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई केके शर्मा, दुति कृष्ण महतो सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

#### कंचन नगरी में वन विभाग कर्मी के घर चोरी


जांच करती पुलिस।

**चंदवा।** चंदवा शहर से सटे कंचन नगरी रिहायसी इलाके में स्थित वन विभाग के कर्मी दुलारचंद बैठ के घर में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। दूलारचंद बैठा अपने सास के निधन के बाद सपरिवार दशकर्म में शामिल होने खूंटी गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घर के पीछे लगी खिड़की के ग्रिल को उखाड़कर घर मे रखे सोना का मंगलसूत्र, अंगूठी, 2 चैन समेत सोना चांदी के कई जेवरात व लगभग 15 हजार रुपये नकद की चोरी कर चोर रफूचक्कर हो गए। भुक्तभोगी दुलारचंद बैठा को घटना की भनक मंगलवार की सुबह तब हुई जब अपने ससुराल से वापस लौटे व घर का दरवाजा खोला तो घर का सारा सामान बिखरा मिला, घर के अंदर जाने के बाद देखा कि पीछे का खिड़की खुला था हुआ व ग्रिल भी नही था साथ ही घर के सभी कमरों के अलमीरा खुला व समान बिखरा हुआ मिला, इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना इंस्पेक्टर बबलू कुमार को दी। सूचना के बाद पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार चंदवा पुलिस की टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे व घटना स्थल का मुआयना करते हुए भुक्तभोगी से घटना की पूरी जानकारी लेकर अनुसंधान में जुट गए। भुक्तभोगी के पड़ोसी मनोज कुमार ने बताया कि सोमवार रात्रि लगभग 10 :30 बजे तक सबकुछ ठीक था, उसके बाद देर रात्रि ही घटना को अंजाम दिया गया है।

#### ट्रेक्टर पलटने से तीन मजदूर घायल



**बेतला।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी अमडीहा मार्ग के ग्राम कंचनपुर स्थित मांडर के पास मंगलवार को एक ट्रेक्टर के पलटने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए है। ट्रेक्टर काफी तेज और असंतुलित गति से केचकी से अमडीहा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मांडर के पास अचानक उक्त ट्रेक्टर के पलट जाने से उस पर सवार तीन मजदूर ललन भुइयां, और वनारसी राम दोनों ग्राम मगरा तथा सुनील भुइया ग्राम रंका (गढ़वा) तीनो गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।बाद में आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस के द्वारा बरवाडीह सीएचसी भेज दिया गया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद मच भेज दिया गया है, इधर दुर्घटना की सूचना पाकर बरवाडीह पुलिस दुर्घटना स्थल पहुचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## स्पीड न्यूज

### चोरों ने बैंक का तोड़ा ताला

**नौडीहा बजार पलामू।** थाना के नौडीहा बजार बंनाचल ग्रामीण बैंक में चोर ने ताला तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया। बताया जाता है कि सुबह बैंक के अनुसेवक मनीष कुमार ने जब बजार में समान खरीदने के लिए आया था तो देखा कि बैंक के मेन गेट के खुला ताला पाया। इसके बाद शाखा प्रबंधक को सुचना दी। बैंक के शाखा प्रबंधक अतूल कुमार ने तत्काल इसकी सुचना थाना प्रभारी को दिया। उसके बाद शाखा प्रबंधक और थाना प्रभारी ने बैंक शाखा जाकर देखा तो ताला मैन गेट और गिरील के ताला तोडा हुआ था। वहीं चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में कायम नहीं हो सके। वहीं चोर कागजात से भी छेड़छाड़ किया। थाना प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच किया जा रहा है। जल्द ही इसके खुलासा किया जायेगा।

### प्रखंड प्रमुख ने की नये बीडीओ से मुलाकात



**पाटन पलामू।** पाटन के प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने पाटन के नये बीडीओ सह सीओ दीपक कुमार मिश्रा को मुलाकात कर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। मौके पर पाल्हे मुखिया लीलावती देवी, सगुना मुखिया प्रतिनिधि रंजीत सिंह, कोर्डिनेटर चितरांगद कुमार, जेपीएस कामेश्वर मेहता, सेमरी पंचायत प्रतिनिधि संतोष कुमार, सतौआ पंचायत समिति प्रतिनिधि तुफानी राम उपस्थित थे। पाटन प्रमुख ने नये बीडीओ से क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। साथ ही सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। नये बीडीओ ने कहा कि सरकारी नियमानुसार कार्य किया जायेगा। साथ ही क्षेत्र की समस्या का समाधान करना प्राथमिकता होगी।

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ एसकेएमयू के अधिकारियों ने की बैठक

**दुमका।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली एवं एमएचआरडी, रांची के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक ऑनलाइन मोड में रखा गया था। बैठक में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की ओर से डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा, ओएसडी परीक्षा डॉ इंद्रनील मंडल एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार ने भाग लिया। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

### डालसा के तत्वावधान में निकाली गयी कानून जागरूकता रैली




**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के प्रांगण से डालसा के द्वारा विविध कानूनी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली ग्राम डाला कलां के पंचायत भवन होते हुये बिभिन चौक तक निकाला गया। विद्यालय के बच्चो के द्वरा बेटा बेटी का समान अधिकार, बेटी बचाव बेटी पढ़ाव, बाल मजदूर बन्द करो, बाल विवाह बन्द करो, संबिधान को पालन करो बचो को निःशुल्क शिक्षा दो, आदि नारे लगा रहे थे। मौके पर डालसा के श्रीकांत तिवारी, बिद्यालय के शिक्षक सूचित कुमार, मनीष राज पांडेय, राजकुमार सिंह, शुशील कुमार सिंह, अम्बिका महतो आदि शामिल थे।

### इस वर्ष ग्रीन जोन में विसर्जित होगी मां दुर्गा की प्रतिमा




**मेदिनीनगर।** दुर्गा पूजा पंडालो में स्थापित मूर्तियों के विसर्जन हेतु अब दिशा निदेर्शों को विकसित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। इसके मद्देनजर इस वर्ष एनजीटी एवं झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पलामू जिला अंतर्गत से सभी दुर्गा पूजा समितियों के सहयोग से सभी मूर्तियों का विसर्जन तालाब, नदी आदि में न करके कृत्रिम जल कुंड यानी ग्रीन जोन में विसर्जन करने हेतु प्रेरित करेंगे एवं वांछित सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त के आलोक में जिला प्रशासन पलामू द्वारा ऐसे निकायों का पालन करने वाले पर्यावरण सरंक्षण में सहयोग करने वाले पूजा समिति जिला स्तर पर आयोजन होने वाले आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। आस्था से स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25000 रुपए और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

# आज पटना आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी**



▶▶ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पटना दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक 100 से अधिक पुलिसकर्मी और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार, 18 अक्टूबर को बिहार आ रही है। राष्ट्रपति बुधवार को राजधानी पटना के बापू सभागार में चौथे कृषि रोडमैप का लोकार्णण करेंगी। लोकार्पण की तैयारी पूरी हो गयी है। इस बीच राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राजधानी की सुरक्षा सख्त कर दी गई है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक 100 से अधिक पुलिसकर्मी और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। बताया गया है कि 4 डीएसपी, 2 आईपीएस अधिकारी, 15 इंस्पेक्टर, 25 दरोगा और 35 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 18 अक्टूबर को बापू सभागार में चतुर्थ कृषि रोड मैप का लोकार्पण करेंगी। इसी दिन वे तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब भी जाएंगी और वहां मत्था टेकेंगी। 19 अक्टूबर को राष्ट्रपति मोतिहारी केन्द्रीय विश्वविद्यालय जाएंगी और वहां दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इसी दिन शाम में वे एम्स के कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। अगले दिन 20 अक्टूबर को वे गया केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। वहीं से देर शाम दिल्ली वापस लौट जाएंगी। इस बीच मंगलवार को कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बापू सभागार में कल 12 बजे से लोकार्पण समारोह शुरू होगा। राष्ट्रपति पटना एयरपोर्ट से सीधे समारोह स्थल पर पहुंचेंगी। एक घंटे के समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अलावा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। रोडमैप में शामिल सभी 12 विभाग के मंत्री आमंत्रित किये गए हैं। 1800 किसान, पशुपालक और 700 जीविका दीदी शामिल होंगी। मंगलवार को रिहर्सल किया गया। समारोह स्थल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इस अवसर पर बापू सभागार को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। कृषि की विकास यात्रा भी पोस्टर के जरिये दशार्या गया है।

## नीतीश कुमार को दूसरा गांधी बताने पर बरसे बीजेपी नेता नीरज कुमार

▶▶ **कहा- पहले बेहतर मुख्यमंत्री तो बन जाएं**

**एजेंसी**



जेडीयू की ओर से नीतीश कुमार को दूसरा गांधी बताए जाने को लेकर पूर्व मंत्री व बीजेपी विधायक नीरज कुमार बबलू ने बिहार के मुख्यमंत्री पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पहले वो बेहतर मुख्यमंत्री हो जाएं। वहीं जेडीयू पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जेडीयू की हालत बद से बदतर स्थिति में हैं। जेडीयू में जो लोग बचे हुए हैं सिर्फ चाटुकारिता करने में लगे हुए हैं कि कहीं कुछ हमको मिल जाए, क्योंकि जेडीयू टूट के कगार पर है। सहरसा में अपने आवास पर पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान नीरज कुमार ने ये बातें कहीं।

पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में विकास का काम होना चाहिए, वो चौपट हो गया है। नीतीश कुमार सिर्फ षड्यंत्र करने में लगे हुए हैं। जाति को तोड़ने में लगे हैं, पार्टी को तोड़ने में लगे हैं। अब उनको प्रधानमंत्री से नफरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि नीतीश बाबू बहुत अच्छे हैं, लेकिन नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के लिए नरेंद्र मोदी की टांग खींचने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी दूसरे की टांग खींचना गांधी का काम नहीं था। गांधी देश को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। कोई कुर्सी की लालच नहीं थी।

नीरज कुमार ने नीतीश कुमार को कुर्सी कुमार करार देते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी लालच कुर्सी की है। कुर्सी कुमार और गांधी में धरती-आसमान का फर्क है। गांधी तो कभी हो ही नहीं सकते, एक बेहतर मुख्यमंत्री हो जाएं, यही बिहार के लिए बेहतर बात होगी।

## शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा दोबारा गिरफ्तार

**एजेंसी**



बिहार के पूर्व दिवंगत सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब समेत दो लोगों को राजस्थान के कोटा के कोर्ट परिसर से मंगलवार को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जान से मारने की धमकी और रंगदारी मामले में ओसामा शहाब पर सीवान और मोतिहारी में आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के बाद से ओसामा शहाब फरार चल रहा था। इससे पहले सोमवार को कोटा पुलिस ने ओसामा के साथ दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। ओसामा की गिरफ्तारी शांति भंग करने के आरोप में की गयी थी। ओसामा बिहार नंबर की गाड़ी से दो साथियों के साथ वहां गया था। इस संबंध में रामगंज मंडी एसएचओ मनोज कुमार बेरवाल ने बताया कि रात भर उन्हें आम मुलजिमों की तरह हवालात में रखा और सुबह कोर्ट में पेश किया। इनमें से दो व्यक्ति ओसामा और सैफ के खिलाफ बिहार में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया खुर्द में जमीन संबंधी विवाद के मामले में पूर्व सांसद स्व. मो. शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा समेत चार लोगों का नाम प्राथमिकी में सामने आया था। ओसामा के अलावा मो. सैफ उर्फ सलमान, जीबी नगर थाना क्षेत्र के भरतपुरा निवासी अविनाश व सकरा निवासी रितिक सिंह को नामजद व पचास से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पीड़ित नगर थाना क्षेत्र के बनिया टोली अभिषेक कुमार व डॉ. रंजीत कुमार ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी।

### डालसा ने प्रभात फेरी निकाल एवं प्रदर्शनी लगा चलाया जागरुकता अभियान

**दुमका।** 100 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के निदेर्शानुसार शहर के लाल बहादुर शास्त्री स्मारक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारा लीगल वॉलिंटियर्स के सहयोग से प्रभातफेरी निकाल मंगलवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान झालसा के तत्वाधान में चलाया गया। प्रभातफेरी बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी आदि को लेकर निकाला गया। साथ ही व्यवहार न्यायालय परिसर के न्याय सदन में एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित कलाकृतियों से लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी तथा बाल अधिकार के बारे में जागरूक किया गया। मौके पर सभी न्यायिक दंडाधिकारी, अधिवक्ता मौजूद थे। इस बावत प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए इस प्रकार के और जागरूकता अभियान को चलाया जाएगा। अभियान चला समाज के हर वर्ग के लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## ठाकुर गंगटी प्रखंड मुख्यालय में झामुमो आंदोलन कारी संघ की बैठक में सुविधाओं की मांग पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** ठाकुर गांगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट मंगलवार को प्रखंड प्रभारी दसमत हांसदा की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांव के झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के वास्तविक आंदोलनकारी का नाम फाईनल सूची में दर्ज होने संबंधी जानकारी दी गई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता शंकर पोद्दार ने सभी आंदोलनकारी सदस्यों से कहा कि जिस प्रकार धीरे-धीरे प्रखंड क्षेत्र के मूल आंदोलनकारी का नाम फाइनल सूची में धीरे-धीरे शामिल किया जा रहा है। इस प्रकार पेंशन, भत्ता, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, चिकित्सा सुविधा, यात्रा भत्ता, सुरक्षा व्यवस्था आदि मिलने की उम्मीद जगती जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी चन्हीतिकारण आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरांव, सदस्य नरसिंह मुर्मू, भुवनेश्वर महतो की बेहतर कृपा से काफी बारीकी से सही आंदोलनकारी को बारी-बारी से चिन्हित किया जा रहा है। और फाइनल सूची में अंकित कराया जा रहा है। वहीं झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का भी प्रमुख आशीर्वाद रहा है। जो कि आज आंदोलनकारी को अपना हक मिलने की उम्मीद जगती जा रही है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार से लड़कर झारखंड राज्य अलग कराया। उसी प्रकार लड़कर निश्चित रूप से पेंशन, भत्ता, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, चिकित्सा सुविधा, यात्रा भत्ता, सुरक्षा व्यवस्था आदि लेकर दम लेंगे चाहे जितना मेहनत करनी पड़े। चाहे आंदोलन क्यों न करना पड़े।लेकिन हर परिस्थिति में सभी सुविधा लागू करा कर ही दम लेंगे।

## सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत

दुमका। जिले के जामा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसे में मंगलवार को महिला समेत दो की मौत हो गई। पहली घटना थाना क्षेत्र के जामा-जामताड़ा मुख्यमार्ग पर मध्य विद्यालय, जामा के समीप घटी। जहां बाइक सवार ने पैदल जा रही एक महिला पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। साथ ही बाइक सवार भी गिरकर घायल हो गया। घायलों को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद परिजनों ने घायल महिला को देवघर अस्पताल ले गया। जहां अनिता देवी (35) की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल बाइक चालक उमेश यादव का इलाज फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। घायल महिला जामा थाना क्षेत्र के ही जरपुरा गांव की रहनेवाली है। जबकि घायल बाइक चालक का ससुराल जरपुरा बताया जा रहा है। जो जरपुरा में घरजमाई के रूप में रह रहा है। उसका अपना घर सारठ थाना क्षेत्र के ढोडोडूमर गांव का रहनेवाला है।दूसरी घटना दुमका भागलपुर मुख्यमार्ग पर लकड़ापहाड़ी पेट्रोल पंप के पास घटी। जहां अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी है। जानकारी के अनुसार मृतक सौरभ दास (40) नोनीहाट के तरफ से दुमका के तरफ जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। मृतक मसलिया थाना क्षेत्र के केनघटा गांव का रहनेवाला बताया जाता है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चे को छोड़ गया है। वह एकमात्र भाई था उसके माता पिता की भी मौत पहले हो चुकी है।

### दुष्कर्म के मामले में किशोर दोषी करार

**दुमका।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी किशोर को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने मंगलवार को दोषी करार देते हुए सजा सुनाया। न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी बिजय कुमार यादव की बोर्ड ने भादवी की धारा 376 एवं पाक्सो एक्ट 4 के तहत दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाया। मामले में सात गवाहों की गवाही गुजरी। सरकार का पक्ष रख रहे खुशुबुद्दीन अली ने बताया कि बोर्ड ने जिले के रामगढ थाना क्षेत्र में शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के आरोप में बोर्ड ने दोषी किशोर को दो साल की सजा मुकर्रर की है।

### जिले में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया

## अवैध खनन, भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को बख्शा नहीं जायेगा : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह से अंकुश लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से, गोड्डा उपायुक्त द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से निरीक्षण एवं छापेमारी करने का निर्देश दिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी श्री मेघलाल टुडू ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर लगातार अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। दिनांक 16.10.2023 को रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा जेसी विनीता केरकेट्टा, जिला खनन पदाधिकारी, गोड्डा मेघलाल टुडू, जिला कल्याण पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा अविनाश कुमार के द्वारा पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। उक्त छापेमारी अभियान के दौरान हंसडीहा एवं बौसी मार्ग में 3 हाईवा ओवरलोड स्टोन चिप लदे जप्त किया गया, साथ ही साथ छापेमारी के क्रम में पोड़ैयाहाट थाना अंतर्गत शिवनगर बालू घाट से दो ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू की उठाव को लेकर जप्त किया गया। इसी प्रकार महागामा, अनुमंडल में अनुमंडल पदाधिकारी माहगामा सौरभ कुमार भुवानियां एवं उनके टीम के द्वारा महागामा नया नगर मार्ग में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान नया नगर में एक ट्रक को जप्त किया गया। विदित हो कि उपायुक्त के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

## एक नजर में

### पत्थर लोडिंग की राशि मांगने पर मारकर किया घायल

**पाकुड़।** पत्थर लोडिंग की राशि मांगने पर मंगलवार को 11 लोगो द्वारा टोंगीपहाड़ निवासी राजकुमार यादव को मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए हिरणपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इसको लेकर घायल व्यक्ति ने थाना में लिखित शिकायत किया है। घायल व्यक्ति ने कहा कि दिन के 11 बजे मैं भंडारों स्थित क्रशर के मुंशी मोहन यादव से लोडिंग का राशि मांगने गया तो मुंशी ने टोंगीपहाड़ निवासी कोकिल यादव को फोन से राशि मांगने की जानकारी दिया। तब कोकिल ने कहा की हम आने पर ही राशि देना। कुछ देर बाद कोकिल यादव, अनिल यादव, मकुन यादव, मनोज यादव, सीताराम यादव, संजय यादव, श्रवण यादव, हीरालाल यादव, राधेश्याम यादव, रमेश यादव व बलराम यादव ने मिलकर मुझे व पत्नी गीता देवी से अश्लील हरकत करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच लाठी व रॉड से मारकर मुझे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने आये गांव के जाम प्रसाद उर्फ गुड्डू के साथ भी मारपीट किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि अभी तुरन्त घायल व्यक्ति के शिकायत पत्र मिला है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक थाना में मामला दर्ज नही हुई थी।

### बीडीओ ने क्षेत्र के विभिन्न दुर्गापूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी व सीआई आभाष चंद्र साह ने मंगलवार को क्षेत्र में बन रहे दुगार्पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने अमडापाड़ा.बाजार, बासमती, डुमरचीर के पूजा पंडाल पहुंचे। वहीं पदाधिकारियों ने पूजा कमेटी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने हेतु कमेटी अपने वोलेंटियर रखें। ताकि भक्तों को किसी भी प्रकार का परेशानी नहीं हो। प्रवेश एवं निकासी के लिए महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग लाईन। आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था हेतु जनरेटर की व्यवस्था। निगरानी हेतु पंडाल में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था। लोगों के निगरानी हेतु ड्रोन कि व्यवस्था मंदिर के अगल-बगल जगहों में बालू की बाल्टी, पानी आदि का व्यवस्था रखें। साथ ही उन्होंने पूजा कमेटी से भी उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत, बासमती सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अमूल्य मंडल, डुमरचीर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष टिंकू प्रसाद भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसडीओ ने की पूजा कमेटियों के साथ बैठक दिया आवश्यक निर्देश

**हिरणपुर (पाकुड़)।** दुर्गा पूजा को लेकर मंगलवार को हिरणपुर थाना प्रांगण में सभी पूजा कमिटी सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पण्डित व एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी, थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में हिरणपुर बाजार के चार दुर्गा पूजा समिति सहित डांगापाड़ा के दो, गोपालपुर, तोड़ाई, जामबाद के पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक में एसडीओ ने सभी पूजा कमिटी सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि पूजा पंडालों में भड़काव गाना नही बजाना है।

## पेज 1 का शेष

### भव्य आयोजन हमारी सरकार...

मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, गृह सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव वित्त अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, खेल विभाग के सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, डीआईजी अनूप बिरथरे, आईपीआरडी निदेशक राजीव लोचन बक्शी, खेल निदेशक सुशांत गौरव, डीसी राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोला नाथ सिंह सहित राज्य सरकार एवं हॉकी इंडिया के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वहीदा रहमान को दादा साहेब...

बेस्ट डायरेक्शन-निखिल महाजन मराठी फिल्म गोदावरी। बेस्ट सपोर्टिंग- एक्ट्रेस-पल्लवी जोशी (द कश्मीर फाइल्स)। बेस्ट सपोर्टिंग-एक्टर-पंकज त्रिपाठी (मिमी)। बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन- डीएसपी (पुष्पा और आरआरआर)। नरगिस दत्त अवॉर्ड राष्ट्रीय एकता सर्वश्रेष्ठ फिल्म- द कश्मीर फाइल्स। बेस्ट कॉस्टयूम डिजाइनर- सरदार उधम सिंह। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन- सरदार उधम सिंह। बेस्ट एडिटिंग- गंगूबाई काठियावाड़ी। बेस्ट कोरियोग्राफी- आर आर आर। बेस्ट सिनेमामोटोग्राफी- सरदार उधम सिंह। बेस्ट मेल सिंगर- काल भैरव। बेस्ट फीमेल सिंगर-श्रेया घोषाल।

### समलैंगिक शादी को...

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालत ने न्यायिक समीक्षा और शक्तियों के पृथक्करण के मुद्दे से निपटा है। सीजेआई ने अपने आदेश में कहा कि केंद्र सरकार समलैंगिक संघों में व्यक्तियों के अधिकारों और हकों को तय करने के लिए एक समिति का गठन करेगी। यह समिति समलैंगिक जोड़ों को राशन कार्डों में 'परिवार' के रूप में शामिल करने, समलैंगिक जोड़ों को संयुक्त बैंक खातों के लिए नामांकन करने में सक्षम बनाने, पेंशन से मिलने वाले अधिकारों ग्रेच्युटी आदि पर विचार करेगी। समिति की रिपोर्ट को केंद्र सरकार के स्तर पर देखा जायेगा।

### अपने भक्तों को मनोवांछित...

जवा, कमल और नीले फूल से प्रसन्न होती हैं मां तारा : धार्मिक ग्रंथों में करूणामयी तथा कल्याणमयी तारा मां के आठ रूपों की चर्चा है, जो उग्र तारा, नील सरस्वती, एकजटा भवानी, महोग्रा, कामेश्वरी, चामुण्डा, वज्र और भद्रकाली आदि नामों से भी जानी जाती हैं। मां तारा जवा कमल और नीले फूल से प्रसन्न हो जातीं हैं। **मां तारापीठ मंदिर की ये है कथा :** इन शक्तिपीठों में से पांच शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित हैं। ये बकुरेश्वर, नालहाटी, बन्दीकेश्वरी, फुलोरा देवी और तारापीठ के नाम से विख्यात है। इनमें तारापीठ सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल और सिद्धपीठ माना जाता हैं। पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिला में रामपुरहाट से 8 किलोमीटर की दूरी पर द्वारका नदी के तट पर मां तारा का प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थित है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस महातीर्थ में माता सती के दाहिनी आंख की पुतली का तारा गिरा था। इसलिए इस धार्मिक स्थल को नयन तारा भी कहा जाता है। इसी के कारण इनका नाम भी तारापीठ पड़ा। **अष्टमी के दिन तीन बार होती है आरती :** शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व में श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां माता के दर्शनों के लिए आते हैं। नवरात्रि में अष्टमी के दिन यहां मां तारा की तीन बार आरती होती है, जबकि पूरे साल दो बार आरती की जाती है। विजया दशमी के दो दिन बाद त्रयोदशी के दिन मां तारा को गर्भ गृह से बाहर मंदिर परिसर में लाकर उनकी पूजा की जाती हैं। इस मंदिर को लेकर यह भी मान्यता है कि मां तारा की आराधना से लोगों को हर बीमारी से मुक्ति मिलती है। **तंत्र साधना का बड़ा केंद्र है तारापीठ :** तारापीठ तंत्र साधना का बड़ा केंद्र भी माना जाता है। यही वजह है कि नवरात्रि के नौ दिनों में यहां साधु-संत पहुंचते हैं। तारापीठ धाम के श्मशान को काफी जागृत माना जाता है। महाश्मशान में वामाखेपा एवं उनके शिष्य ताराखेपा की साधनाभूमि है। इन्हीं दोनों की साधनाभूमि होने की वजह से तारापीठ को सिद्धपीठ माना गया है।

# 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजेगा भारत

## प्रधानमंत्री ने गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, वैज्ञानिकों को दिया नया लक्ष्य

एजेंसी

- 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की होगी स्थापना
- शुक्र और मंगल ग्रह के लिए मिशन शुरू करेगा भारत



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से कहा कि वे 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने और 2040 तक पहले भारतीय को चंद्रमा पर भेजने का लक्ष्य रखें। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मोदी ने गगनयान मिशन की तैयारियों और 21 अक्टूबर को निर्धारित अंतरिक्ष यात्री बचाव प्रणाली परीक्षण यान की पहली प्रदर्शन उड़ान की समीक्षा संबंधी बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। बैठक में मिशन की तैयारी की समीक्षा की गई और 2025 में इसके प्रक्षेपण की पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के भविष्य की रूपरेखा तैयार की और वैज्ञानिकों से शुक्र ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर सहित विभिन्न अंतरग्रहीय मिशन की दिशा में काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने हालिया चंद्रयान-3 व आदित्य एल1 मिशन सहित भारतीय अंतरिक्ष पहल की सफलता के मद्देनजर निर्देश दिया कि भारत को अब 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने और 2040 तक चंद्रमा पर पहले भारतीय को भेजने सहित नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। इस सोच को साकार करने के लिए अंतरिक्ष विभाग चंद्र अन्वेषण के लिए एक खाका तैयार करेगा।इसमें चंद्रयानकी एक श्रृंखला, अगली पीढ़ी के एक प्रक्षेपण यान का विकास, एक नए लॉन्च पैड का निर्माण, मानव-केंद्रित प्रयोगशालाओं और संबंधित टेक्नोलॉजी की स्थापना शामिल होगी। अंतरिक्ष विभाग ने गगनयान मिशन का एक समग्र अवलोकन पेश किया, जिसमें ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल और प्रणाली दक्षता जैसी अब तक विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया गया। ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल के तीन मानव रहित मिशन सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने भारत की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त किया और अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयां छूने को लेकर देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# इजराइल के एयर स्ट्राइक में हमास का सबसे टॉप कमांडर अबू मारा गया

एजेंसी

**दक्षिणी गाजा के इलाकों में भी की बमबारी, कई लोगों की मौत**



**तेल अवीव।** मध्य गाजा पट्टी में एक इजराइली हवाई हमले में हमास का शीर्ष कमांडर मारा गया। अबू मोहम्मद के नाम से पहचाना जाने वाला नोफेल मंगलवार को इजराइली हमलों में मारा गया, जिसमें मध्य गाजा पट्टी में बुरेजी शिविर को निशाना बनाया गया। उधर, इजराइल ने दक्षिणी गाजा के इलाकों में बमबारी की, जहां इसने फलस्तीनियों को अपने संभावित आक्रमण से पहले क्षेत्र खाली करने को कहा था। हमले में कई लोग मारे गए हैं। इस बीच, मध्यस्थों को क्षेत्र में परेशान लाखों नागरिकों को राहत सहायता मुहैया करने के लिए गतिरोध तोड़ने में संघर्ष करना पड़ रहा है। हमास चरमपंथियों के हमले के बाद से क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई है और यह इजराइली बमबारी का सामना कर रहा है। लेबनान से लगी इजराइल की सीमा पर हिंसा बढ़ने से क्षेत्रीय टकराव का दायरा बढ़ने की चिंताएं पैदा हो गई हैं और राजनयिक इसे रोकने की जद्दोजहद कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गाजा के दक्षिणी शहर राफा और खान यूनिस में हवाई हमलों में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया। हमास के एक शीर्ष अधिकारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बसमी नईम ने बताया कि राफा में 27 तथा खान यूनिस में 30 लोग मारे गये हैं। करीब 50 शवों को खान यूनिस में नसीर हॉस्पिटल लाया गया। खून से सनी चादरों में लिपटे शवों को लेने के लिए परिवार के सदस्य वहां आये हुए थे। देइर अल बला में एक हवाई हमले ने एक मकान को मलबे में तब्दील कर दिया। उसमें रह रहे एक परिवार के नौ सदस्य मारे गए। गाजा सिटी से बचा कर लाये गए एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों को इसके पड़ोस में स्थित एक घर में रखा गया था, वे भी इस हमले में मारे गए। मृतकों में एक पुरुष और 11 महिलाएं तथा बच्चे शामिल हैं।इजराइली सेना ने कहा कि वह हमास के ठिकानों, बुनियादी ढांचों और कमान केंद्रों को निशाना बना रही है। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेच ने कहा कि जब हम एक लक्ष्य देखते हैं, जब हम किसी चीज को हरकत करते देखते हैं तो उसे हमास समझते हैं। हम इससे निपटेंगे। इजराइल ने अपने दक्षिणी हिस्से में सात अक्टूबर को हुए हमले में 1,400 से अधिक लोगों के मारे जाने के बाद से हमास शासित गाजा की घेराबंदी की और बमबारी की है।

**अब तक 2,778 मरे और 9,700 घायल :** स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजराइली हमले में कम से कम 2,778 लोग मारे गये हैं और 9,700 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, मृतकों में दो-तिहाई बच्चे हैं। अधिकारियों ने बताया कि गाजा में और 1,200 लोग मलबे में दफन हो गए। आपात सेवा दलों को लोगों को बचाने में मशक्कत करनी पड़ रही है क्योंकि ईंधन की कमी हो गई है ।

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने इंफाल ईस्ट, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों में विभिन्न अभियानों के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इंफाल ईस्ट जिले से बरामद हथियारों में आठ आग्नेयास्त्र, 62 गोला-बारूद, 18 विस्फोटक, एक देसी बम लांचर, एक स्मोक ग्रेनेड के अलावा दो वायरलेस सेट और पांच बुलेट प्रूफ जैकेट शामिल हैं।

चुराचांदपुर जिले के ओल्ड डंपी गांव से, सुरक्षा बलों ने एक 9 एमएम की पिस्तौल, रॉकेट से चलने वाला ग्रेनेड, एक देसी आईईडी और दो आग्नेयास्त्र बरामद किए हैं।

पुलिस ने बताया कि रविवार को उग्रवादी संगठन यूनाइटेड ट्राइबल लिबरेशन आर्मी (यूटीएलए) के स्वयंभू कमांडर-इन-चीफ लैमटिनसेई सिंगसन को तामेंगलांग जिले के फैतोल गांव से गिरफ्तार कर 124 ग्राम ह्यब्राउन शुगरह्ल बरामद की गई थी। 50 वर्षीय उग्रवादी नेता को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जिरीबाम पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया।

## हेमा मालिनी की बर्थडे पार्टी में रेखा ने किया शानदार डांस



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी ने हाल ही में अपना 75वां जन्मदिन मनाया। हेमा मालिनी के जन्मदिन पर एक खास पार्टी में रेखा, जया बच्चन, धर्मेंद्र, विद्या बालन, जीतेंद्र, जैकी श्रॉफ जैसे कई बॉलीवुड कलाकार शामिल हुए। इस पार्टी की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। वीडियो में रेखा हेमा मालिनी के मशहूर गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस गाने पर रेखा के साथ हेमा मालिनी भी थिरकती नजर आ रही हैं। 70 के दशक में हेमा मालिनी और रेखा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। बर्थडे पार्टी का आयोजन हेमा मालिनी की बेटियों ईशा और अहाना ने किया था। इस पार्टी में हेमा मालिनी के पति धर्मेंद्र भी मौजूद थे। बर्थडे पार्टी में रेखा ने क्रीम कलर की हैवी सीक्वेंस वर्क की साड़ी में पहनी हुई थीं। रेखा जैसे ही पार्टी में आईं तो उनके लुक को देखकर पैपराजी और सभी की नजरें उन्हीं पर थम गईं। साड़ी में रेखा हमेशा की तरह शालीन और सदाबहार लग रही थीं।

## अक्षरा सिंह का गाना हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना यूट्यूब पर रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना रिलीज हो गया है। हमरा बहिनिया के बुलाई दा ना गाना टी- सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अक्षरा सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा हर किसी के जिन्दगी में हर्षोल्लास लेकर आती है। मां की पूजा तो हम पूरी श्रद्धा के साथ करते ही हैं, साथ में लोग छुट्टियाँ भी खूब मनाते हैं, ऐसे में कई प्लानिंग होती हैं। हमारा यह गाना उसी को प्रदर्शित करने वाला है और इसमें माता की महिमा का भी बखान अलग तरीके से किया गया है।

# चारधाम तीर्थयात्रियों की संख्या पहली बार 50 लाख के पार

एजेंसी



**देहरादून।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित चारधामों के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या पहली बार 50 लाख के पार हो गयी है ।पुलिस ने बताया कि विश्वप्रसिद्ध चारधाम-बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के दर्शन के लिए देश-विदेश से रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं और इस यात्रा सीजन में अब तक 50 लाख तीर्थयात्री यहां पहुंच चुके हैं । आंकड़ों के अनुसार, 16 अक्टूबर तक चारधाम के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख के पार पहुंच गयी है। इसके साथ ही लगभग 5.41 लाख वाहन भी चारधाम पहुंचे हैं। अप्रैल-मई में यात्रा आरंभ होने के बाद केदारनाथ धाम में लगभग 17.08 लाख, बदरीनाथ धाम में 15.90 लाख, गंगोत्री में 8.46 लाख, यमुनोत्री में 6.94लाख यात्री दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं । इसके अलावा, हेमकुंड साहिब में भी 1.77 लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किये जा चुके हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं । पिछले साल रिकॉर्ड 47 लाख श्रद्धालु चारधाम की यात्रा के लिए पहुंचे थे । पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने सुरक्षित व निर्बाध चारधाम यात्रा के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य पुलिस द्वारा प्रत्येक स्तर पर तीर्थयात्रियों की हर संभव सहायता की जा रही है।

## तमिलनाडु में दो पटाखा फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के रंगापलयम और किचन्याकानपट्टी में दो अलग-अलग पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस, दमकल एवं बचाव सेवा कर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने और पीड़ितों को बचाने की कोशिश की। उन्होंने बताया, शिवकाशी की पटाखा फैक्टरी में अचानक हुए धमाके के बाद घटनास्थल से सात जले हुए शव मिले हैं।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस को आशंका है कि मरने वाले लोग मजदूर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से जख्मी हालत में निकाले गए तीन अन्य लोगों की भी बाद मौत हो गई। दूसरी घटना किचन्याकानपट्टी गांव में हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# हथियार डीलर संजय भंडारी की संपत्ति जब्त

एजेंसी

**दक्षिण दिल्ली में महंगी संपत्ति पर इडी ने किया कब्जा**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन में रह रहे कथित बिचौलिए और हथियार डीलर संजय भंडारी के खिलाफ चल रहे धन शोधन मामले की जांच के तहत मंगलवार को उनके खिलाफ बेदखली के आदेश जारी किए और दक्षिण दिल्ली की उनकी एक महंगी संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया। यह संपत्ति पंचशील पार्क में पंचशील शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित है और एस बी हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है। ईडी के अनुसार, यह संपत्ति भंडारी की है और जून 2017 में एजेंसी ने इसे कुर्क कर लिया था और आखिरकार पांच जुलाई को धन शोधन निवारण अधिनियम के अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा आदेश की पुष्टि की गई। संपत्ति को ईडी ने पीएमएलए की धारा (8) की उपधारा (4) के तहत अपने कब्जे में लिया है। भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया था और विदेश में कथित अघोषित संपत्ति रखने से जुड़े धन शोधन मामले में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार ने ईडी और सीबीआइ के कानूनी अनुरोध पर कार्रवाई करते हुए इस साल जनवरी में भंडारी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी, जो विदेश में कथित अघोषित संपत्ति रखने के लिए भंडारी के खिलाफ धन शोधन और कर चोरी के आरोपों की जांच कर रहे हैं।

# जातिगत जनगणना, ओबीसी आरक्षण और 25 लाख का बीमा

एजेंसी

**मप्र विस चुनाव में कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र 101 मुख्य गारंटी का वादा**



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें जाति जनगणना, ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और प्रदेश के सभी लोगों के लिए 25 लाख रुपये का चिकित्सा बीमा सहित अन्य रियायतें देने की घोषणा की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ ने 106 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया जिसमें 59 वादों और 101 मुख्य गारंटी का जिक्र है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 17 नवंबर के चुनाव में कांग्रेस के सत्ता में आने पर 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा और मध्य प्रदेश की एक आईपीएल क्रिकेट टीम बनवाई जाएगी। कमलनाथ ने कहा कि राज्य में खुशहाली लाने के लिए पार्टी ह्यखुशहाली मिशनह्ल शुरू करेगी और पार्टी का नया नारा है, कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी। कांग्रेस ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की सहायता देने, दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ करने, उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली और आधी दर पर 200 यूनिट बिजली देने, किसानों को सिंचाई के लिए पांच एचपी मोटर के लिए मुफ्त बिजली देने, किसानों का लंबित बिजली बिल माफ करने और बिजली और कृषि आंदोलन से संबंधित झूठे मामले वापस लेने का भी वादा किया। कमलनाथ ने कहा कि हम सभी लोगों के लिए 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेंगे, जिसमें 10 लाख रुपये का दुर्घटना कवर भी होगा। उन्होंने ने सरकारी नौकरियों और योजनाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का भी वादा किया। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने न्यूनतम 2,600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं और 2,500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की भी घोषणा की और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसानों को उनकी लागत मिले। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का भी वादा किया और बहु-दिव्यांगजनों के लिए 2,000 रुपये पेंशन की भी घोषणा की।कांग्रेस पढ़ो-पढ़ाओ योजना भी शुरू करेगी जिसके तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूलों के बच्चों को 500 रुपये प्रति माह, नौवीं और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 1,000 रुपये प्रति माह और 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 1,500 प्रतिमाह दिए जायेंगे।

## शेयर बाजार में गिरावट पर विराम, सेंसेक्स 261 अंक चढ़ा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 261 अंक से अधिक की तेजी आई। सेंसेक्स 261.16 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,428.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 392.89 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 79.75 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,811.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, भारती एयरटेल, नेस्ले, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। एचडीएफसी बैंक का वित्तीय परिणाम जारी होने के बाद उसका शेयर करीब एक प्रतिशत मजबूत हुआ।

## स्पीड न्यूज

### सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने सिसोदिया की दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर उनके वकील अभिषेक सिंघवी तथा सीबीआई और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### पाक में दो आतंकी ढेर, दो सैनिक मरे

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैनिकों और आतंकवादियों के बीच हुईं दो भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दो सैनिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान की सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, ह्यह्यमुठभेड़ सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी और दक्षिणी वजीरिस्तान जिलों में हुई, जिसमें दो सैनिक भी मारे गए।

### राजस्थान : मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में सोमवार देर रात पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर मारा गया। पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ के बाद गुजरात में पंजीकरण नंबर वाली एक एसयूवी से मादक पदार्थ डोडा बरामद किया गया जिसकी तस्करी की जा रही थी। घटना खिंवाड़ा थाना क्षेत्र की है।

### पंजाब : कांग्रेस के पूर्व विधायक जीरा गिरफ्तार

**फिरोजपुर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक कुलबीर सिंह जीरा को कुछ दिन पहले एक अधिकारी को उसके कर्तव्य पालन में बाधा डालने के आरोप में, मंगलवार को सुबह फिरोजपुर जिले में उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जीरा को तड़के करीब साढ़े चार बजे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने उनके आवास पर पेश किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जीरा को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए।

### मेरठ में विस्फोट से चार लोगों की मौत

**मेरठ (उप्र)।** मेरठ में मंगलवार को सुबह लोहिया नगर इलाके में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, विस्फोट में पांच लोग घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों की मौत हो गयी।उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती पांच लोगों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। शेष घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिलाधिकारी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित?यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल के चार सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंडा द्वारा समर्थित और अमेरिका से गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया द्वारा संचालित एक आतंकी मॉड्यूल के चार गुर्गों की गिरफ्तारी के साथ जानेमाने लोगों की लक्षित हत्या की आशंका को टाल दिया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि आरोपियों की पहचान बटाला के विक्रमजीत सिंह अमृतसर के लद्दढ़ गांव के बावा सिंह और अमृतसर निवासियों गुरकृपाल सिंह उर्फ गगन रंधावा तथा अमानत गिल के रूप में की गयी है।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX ZOOM CASIO PAiSTe Fender MAPEX Gibson ESP DigiTech Pluto KORG M-AUDIO Ibanez SoundX Zildjian Roland Studiomaster Hertz Epiphone GRANADA Cort Behringer Givson Sennheiser stranger TAMA AERON
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# अंत:शुद्धि का महापर्व है नवरात्रि

रमेश सर्राफ धमोरा

**नवरात्रि** हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दशार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनों के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी मां के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोत्तम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्हीं में से एक है नवरात्रि।



नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री।

वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ बच्चियों की पूजा होती है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं। शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाई जा रही है। आदिशक्ति के हर रूप की नौ दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

# निराला के राम युद्ध में भयाक्रांत भी दिखे, द्रवित भी

एनके मुरलीधर

**रामाख्यानो** में राम को चाहे विष्णु के अवतार के रूप मे प्रतिष्ठित किया गया हो या उन्हें सामान्य मानव दशार्या गया हो, दोनों ही स्थितियों में राम रावण युद्ध के दौरान उन्हें कदाचित पराभव की सम्भावना से कहीं भी उद्विग्न नहीं दशार्या गया है। मानस में तो राम इतने आश्वस्त है कि वे सुग्रीव से कह उठते है।

जग मंहि सखा निसाचर जेते क
लछिमन हतहिं निमिष मह तेते

ऐसा दुर्धर्ष अनुज यदि साथ है तो बड़े भाई को क्या फिक्र कजब रावण का सिर कटने पर फिर उनका अभ्युदय होने लगा तब राम चिंतित तो हुए पर भयाक्रांत नहीं हुये कलक्ष्मण को जब शक्ति लगी तब राम चिंतित भी हुए और शोकाकुल भी हुए पर भय की भावना उनके मन में कभी नहीं आयी कराम की यही अप्रतिहत मानसिक स्थिति और उनका संकल्प कान्त मुख सदैव उनकी विलक्षण सेना के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है ककिन्तु ह्यराम की शक्ति पूजा में महाप्राण सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ने राम को तो लक्ष्मण राम के पीछे हैं कहनुमान कर-पद प्रक्षालन हेतु जल लेकर उपस्थित हैं। सेना को विश्राम का आदेश दे दिया गया है कनिराला जी यहाँ फिर प्रतीकों का सहारा लेते है और आसन्न पराजय-संकट का एक डरावना चित्र उभरता है।

है अमा निशा, उगलता गगन घन-अंधकार
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवनझ्चार
इतना ही नहीं
सागर अप्रतिहत गर्जन कर रहा है

कमशाले संशय की भांति लपलपा रही है कराम स्वयं हैरान है कि जो हृदय अयुत लक्ष सेना के सामने भी न थका न दमित हुआ वह क्यों भावी युद्ध के प्रति असमर्थ भाव लेकर असहाय सा खड़ा हो गया है

स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर-फिर संशय
रह-रह उठता जग जीवन में रावण जय-भय
जो नहीं हुआ है आज तक हृदय रिपुदम्य-श्रांत
असमर्थ मानता मन उद्दत हो हार-हार !
सभा अभी आरम्भ नहीं हुयी रावण खल-खल
भावित नयनो से सजल गिरे दो मुक्ता दल

राम की इस भाव मुद्रा में उनके चरणों का अवलोकन पवनपुत्र हनुमान कर रहे है और उसी में अस्ति-नास्ति की संभावनाओ की परिकल्पना करते हुए अपने आराध्य के नाम का अजपा जाप कर रहे है क तभी अश्रु की बूंदे राम के चरणों में आ गिरी क हनुमान को प्रथमतः लगा कि यह दृग जल न होकर आकाश के चमकते तारे हैं और ये चरण राम के नहीं श्यामा अर्थात काली माता के है, जिनमे दो तारे या कौस्तुभ मणियां चमक रही है क फिर शीघ्र ही उन्हें सत्य का बोध हुआ कि यह तो स्वामी के दृग-जल है कइस विचार के दृढ होते ही हनुमत-शक्ति जाग्रत होने लगी कपवनपुत्र को अपने पिता का संबल मिला क उनके उच्छ्वास से निकला वाष्प मेघ बन कर आकाश में छा गया क उन्चासो मरुत के वेग से समुद्र में शत-शत आवृत्त सक्रिय हो उठे कगगनचुम्बी तरंगे टूटने लगी क स्थिति यहाँ तक पहुँची कि



पराजय के भय से शंकित और आक्रांत दशार्या ही उनकी सेना के बड़े-बड़े वीर भी उतने ही घबराये और चिंतित दिखते हैं कसायं युद्ध समाप्त होने पर जहाँ राक्षसों की सेना में उत्साह व्याप्त है वही भालु-वानर की सेना में खिन्नता है कवे ऐसे मंद और थके-हारे चल रहे हैं मानो बौद्ध स्थविर ध्यान-स्थल की ओर प्रवृत्त हों

लौटे युग-दल ! राक्षस-पद-तल पृथ्वी टलमल
विंध महोल्लास से बार झबार आकाश विकल क
वानर वाहिनी खिन्न,लख-निज-पति-चरण-चिह्न
चल रही शिविर की ओर स्थविर-दल ज्यों बिभिन्न

निराला ने राम को उनकी परंपरागत दिव्यता के महाकाश से उतार कर एक साधारण मानव के धरातल पर खड़ा कर दिया है, जो थकता भी है, टूटता भी है और जिसके मन में जय एवं पराजय का भीषण द्वन्द भी चलता है कवानरी सेना की जो दशा है वह तो है ही स्वयं राम की स्थिति दयनीय है कवे एक ऐसे विशाल पर्वत की भांति है जिनपर छितराए हुए केश जाल के रूप में रात्रि का सघन अंधकार छाया हुआ है और प्रतीक योजना से यह अंधकार उस पराजय-संकट को भी रूपायित करता है जो राम के हृदय में किसी प्रचंड झंझावात की भांति उमड़ रहा है और तारक रूपी आशा की किरणें वहां से बहुत दूर नीले आकाश से आ रही है कनिदर्शन निम्न प्रकार है।

श्लथ धनु-गुण है, कटि-बंध त्रस्त-तूणीर-धरण

दृढ जटा-मुकुट हो विपर्यस्त प्रतिलट से खुल
फैला पृष्ठ पर, बाहुओं पर, वक्ष पर विपुल
उतरा ज्यों दुर्गम पर्वत पर नैशान्धकार
चमकती दूर ताराएँ त्यों हो कहीं पार !

**संकट** की ऐसी घडियो में प्रायशः आगामी रणनीति पर चर्चा हेतु सभाएं की जाती हैं । राम श्वेत शिला पर आरूढ़ हैं । सुग्रीव, विभीषण, जाम्बवान, नल झनील, गवाक्ष सभी उपस्थित हैं क कअचानक राम के हृदय में सीता की स्मृति कौंधती ह। जब पराजय का सकट हो तो उसकी याद आना स्वाभाविक है जिसके निमित्त युद्ध लड़ा जा रहा है, क्योंकि युद्ध के परिणाम का सर्वाधिक प्रभाव तो उसी पर पड़ना है क पर यदि आलंबन प्रेयसि है और प्रेम प्रथम-दृष्टि-मिलन से प्रोद्भूत हुआ है तो प्रथमतः उस क्षण की याद आना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है क निराला इस स्वाभाविक मानव वृत्ति को नही भूलते।

नयनों का- नयनों से गोपन-प्रिय सम्भाषण
पलकों का नव पलकों पर प्रथमोत्थान पतन
कांपते हुए किसलय झझरते पराग समुदय गाते खग नव-जीवन-परिचय तरु मलय-वलय
ज्योतिः प्रपात स्वर्गीय,-ज्ञात छवि प्रथम स्वीय-
जानकी-नयन-कमनीय प्रथम कम्पन-तुरीय

लेकिन कवि-प्रयोजन इतने मात्र से सिद्ध नहीं होता । सीता स्मृति के बहाने राम उन गौरवशाली क्षणों की भी याद करते हैं, जब-जब जय ने उनका वरण किया था । आसन्न पराजय के संकट से उबरने के लिये और नवीन आत्म विश्वास अर्जित करने हेतु काव्य में इस प्रसंग की योजना अपरिहार्य थी। किन्तु राम का आत्म-विश्वास वापस नहीं आता । उसका एक प्रमुख कारण भी है । आज के युद्ध में उन्होंने कुछ विलक्षण दर्शन किया है, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ क इस युद्ध में साक्षात रण देवी रावण के पक्ष में खडी होकर राम के अस्त्रों को निष्फल कर रही है और यह रावण के उन्मुक्त अट्टहास का पर्याय बनता जा रहा है।

राम की आंखो से जल की दो बूंदे टपक पड़ी
फिर देखी भीमा-मूर्ति आज रण देवी जो
आच्छादित किये हुए सम्मुख समग्र नभ को
ज्योतिर्मय अस्त्र सकल बुझ-बुझ कर हुए क्षीण
पा महानिलय उस तन में क्षण में हुए लीन
फिर सुना- हंस रहा अट्टहास साक्षात शंकर भगवान स्वरुप ग्यारहवे रूद्र का आक्रोश महाकाश तक जा पहुंचा और महारुद्र का प्रलयंकारी अट्टहास गूंजने लगा क

शत पूर्णावर्त, तरंग झभंग, उठते पहाड़
जल-राशि राशि-जल पर चढ़ता खाता पछाड़,
तोड़ता बंध-प्रतिसन्ध धरा हो स्फीत-वक्ष
दिग्विजय-अर्थ प्रतिपल समर्थ बढ़ता समक्ष,

शत-वायु-वेग-बल, डूबा अतल में देश-भाव,
जल-राशि विपुल मथ मिला अनिल में महाराव
वज्रांग तेजघन बना पवन को, महाकाश
पहुंचा, एकादश रूद्र क्षुब्ध कर अट्टहास क

इस आंदोलित महारुद्र शक्ति के प्रतिपक्ष में रावण की महिमा थी कवह शक्ति अंधकार और रात के सामान काली कलिका माँ की थी क इसके साथ ही उधर रावण-दश-स्कंध पूजित शिव-शक्ति भी थी । हनुमान समस्त महाकाश को लीलने हेतु उद्दत हुये कभगवान शंकर समझ गए कि अब सृष्टि विनाश तय है क उन्होंने तुरंत कलिका माँ को हनुमान की वास्तविकता से अवगत कराया और अपनी शक्ति का संवरण करने का अनुरोध किया कसाथ ही यह भी चेतावनी दी कि शक्ति का संवरण न करने पर देवी की पराजय निश्चित है।

इस स्थल पर निराला की उत्कट काव्य प्रतिभा के दर्शन होते है कदेवी शक्ति का संवरण करे यह तो महाशक्ति के लिए पराजय ही नहीं लज्जा की भी बात थी कफिर इन महाशक्तियो का टकराव कैसे रुके। शंकर ने मध्यस्थता की पर यह निदान नहीं था कयहाँ पर निराला जी की मौलिक उद्भावना भास्वर होती है कअचानक हनुमान के समक्ष माता अंजना प्रकट होती है कयहाँ मनोविज्ञान यह है कि पुत्र कितने भी क्रोध में क्यों न हो पर वह माँ की बात का सहसा उल्लंघन नही कर सकता ।

# अपनी शक्ति-सामर्थ्य पहचानने का पर्व

डॉ. मोनिका शर्मा

**शक्ति** को साधने का उत्सव है नवरात्र का पर्व। अपनी समस्त ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करने का कि शक्तिस्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। शक्ति जो मन जीवन को सही दिशा में गतिमान रखे और सोच जो हर हाल में सकारात्मकता लिए हो। जीवन से हर पड़ाव पर ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव आवश्यक भी है। साथ ही शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। इसीलिए उपासना के ये नौ दिन परंपरा के निर्वहन के तो गहरे अर्थ लिए हैं, मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का अवसर भी हैं। जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार और हर बुराई का प्रतिकार करने का सन्देश देते हैं। महिलाओं के जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना हर स्त्री को उसके सामर्थ्य की पहचान करवाती है।

**सामर्थ्य की पहचान**

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिये अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय करवाने का माध्यम बनता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती है। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा का उपार्जित कर सकती है। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। नौ दिनों का पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास हो।



**सजगता का सम्बल**

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृशक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिम्ब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे-पहलू पर सजगता और जागरूकता अहम है। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षा, जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने को नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही तो सुरक्षा-सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं, ज़िंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। गृहिणी हों या कामकाजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है।

**साथ-सहयोग का परिवेश**

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर न केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक-दूजे का सम्बल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें।

स्त्री जो जीवन देती है। मां के रूप में अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक देती है। वो स्वयं को कभी कम न आंके। वहीं इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने जो उसे प्रकृति ने दिया है।

# सनातन के संवाहक योगी, चुनाव में जीत के वाहक

मृत्युंजय दीक्षित

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्वकर्ता, समाज, सनातन धर्म और अखंड भारत संवाहक और चुनाव में जीत के वाहक (सारथी) बन गए हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा खोल दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। इसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। ठीक इसके उलट कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है।

सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ़ रही है । योगी आदित्यनाथ आर्य समाज के कार्यक्रम में कह चुके हैं कि दयानंद सरस्वती जी ने घरवापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाए। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किए थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाए । उनकी इस बात से सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गए हैं। गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं।

तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आएगा। इसके बाद मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट जरूर सामने आई पर उन्हें कोई उत्तर नहीं सूझा। अभी तक योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्ष के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? उनके इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस



लेने वाली बात पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है।

मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी -2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाए, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हो वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं। कुछ दिन पूर्व रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में सनातन के जयकारे के साथ सभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा, केवल सनातन ही विश्व में शांति और सुरक्षा की गारंटी है ।

स्वाभाविक है विरोधी दल इन खरे बयानों से सकते में हैं । कुछ न सूझने पर वे योगी के भगवा धारण करने पर ही अनाप-शनाप बयानबाजी कर अपनी विकृत मानसिकता को उजागर कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले पश्चिम बंगाल से कुछ हिंदू नागरिक लखनऊ आए थे और उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान कहा कि आप ही हिंदू समाज व उनकी बेटियों की रक्षा कर सकते हैं। अब तो चुनाव प्रचार के लिए भी अब कई राज्यों में उनकी डिमांड है।

ऐसा माना जा रहा है कि जहां- जहां योगी की रैलियां होती हैं, वहां पर भाजपा की विजय के आसार बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने योगी आदित्यनाथ की बड़ी रैलियां आयोजित करवाने का निर्णय लिया है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)